राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़







11 चौके-छक्कें लगाते नजर... | राज्यसभा पर कलह,... 12



वर्ष : 11 | अंक : 273 | पटना, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 20°C
न्यूनतम तापमान 16°C

**बाजार**

सोना 63,385
चांदी 74,600
सेंसेक्स 71,822
निफ्टी 21,840

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री से की मुलाकात

दुबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना से मुलाकात की। दुबई में आयोजित विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के मौके पर दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों और प्राचीन भौगोलिक संबंधों को याद किया। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की और संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की। श्री मोदी ने भारत-मेडागास्कर साझीदारी को और मजबूत करने और विजन सागर - क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक साथी विकासशील देश के रूप में, भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा।

### पुलवामा के शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा : पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को बुधवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुलवामा में शहीद हुए बहादुर जवानों को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से सीआरपीएफ की बस को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद हुए विस्फोट में बल के 40 जवान शहीद हो गए थे। यह बस जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा थी। इसके जवाब में भारतीय वायु सेना ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाते हुए एक हवाई हमला किया था।

## रास चुनाव : राजग के तीन और कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने किया नामांकन

# संजय झा, भीम सिंह, धर्मशीला गुप्ता व अखिलेश सिंह ने भरा पर्चा





प्रात : किरण

पटना। बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को चार उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया जिनमें से तीन एनडीए गठबंधन और एक कांग्रेस का उम्मीदवार शामिल है। जनता दल यूनाइटेड के संजय कुमार झा और भारतीय जनता पार्टी के भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा सहित राज्य के शीर्ष राजग नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इधर, कांग्रेस के प्रत्याशी अखिलेश प्रसाद सिंह ने भी नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करते समय सिंह के साथ बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, राजद और भाकपा माले के विधायकों सहित महागठबंधन के घटक दलों के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। बिहार से राज्यसभा की छह सीटों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जिसमें जदयू और राजद की दो-दो तथा भाजपा और कांग्रेस की एक-एक सीट शामिल है। जिन सांसदों का मौजूदा कार्यकाल समाप्त होगा, उनमें जदयू के वशिष्ठ नारायण सिंह और अनिल हेगड़े भाजपा के सुशील कुमार मोदी राजद के मनोज कुमार झा और अशफाक करीम और कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल हैं। कांग्रेस की बिहार इकाई के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, उम्मीदवार बनाए जाने की आधिकारिक घोषणा किए जाने के कुछ मिनटों के भीतर विधानसभा सचिवालय पहुंचे और अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सिंह के बारे में माना जा रहा था कि उन्हें पार्टी दूसरा कार्यकाल देगी। राज्यसभा के इस द्विवार्षिक चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है।

**कांग्रेस ने अजय माकन सहित छह लोगों को दिया टिकट :** नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन और वरिष्ठ नेता रेणुका चौधरी सहित छह लोगों को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नेताओं की उम्मीदवारी को संस्तुति दी है। श्री वेणुगोपाल ने बताया की पार्टी ने सर्वश्री माकन, सैयद नासिर हुसैन तथा जीसी चंद्रशेखर को कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने मध्य प्रदेश से श्री अशोक सिंह तथा तेलंगाना से श्रीमती रेणुका चौधरी और श्री एम अनिल कुमार यादव को राज्यसभा का टिकट दिया है।

### राजद ने मनोज झा और संजय यादव को बनाया उम्मीदवार, आज करेंगे नामांकन



पटना राष्ट्रीय जनता दल ने राज्यसभा उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा और संजय यादव को उम्मीदवार बनाया है। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन व एजाज अहमद ने दी। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निदेशार्नुसार एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारोपरांत राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनता दल की ओर से राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा एवं संजय कुमार यादव को राज्यसभा का प्रत्याशी घोषित किया। प्रोफेसर मनोज कुमार झा एवं संजय यादव को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता श्री शक्ति सिंह यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद कामरान, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव सहित राजद के अन्य नेताओं ने बधाई देते हुए कहा कि इससे पार्टी को राज्यसभा में मजबूती मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने माँ शारदे की पूजा अर्चना की

## राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पूर्व राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एके सिन्हा के आईएएस कॉलोनी स्थित आवास पर आयोजित सरस्वती पूजा समारोह में भाग लिया तथा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विषेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पाक ने सीमा पर संघर्ष विराम समझौतें का किया उल्लंघन

प्रात : किरण

जम्मू/एजेंसी। पाकिस्तान रेंजर्स ने बुधवार को यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर अकारण गोलीबारी कर संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, मकवाल में सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने सीमा पार से गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। यह गोलीबारी शाम 5.50 बजे शुरू होकर 20 मिनट से अधिक समय तक जारी रही। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ कोई हताहत या क्षति नहीं हुई। पिछले साल, 8-9 नवंबर की मध्यरात्रि को सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में पाकिस्तान रेंजर्स की गोलीबारी में बीएसएफ के एक जवान की मौत हो गई थी। 25 फरवरी, 2021 को दोनों देशों के बीच नए सिरे से संघर्षविराम पर सहमति बनने के बाद से मौत का यह पहला मामला था। इससे पहले 26 अक्टूबर को जम्मू के अरनिया सेक्टर में सीमा पार से गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान और एक महिला घायल हो गई थी, जबकि 17 अक्टूबर को इसी तरह की घटना में एक अन्य बीएसएफ जवान घायल हो गया था।

## मैट्रिक की परीक्षा आज से, लड़के से अधिक लड़कियां हैं परीक्षार्थी

- लेट होने पर सेंटर में प्रवेश की नहीं मिलेगी अनुमति

प्रात : किरण

पटना। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा गुरुवार यानी आज से शुरू होगी। कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सारी तैयारियां की जा रही हैं। इस साल मैट्रिक की परीक्षा में 16 लाख 94 हजार से अधिक परीक्षार्थी भाग लेंगे, जिनके लिए प्रदेश भर में 1585 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों में आठ लाख 22 हजार से अधिक छात्र और आठ लाख 72 हजार छात्राएं शामिल हैं। इस साल लड़कों से अधिक लड़कियां इस परीक्षा में शामिल होंगी। लड़कों की तुलना में इस बार 49,609 लड़कियां अधिक है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर के मुताबिक, परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले तक सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन परिसर में प्रवेश कर लेना है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12:45 बजे तक होगी और दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक ली जाएगी। परीक्षा समिति ने परीक्षार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक्स घड़ी, स्मार्ट वॉच, मैगनेटिक वॉच पहनकर परीक्षा भवन में प्रवेश वर्जित कर दिया है। यह परीक्षा 23 फरवरी तक संचालित होगी। वहीं, समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों की तुलना में अधिक छात्राओं का परीक्षा फॉर्म उनके शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा भरा गया है, जो यह दशार्ता है कि राज्य सरकार की बालिका उत्थान के लिए प्रभावी विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के फलस्वरूप बड़ी संख्या में छात्राएं विद्यालयों में पढ़ रही है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित किया जायेगा। स्टूडेंट्स जूता-मोजा पहन कर एग्जाम में शामिल नहीं हो सकते हैं। प्रथम पाली में शामिल होने वाले परीक्षार्थी पूरी परीक्षा के दौरान प्रथम पाली की परीक्षा में शामिल होंगे। तथा द्वितीय पाली में शामिल होने वाले परीक्षार्थी पूरी परीक्षा के दौरान द्वितीय पाली में शामिल होंगे। उधर, आनंद किशोर ने बताया कि प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सेंटर पर प्रवेश कर लेना होगा। 9:30 बजे सुबह की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को नौ बजे तक सेंटर पर प्रवेश कर लेना होगा।

### बोर्ड परीक्षा के लिए घरों से जल्दी निकलें छात्र : सीबीएसई

नई दिल्ली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने आज से शुरू होने वाली दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं से पहले छात्रों के लिए परामर्श जारी कर उन्हें यातायात संबंधी समस्याओं को देखते हुए परीक्षा के लिए घरों से जल्दी निकलने के लिए कहा है। बोर्ड ने बुधवार को जारी परामर्श में कहा है कि परीक्षा सुबह साढे दस बजे शुरू होगी इसलिए छात्र सुबह दस बजे या उससे पहले परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच जायें। दिल्ली में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 877 केन्द्र बनाये गये हैं। परामर्श में कहा गया है कि दिल्ली में मौजूदा स्थिति के कारण यातायात संबंधी समस्या हो सकती है जिससे छात्रों को परीक्षा केन्द्र पहुंचने में देर हो सकती है। इसलिए छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने घरों से जल्दी निकलें। केवल उन्हीं छात्रों को प्रवेश की अनुमति होगी जो सुबह दस बजे परीक्षा केन्द्र पहुंच जायेंगे। छात्रों को दिल्ली मेट्रो में सफर करने की भी सलाह दी गयी है। स्कूलों से भी अनुरोध किया गया है कि वे अभिभावकों और छात्रों का इस संबंध में मार्गदर्शन करें।






**संबोधन** | **पीएम ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को किया संबोधित**

# भारत की बढ़ती सक्रियता से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को लाभ होगा: मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा, मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा, समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा, एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। हमने समयसीमा से पहले इस संबंध में अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पार कर लिया है। उन्होंने कहा, बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और मिशन लाइफ जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### भक्ति के बजाए फिल्मी गीतों पर झूमें छात्र



पटना सिटी (प्राकि)। बसंत पंचमी पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों और छात्रावासों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी भगवती सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद संस्थान के छात्र और छात्रों के द्वारा भक्ति गीतों पर नहीं, बल्कि हिन्दी व भोजपुरी फिल्मी गीतों पर जमकर डांस किया गया। वह भी भगवती सरस्वती की प्रतिमा के समझ ही। दरअसल भगवती की पूजा आराधना विद्या, बुद्धि, गीत और संगीत प्रदान करने के लिए की जाती है। पूजा के आयोजन स्थल पर धार्मिक गीत बजाए जाते हैं, मगर जब तक पूजा चल रहा था और प्रसाद का वितरण हो रहा था, माहौल भक्ति में था। मगर इसके बाद सभी भक्ति भाव को भूल कर मस्तीयाना मूड में आ गए और हिन्दी व भोजपुरी गीतों पर जमकर डांस किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने किया उद्घाटन




फतुहा। बुधवार को गोविंदपुर स्थित मैरेज हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने फीता काट कर उद्घाटन किया। द ग्लैक्सी कोचिंग सेंटर सह द ग्लैक्सी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल द्वारा सरस्वती पूजा के शुभ अवसर वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर टुनटुन यादव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। स्कूल के प्रोपराइटर रवि सर ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने तालियां बजाकर सराहना किया। मौके पर समाजसेवी सुधीर यादव, संजीत यादव, स्कूल के प्राचार्य अभिषेक कुमार, उपप्राचार्य अंकित कुमार, शिक्षिकाएं सरिता कुमारी, जयंती देवी, नेहा कुमारी, नीतू कुमारी एवं शिक्षकों में रामनिवास सर, अजय सर, आकाश सर, ऋषभ सर, सतीश सर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### भाकपा-माले ने किया राज्यव्यापी विरोध दिवस



फतुहा। बुधवार को राज्यव्यापी विरोध दिवस को लेकर भाकपा-माले के कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय से चौराहा, स्टेशन रोड होते वापस महारानी चौक तक पैदल मार्च किया। इस संबंध में भाकपा-माले प्रखण्ड सचिव फतुहा का. शैलेन्द्र यादव ने कहा कि आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा आज अगिआंव से माले विधायक का. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को मिली आजीवन कारावास की सजा को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। जेल व दमन के जरिए दलितों-गरीबों की आवाज दबाई नहीं जा सकती। हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। जिसमें पंकज यादव, सुदामा रविदास, सत्येंद्र दास, विष्णु कुमार, जयराम दास, रामप्रवेश दास, जितेंद्र पासवान, उमिया देवी, कारी देवी, राधा देवी, सुशीला देवी, सोना देवी अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

### 91 लीटर विदेशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने ट्रेन से शराब की खेप को उतार कर ले जा रही महिला को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि सुबह में एक महिला बोरा में विदेशी शराब का बोतल और फ्रूटी पैक विदेशी शराब के साथ जा रही थी। इस दौरान शक होने पर पुलिस ने रोका और साथ में रहे बोरा को खोलकर जांच किया, तो उसमें विदेशी शराब बरामद किया गया। बरामद विदेशी शराब बोतल और फ्रूटी पैक में था। करीब 71.04 लीटर शराब बरामद किया गया है।

### आर्म्स एक्ट में फरार दो गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। दीदारगंज थाना के पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। संबंध में थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 314/23 में महुली का रहने वाला सतीश कुमार एवं आदिल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# आस्था के साथ मना विद्यादायिनी मां सरस्वती पूजनोत्सव

## बसंतोत्सव मनाया गया: विद्या निकेतन हाई स्कूल में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती पूजनोत्सव बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। खासकर शेखपुरा बगीचा स्थित शैक्षणिक संस्थान विधा निकेतन हाई स्कूल में पूरी भव्यता के साथ सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ विनय कुमार सिन्हा एवम प्राचार्या सीमा झा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया और भोग लगाकर मंगल कामना की। वही विद्यालय के निदेशक डॉ विनय कुमार सिन्हा ने सभी छात्र-छात्राओं को वसंत पंचमी का महत्व समझाते हुए इस शुभ दिवस की बधाई दी। और कहा की विद्या निकेतन हाई स्कूल में, जहां शैक्षिक उत्कृष्टता सर्वोपरि है। इस संस्थान में, शिक्षा के प्रतीक के रूप में उभरा है, जो शीर्ष स्तर की शिक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। विद्या निकेतन हाई स्कूल शेखपुरा पटना के शीर्ष स्कूलों में से एक के रूप में चमकता है, जो एक समग्र शिक्षण वातावरण प्रदान करता है जो बौद्धिक विकास, चरित्र विकास और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

प्राचार्या सीमा झा ने अपने संबोधन में कहा की विद्या निकेतन हाई स्कूल, अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं, समर्पित संकाय और नवीन शिक्षण पद्धतियों के साथ, शैक्षिक उत्कृष्टता का सार प्रस्तुत करने के लिए हर दिन अग्रसर है। यह न केवल शैक्षणिक कठोरता बल्कि समग्र विकास को भी प्राथमिकता देता है, छात्रों को आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए सुसज्जित व्यक्ति बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

वही शैक्षणिक प्रभारी कृष्ण मुरारी ने बताया की हम बसंत पंचमी के आगमन का उत्सुकता से इंतजार करते हैं, जो कि सरस्वती पूजा के हर्षोल्लास से मनाया जाने वाला एक जीवंत त्योहार है। यह वार्षिक परंपरा मात्र अनुष्ठान से परे है, यह हमारे जीवन में ज्ञान, बुद्धिमत्ता और कलात्मक अभिव्यक्ति के मूल्य की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र प्रसाद (इंग्लिश), विनोद कुमार (मैथ), निर्मला सिंह (कंप्यूटर), रीना कुमारी (हिंदी), प्रियंका सिंह (साइंस), सिमरन (हिंदी) , उषा सिन्हा (एस एसटी), रजनी मणि (इंग्लिश), संगीता (यूकेजी), वंसरोभर (मैथ) आदि मौजूद रहे। स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं के साथ आए माता पिता भी बहुत खुश नजर आए और बच्चो में उत्साह देख कर वो अपनी बचपन के दिनों को याद कर चर्चा करते नजर आए।

# भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार पूरे विश्व होना चाहिए: राज्यपाल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के राजेन्द्र मंडप में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'भारतीय ज्ञान परंपरा' का विस्तार पूरे विश्व में होना चाहिए। इसके लिए हमें इसे ठीक ढंग से समझने की आवश्यकता है। प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ चंद किरण सलूजा ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का समग्र विकास ही शिक्षा का उद्देश्य है तथा इसका वर्णन तैत्तरीय उपनिषद् में विस्तार से किया गया है। कला, खेल और संगीत की शिक्षा बच्चों के लिए अत्यन्त आवश्यक है। बहुविषयक शिक्षा बच्चों के मानसिक विकास के लिए उपयोगी है। उन्होंने भाषा का महत्व बताते हुए कहा कि प्राचीन भारत में इस पर काफी बल दिया गया था। बच्चों को उनकी भाषा में ही शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के चार स्तंभ बताए गये हैं- ज्ञान हेतु शिक्षा, कर्म हेतु शिक्षा, मिलकर रहने हेतु शिक्षा और मनुष्य बनने के लिए शिक्षा। ये चारों सिद्धांत भारतीय ज्ञान परंपरा में सन्निहित हैं तथा इन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल किया गया है।

# राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'वसंत रंगोत्सव' का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। आर्लेकर ने वसंत पंचमी के अवसर पर राजभवन के राजेन्द्र मंडप में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'वसंत रंगोत्सव' का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सुदीपा घोष ने भरतनाट्यम एवं जयदेव ने अष्टपदी पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। मुरली वादक मिथलेश प्रसाद की जुगलबंदी में सितार वादक नीरज पाठक एवं तबला वादक शान्तनु राय शामिल थे। रमाकांत गायकवाड द्वारा शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई। इनके साथ सारंगी पर संगीत मिश्रा, तबला पर कौस्तुभ तालेकर, हारमोनियम पर सुधांशु घारपुरे और तानपुरे पर योगेश दिवे ने संगत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, सुप्रसिद्ध गायिका शारदा सिन्हा एवं अन्य कलाकार, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, म्यूजिक डिपार्टमेंट के शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

### अंग्रेजी शराब के साथ पांच लोग गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने आसोपुर से ऑटो पर शराब लेकर जा रहे पांच लोगो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ऑटो से विभिन्न ब्रांड के 77 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। दानापुर पुलिस का ऑटो से शराब ले जाने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस ने आसोपुर में चेकिंग लगाया। पुलिस को देख एक ऑटो सवार लोग ऑटो घुमाकर भागने का प्रयास करने लगे। ऑटो में पांच लोग सवार थे। जिनके पास से तीन बैग में रखे गये 77 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पकडे गये लोगो में रामदिन पासवान कैमूर इचाव सौरव कुमार व गौरव कुमार नौबतपुर चिरौरा, प्रदुम्न कुमार बिहटा नत्थुपुर, कन्हैया नौबतपुर नगवां शामिल है।

# विद्या की देवी मां शारदे की हुई पूजा-अर्चना

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





विद्या की देवी भगवती सरस्वती की पूजा-अर्चना बुधवार को शैक्षणिक संस्थानों से लेकर गली-मुहल्लों एवं मंदिरों में भी कई गई। पूजा स्थल पर प्रतिमा व फोटो को रख पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा में प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान भजन संध्या व धार्मिक अनुष्ठान भी किया गया। नालंदा मेडिकल कालेज, अगमकुआं स्थित फॉमेर्सी संस्थान, आरएमआरआई संस्थान के अलावा भी एससी नर्सिंग और एएनएम स्कूल में छात्र-छात्राओं के द्वारा पूजा का आयोजन किया गया। पादरी की हवेली स्थित न्यू सेंट पॉल एकेडमी में निदेशक शंकर चौधरी की देखरेख में, चैली टाल स्थित भारत एकेडमी में नागेंद्र पांडेय, बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज में सचिव डॉ अजय प्रकाश की देखरेख में पूजा की गई। आयोजन में डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीणा प्रकाश, डॉ एचपी सिंह, सर्वप्रकाश, आदित्य प्रकाश, भाव्या, जितेंद्र कुमार, श्रुति कुमारी, सुम्मी शर्मा, डॉ राजीव रंजन, डॉ विकास, डॉ भगवान तिवारी, डॉ काजल, डॉ मानसी, डॉ प्रीति पोद्दार, सोनी देवी आदि शामिल थे। दरगाह रोड स्थित टाउन हाई स्कूल और ज्योति शिशु निकेतन में पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजू लाल दास की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा किया गया। कचौड़ी गली स्थित श्री श्याम इंफोटेक में निदेशक अमित कानोडिया की देखरेख में पूजा अर्चना की गई। एसडीओ गुंजन सिंह व एएसपी शरथ आरएस ने थानाध्यक्षों को भी मुस्तैद रहने व दो दिनों के अंदर स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन कराने का निर्देश दिया है। विसर्जन जुलूस के दौरान हुड़दंगियों पर कड़ी निगाह रखते हुए उन पर कार्रवाई करने की बात भी कही है।

### कोरोना काल से बच्चों को दूधवितरित का हजार दिन पूरा

पटना सिटी (प्राकि)। सबके सहयोग एवं मार्गदर्शन में राधेश्याम परिवार ने बच्चों के बीच दूध सेवा लगातार एक हजार दिन तक पहुंच गया है। आप लोगों के सहयोग से इसे और आगे ले जाना है। इस एक हजार दिन को हम सब एक साथ बसंत पंचमी पर 163वां राधे अमृत भोग का आयोजन गुरु गोविंद पथ में किया गया। बच्चों के बीच दूध, बिस्किट एवं बॉल का वितरण किया गया। भंडारे का प्रसाद भी लोगों के बीच वितरित किया गया। उद्घाटन संस्थापिका शुभम गुप्ता एवं डॉ अमित बंका ने किया। अतिथियों का स्वागत व्यवस्थापक चक्रेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में आलोक गुप्ता, पंकज लोयलका, विपुल जगनानी, प्रत्यक्ष अग्रवाल, रणजीत मित्तल सक्रिय थे।

# श्री श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर अखंड ज्योति पाठ व कीर्तन

## बसंत पंचमी पर बाबा का पीतांबरी बदला, है इसका बड़ा महत्व

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित 19वां स्थापना दिवस समारोह श्री श्याम मंदिर लेन राजा बाबू की गली में मनाया गया। इस दौरान खाटू वाले श्री श्याम प्रभु का अलौकिक शृंगार, 56 भोग, भजन अमृत वर्षा अपने आपमें अलग छटा बिखेर रहा था। आचार्य सुरेश सिलोटिया की देखरेख में बाबा का श्रृंगार किया गया। उसके बाद गौरी शंकर सुल्तानिया एवं राजन दास की देखरेख में 501 महिलाओं के द्वारा अखंड ज्योति पाठ किया गया। महोत्सव के संयोजक मनीष हरलालका व कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि विश्व में जहां-जहां श्री श्याम बाबा का मंदिर है, वहां बसंत पंचमी पर बाबा का अंतःवस्त्र पीतांबरी बदला जाता है। इस पीतांबरी के चमत्कार के साथ इसका बहुत बड़ा महत्व माना जाता है। इसके एक टुकड़े से मुर्दा में भी जान आ जाती है और बड़े से बड़े रोग से छूटकारा मिल जाता है।

आज के इस श्रृंगार का बहुत बड़ा महत्व है। भजन संध्या में उदयपुर से आई केमिता राठौर ने भजनों की रसगंगा बहाई। खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है, तू पेड़ बसंती बागे में ऐसौ खिल खिल जाओ सा माहरे पीलो पीलो बाबो मन भावे सा, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, हारे के सहारे की जय आदि एक से एक भजन सुना कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। भक्त भक्ति रस की गंगा में डुबकियां लगाते रहे। महोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष अमर अग्रवाल, सचिव दिलीप डिडवानिया, रमण प्रकाश साह, प्रदीप जैन, अरविंद लोयलका, संजीव देवड़ा, शशि सुल्तानिया, प्रमोद दारूका, गोपी शर्मा, सोनू बेड़िवाल के साथ श्याम सेना के सदस्य सक्रिय थे।

# नया व पुराना गैजेट खरीद पर छूट, वारंटी व एक्सचेंज भी

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। फोन हब का तीसरा ब्रांच पटना सिटी के चौक सब्जी बाजार स्थित शाकंभरी कांपलेक्स में बुधवार को खुला है। इसका उद्घाटन अमरनाथ सिंघानिया ने सपत्नीक फीता काट कर किया। इस संबंध में संजीत व रवि सिंघानिया ने बताया कि फोन हब का पटना सिटी के चौक सब्जी बाजार स्थित शाकंभरी परिसर में तीसरी शाखा है। इसके पूर्व बोरिंग रोड के डीबी मॉल और कंकड़बाग के पीसी कॉलोनी में फोन हब काम कर रहा है। पटना सिटी में नया और पुराना गैजेट यानी मोबाइल, घड़ी, लैपटॉप आदि खरीदने के साथ ही वारंटी की सुविधा भी उपलब्ध है। खराब की मरम्मत का काम भी किया जाता है। नई खरीदारी पर आकर्षक गिफ्ट और पुराने गैजेट्स की खरीदारी पर छह माह की वारंटी है। पुराना गैजेट्स को एक्सचेंज कर नया सामान भी लिया जा सकता है। इस दौरान संजय सिंघानिया, श्वेता, लक्ष्मी आदि मौजूद थीं।

# खेलकूद में राज्य, देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल पाने पर नौकरी : डॉ मुकेश

## आरपीएम कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ मुकेश कुमार बतौर अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉप्रो पूनम ने की। अपने संबोधन में क्रीड़ा पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चों को बिहार सरकार प्राथमिकता दे रही है। उनका पोर्टल साल में एक बार खुलता है। छात्राएं उस पोर्टल पर जाकर अपना सर्टिफिकेट अपलोड कर सकती हैं। कारण कि सरकार का नारा है मेडल लाओ और नौकरी पाओ। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ पूनम ने कहा कि पहली सीढ़ी महाविद्यालय का कैम्पस है। इसमें आप अपनी प्रतिभा को निखार सकती हैं। पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत ही जरूरी है। जीवन में स्वस्थ और एक्टिव रहने के लिए भी खेलना जरूरी है।

वार्षिक खेलकूद में कैरम, टेबल टेनिस, चेस इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें लगभग छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कैरम में प्रथम स्थान भारती, द्वितीय निक्की, तृतीय रेहाना रॉय रहीं। चेस में प्रथम भारती, द्वितीय निशा और तीसरे स्थान पर अंशिका रहीं। टेबल टेनिस में प्रथम स्थान निक्की, द्वितीय रेहाना और तृतीय स्थान पर शिम्पी रहीं।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ० इना बहन ने किया।पूरी क्रीड़ा टीम डॉ० सतेन्द्र ,डॉ० सीमा, डॉ० अमोल ,डॉ० रविन्द्र कुमार सक्रिय रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रविन्द्र कुमार ने किया। और धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डॉ० इना ने किया।

# मुसल्लहपुर बाजार समिति से रामपुर संप हाउस तक सड़क जर्जर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नगर निगम के वार्ड 47 में मुसल्लहपुर बाजार समिति से रामपुर संप हाउस लगभग दो किलोमीटर तक सड़क जर्जर और खतरनाक हो चुका है। तीन-चार साल से इसकी स्थिति खराब है। सड़क को लेकर पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय लोगों के साथ बैठक हुई। इसमें मौजूद लोगों ने इस खतरनाक बन चुके सड़क को लेकर चिंता व्यक्त की।

समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि चूंकि यह सड़क मुसल्लहपुर हाट को बाजार समिति से जोड़ती है, जिसके कारण व्यापारीगण के लिए यह एक मुख्य सड़क है। हल्की बारिश होने पर कीचड़मय स्थिति बनने के बाद फिसलन हो जाता है। जिस पर चलना काफी मुश्किल हो जाता है। आए दिन दो पहिया वाहन चालक व सवार अक्सर फिसल कर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाना मुश्किल हो रहा है। महिलाओं का घर से निकलना दुर्लभ हो गया है।

बैठक का संचालन कर रहे वार्ड 48 के वार्ड पार्षद सह स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य इंद्रदीप कुमार चंद्रवंशी ने भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि चूंकि यह सड़क वार्ड 48 को भी जोड़ने का कार्य करती है। इस कारण सड़क निर्माण में वह जनता के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। बैठक मे सर्वसम्मति के साथ निर्णय लिया गया कि इस सड़क का निर्माण सिर्फ पथ निर्माण के द्वारा हो, क्योंकि विभाग द्वारा बनाये गये सड़क का मेंटेनस प्रत्येक वर्ष होता है इसलिए सर्वप्रथम पथ निर्माण मंत्री को इस सड़क के लिए मिलकर आवेदन दिया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि हमारी जायज मांग अगर नही मानी गई, तो प्रजातांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने को हम सब मजबूर होंगे। बैठक में पप्पू मेहता, सुनील मेहता, राजेश कुमार, छोटे लाल सिंह, नवीन कुमार, सुनील सिंह, संजय मेहता और स्थानीय दुकानदार आदि उपस्थित हुए।

# सोने-चांदी में भारी गिरावट

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के आंकड़े जारी होने के बाद सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति का आंकड़ा अनुमानित 2.9% के मुकाबले 3.1% आने से निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी, जिससे डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ। सोने की हाजिर कीमत लगभग 800 अंक गिरकर 63,100 रुपये GST के साथ प्रति 10 ग्राम पर आ गई, जबकि चांदी की कीमत 2000 अंक से अधिक की गिरावट के साथ 71,000 रुपये प्रति किलो GST के साथ हो गई। ऑल इण्डिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा व महासचिव प्रेम नाथ गुप्ता ने कहा की बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत डॉलर से भी सोने-चांदी की आयातित कीमतें बढ़ती हैं, जिससे घरेलू बाजार में भी कीमतों पर दबाव पड़ता है।

श्री वर्मा व गुप्ता ने यह भी कहा है की बाजार में आगे के रुख का अनुमान है कि निकट भविष्य में सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। फेड की मौद्रिक नीति और वैश्विक बाजार के रुख से कीमतें काफी हद तक प्रभावित होंगी। रुपये के प्रदर्शन पर भी सोने-चांदी की घरेलू कीमतें निर्भर करेंगी।

# आज अतिक्रमण के विरूद्ध स्पेशल ड्राईव चलाया जाएगा , डीएम व एसएसपी द्वारा किया गया पाँच टीम का गठन

## यातायात व्यवधान, अतिक्रमण एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध प्रशासन की शून्य सहिष्णुता; अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें: डीएम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । आयुक्त, कुमार रवि के निदेश पर पटना शहर में आज अतिक्रमण के विरूद्ध स्पेशल ड्राईव चलाया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना राजीव मिश्रा द्वारा पाँच टीम का गठन किया गया है। यह एक मल्टी-एजेंसी अभियान होगा जो पाँच नगर अंचलों-पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल, पाटलिपुत्र, कंकड़बाग तथा बांकीपुर अंचल एवं नगर परिषद दानापुर निजामत क्षेत्र-में चलाया जाएगा। इसमें प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहेंगे। सभी सम्बद्ध पदाधिकारी अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक टीम में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों सहित महिला बल, पुलिस बल एवं लाठी बल को भी तैनात किया गया है। नगर निकायों से कार्यपालक पदाधिकारियों ,नगर प्रबंधकों, मुख्य सफाई निरीक्षकों, कर्मियों वीडियोग्राफर को लगाया गया है।

इस फेज में यह अभियान 02 मार्च तक चलेगा। रोस्टरवार कई टीम कर्तव्य पर मुस्तैद रहेगी। आयुक्त द्वारा इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी तथा अभियान के परिणाम का जायजा लिया जाएगा। इसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त रवि ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें।अभियान चलाने से पहले क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी माईकिंग कराएंगे तथा अतिक्रमण हटाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित करेंगे। अतिक्रमण में प्रयुक्त सामानों की जब्ती की जाएगी तथा नियमानुसार अर्थदंड लगाया जाएगा।

अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने ऐसे तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उक्त अतिक्रमण उन्मूलन एवं यातायात व्यवस्था सुचारू करने के कार्य के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत विधि-व्यवस्था संधारण के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे तथा कार्यक्रम के दौरान भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखेंगे।

वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रहेगी। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। यातायात पुलिस अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलायेगा।

# दो लूटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर खगौल। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को खगौल पुलिस ने दानापुर रेलवे स्टेशन पर यात्रा के दौरान लौटे यात्री को लूटने वाले एक गिरोह के दो सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरे बिहटा भगवती पुर का रहने वाला वीरेंद्र वर्मा का पुत्र दीपक कुमार एवं गोनपूरा फुलवारी शरीफ का रहने वाला देव शरण शर्मा का पुत्र पप्पू कुमार है। जानकारी के मुताबिक जहानाबाद करने वाला मनोज कुमार ने 13 फरवरी को एक लिखित आवेदन दिया था कि 4 फरवरी को संघमित्रा एक्सप्रेस से दानापुर रेलवे स्टेशन पहुंच था। उस वक्त कुछ लोग उसे कहने लगे कि मैं भी जहानाबाद का रहने वाला हुआ हूं आप भी मेरे साथ मेरे मोटरसाइकिल पर जहानाबाद चलिए। उस वक्त दो मोटर साइकिल पर चार सवार युवक उन्हें सगुना रोड स्थित एक सुनसान जगह पर मोटरसाइकिल रोककर मनोज से एक मोबाइल फोन एवं 13 हजार 5 सौ रुपए एक कपड़ा सुधाकर बिहोश कर सभी सामान ले लिया था। आवेदन मिलते ही खगौल थाना प्रभारी सुनील कुमार ने अपर थाना प्रभारी दिनेश कुमार एस आई सुभाष कुमार एवं ए एस आई द्वारका जी दुबे को लेकर एक टीम का गठन किया। वही पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर लुटेरे दीपक को रेलवे स्टेशन ससरौवा पुल के नजदीक गिरफ्तार किया है।

# चोरी गया ट्राली राघोपुर से जब्त, ट्रैक्टर की खोज जारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले सीताराम सिंह के आवेदन पर ट्रैक्टर एवं ट्राली को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी करने के संबंध में तीन फरवरी को कांड 46/24 दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ काम कर रही थी। ट्रैक्टर का पंजीयन संख्या बीआर 01जीडी 5993 और ट्राली का बीआर 01जीजी 1210 था। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कांड के अनुसंधान के दौरान परि. एसआई प्रियंका कुमारी के द्वारा छापेमारी की गई। इस दौरान वैशाली जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र से चोरी गए ट्रैक्टर का ट्राली को जब्त किया गया। वहीं ट्रैक्टर की खोज की जा रही है। इस संबंध में तीन अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इसमें मालसलामी थाना क्षेत्र के दमराही का रहने वाला और मूल रूप से राघोपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर का रहने वाला अंकित कुमार पिता जिलेश राय, मालसलामी के नवाबगंज बुंदेल टोली का रहने वाला मुकेश कुमार पिता स्व सुरेश राय और राघोपुर थाना क्षेत्र के जफराबाद टोक का रहने वाला अनिल कुमार पिता रामप्रवेश राय को गिरफ्तार किया गया। इन सबों की निशानदेही पर चोरी गए ट्रैक्टर के ट्रॉली यानी टेलर को जब्त किया गया।

# बागवानी महोत्सव का आयोजन कल से, उपमुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

## राज्य के सभी जिला से बागवानी से जुड़े किसान अपने प्रदर्श के साथ लेंगे भाग, उत्पादों से संबंधित 50 से अधिक लगाये जाएंगे स्टॉल

● कृषि विभाग द्वारा गांधी मैदान में आयाजित महोत्सव 18 फरवरी तक



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बागवानी महोत्सव 2024 का भव्य आयोजन 16-18 फरवरी को गाँधी मैदान में किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन को उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय सिन्हा के द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बागवानी महोत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृषकों के ज्ञानवर्धन एवं अनुभव साझा करना, कृषकों के विशिष्ट उत्पाद को एक प्लेटफॉर्म पर लाना, कृषकों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को जगाना एवं कृषकों को सम्मान प्रदान करना है।

**कुल 19 वर्गों में किसानों का निबंधन :**

सचिव ने बताया कि कुल 19 वर्गों में सभी जिलों के प्रतिभागियों से निबंधन कराया गया है, जो अपने-अपने प्रदर्शों के साथ 15 फरवरी को प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह वर्ग कर्मशः सब्जी, मशरूम, फल, फल संरक्षण, शहद, पान के पत्ते, शोभाकार पत्तीदार पौधा गमला में, बोनसाई, जाड़े की मौसमी फूलों के पौधे गमले में, विभिन्न प्रकार के कैक्टस एवं सकुलेन्ट पौधा (गमला में), विभिन्न प्रकार के पाम प्रजाति के पौधे (गमला में), कटे फूल, कलात्मक पुष्प सज्जा, औषधीय एवं सुगंधीय पौधा, फल/सब्जी में नक्काशी, हैंगिंग बास्केट, छत पर बागवानी फोटोग्राफ प्रतियोगिता आदि हैं। साथ ही, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित किया जाएगा। सचिव ने बताया कि सभी वर्गों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के प्रदर्शों के पारदर्शिता के साथ मूल्यांकन हेतु कृषि के विशिष्ट संस्थानों के वैज्ञानिकों की टीम बनायी गयी है।

**देखने के लिए ही नहीं, सस्ती खरीददारी की भी व्यवस्था :**

सचिव ने बताया कि महोत्सव को सभी प्रकार के आगंतुकों के लिए आकर्षक बनाया जा रहा है। महोत्सव में बिहार के उत्पादों से संबंधित 50 से अधिक स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इनमें फल, फूल, सब्जी, औषधीय पौधे के नर्सरी द्वारा भी स्टॉल लगाया जा रहा है, रंग-बिरंगे फूलों के पौधों के साथ विभिन्न डिजाइन के गमले का भी स्टॉल लगाया जा रहा है, जहाँ आगंतुक अपने पसंद के गमले और फूल के पौधे खरीद सकते हैं। मधु, मशरूम, अचार, मखाना, चाय आदि के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। किचेन गार्डेन के लिए उन्नत सब्जी बीज एवं छोटे-छोटे यंत्रों का भी स्टॉल है। ऐसा प्रयास किया जा रहा है कि बागवानी प्रेमियों के लिए हर प्रकार की सामग्री उपलब्ध हो। साथ ही आने वाले आगन्तुक राज्य के विभिन्न व्यंजनों का आनंद फूड स्टॉलों में ले सकते हैं तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए फन जोन की व्यवस्था भी की जा रही है।

### आगंतुकों के लिए ऑन स्पॉट क्विज की व्यवस्था

सचिव ने बताया कि महोत्सव में आने वाले आगंतुकों की बागवानी की सामान्य जानकारी की जाँच की जायेगी। ऑन-स्पॉट प्रश्न पूछे जायेंगे एवं सही जवाब देने पर एक आकर्षक गिफ्ट दी जायेगी। सचिव ने सभी बिहारवासियों से अनुरोध किया कि वे इस भव्य आयोजन में भाग लें तथा राज्य के बागवानी क्षेत्र की विशिष्टता का अनुभव करें।

प्रतियोगिता के 19 वर्गों में से प्रत्येक वर्ग में प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 4 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार रुपए प्रदान किया जायेगा तथा सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले कृषक को श्रेष्ठ बागवान घोषित किया जायेगा एवं उन्हें विशिष्ट पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक दिन अलग - अलग कार्यक्रमः

सचिव, कृषि, बिहार ने बताया कि बागवानी महोत्सव, 2024 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैः 15 फरवरी को प्रदर्शों का निबंधन, 16 फरवरी को बागवानी महोत्सव का उद्घाटन, क्विज प्रतियोगिता, 17 फरवरी को शहद पर कार्यशाला, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, तकनीकी सत्र, 18 फरवरी को राज्य के प्रगतिशील कृषकों से अनुभव-साझा सत्र, चित्रकला प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण, समापन

# महिला सशक्तीकरण पर नीतीश सरकार का विशेष जोर



● जीविका दीदियों द्वारा लगभग दो हजार नए ग्राहक सेवा केंद्र खोले जाने का लक्ष्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महिला सशक्तिकरण पर नीतीश सरकार का विशेष जोर है। इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जीविका बिहार में महिलाओं के विकास, सशक्तीकरण एवं ग्रामीण गरीबी के उन्मूलन हेतु कार्यरत है। जीविका द्वारा अब तक कुल 10.47 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है जिसके अंर्तगत 01 करोड़ 30 लाख से अधिक परिवारों को समूहों से जोड़ा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.03 लाख नए समूहों का गठन किया जाएगा। अब शहरी क्षेत्रो में भी जीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाएगा। लगभग 1 लाख नए समूहों के माध्यम से लगभग 20 लाख नए परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवगठित स्वयं सहायता समूहों को जीविकोपार्जन संवर्धन हेतु लगभग 150 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंकों द्वारा लगभग 10 हजार करोड़ रुपये ऋण प्रदान करने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीविका दीदियों द्वारा लगभग 2000 नए ग्राहक सेवा केंद्र खोले जाने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ 4 लाख जीविका दीदियों को बीमा से आच्छादित करने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 52 लाख महिला किसानों को कृषि विभाग के साथ समन्वय कर

कृषि की नयी तकनीक से आच्छादित करने का लक्ष्य है। 33 उत्पादक कंपनियों के पंजीकरण के साथ महिला किसानों का उत्प्रेरण, उत्पादों का एकत्रीकरण तथा बाजार से उनका जुड़ाव किया जा रहा है। इन कंपनियों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा 85 जैविक खेती कलस्टर विकसित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 10 लाख परिवारों को पशुपालन से आच्छादित करने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 5 लाख परिवारों को उद्यमिता विकास, अतिरिक्त आय संवर्धन एवं रोजगार सृजन से जोड़ने का लक्ष्य है।

# राष्ट्रीय परिषद की बैठक में बिहार के 573 प्रतिनिधि लेंगे भाग : जनक



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और बिहार के पूर्व मंत्री जनक राम ने बुधवार को कहा कि पार्टी की दिल्ली में 17 और 18 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में बिहार के 573 प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री राम ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव मोदी जी की गारंटी पर होगी क्योंकि उन्होने किए वादों को संकल्प के साथ पूरा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने 500 वर्षों के संघर्ष पर विराम लगाया और अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि पहले कश्मीर में एससी , एसटी समाज से आने वाले लोगों को आरक्षण नहीं मिलता था, लेकिन 36 हजार से ज्यादा लोगों की जान लेने वाला धारा 370 को समाप्त कर वहां के एससी, एसटी भाइयों के लिए भी आरक्षण का दरवाजा खोल दिया गया। प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने बिहार को 10 लाख करोड़ की राशि दी, जो देश के दूसरे स्थान पर है। यही नहीं बिहार के स्थानीय निकायों को 35,577 करोड़ यानी प्रति पंचायत 4.5 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए जिससे निचले स्तर तक विकास होगा। श्री राम ने कहा कि 70 वर्षों तक देश में मात्र सात एम्स थे लेकिन नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासनकाल में अब कुल 23 एम्स देश में हो गए। अब देश के लोग जान चुके है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश भी सुरक्षित है और कमजोर वर्ग भी सुरक्षित है। जनता ने तय कर लिया है देश में तीसरी बार मोदी सरकार और बिहार में 40 के 40 सीट भाजपा के साथ। प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने कहा कि भाजपा की दिल्ली में दिल्ली में 17 और 18 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक से कार्यकताओं में उत्साह का संचार होगा। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, प्रभात मालाकार और प्रेस पैनलिस्ट राकेश पोद्दार उपस्थित रहे

# विधान मंडल विस्तारित भवन में सरस्वती पूजा का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित पुस्तकालय में मां शारदा भवानी की पूरे श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की और मौके पर प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई और शुभकामनाएँ भी दी। श्री सिन्हा ने कहा कि मां सरस्वती विद्या, बुद्धि, ज्ञान, कला और संस्कार की अधिष्ठात्री देवी हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि उनकी कृपा से ही हम बिहारवासी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में तरक्की कर रहे हैं तथा बिहारी प्रतिभायें देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने आज भाजपा और जदयू के उम्मीदवारों क्रमशः भीम सिंह, धर्मशीला गुप्ता और संजय कुमार झा द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें



उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने की पूजा-अर्चना

भी अपनी शुभकामना दी है। श्री सिन्हा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में इन सभी का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि राजद के तीनों विधायकों ने अपना मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए राजद से नाता तोड़ लिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार के लोगों ने राजद का खेल देखा है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अकूत संपति अर्जित करने वाले ने विश्वासमत में भी पैसे का खेल शुरू करने का प्रयास किया और ये विफल हुये। इन्होने अपने विधायकों को बंधक बनाकर उनसे बंधुआ मजदूर के जैसा वर्ताव किया। अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रहलाद यादव, नीलम देवी और चेतन आनंद ने राजद से नाता तोड़ लिया है।

### एनडीए को सबक सिखाएगी जनता : एजाज

पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री एजाज ने कहा कि धर्म और भ्रम की राजनीति करने वाले जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि लालू प्रसाद ने सामाजिक न्याय के तहत दलितों, शोषितों, पीड़ितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को जो मान-सम्मान दिया और तेजस्वी प्रसाद यादव ने नफरत की राजनीति से बिहार को निकलकर नौजवानों को नौकरियां देकर हर घरों में जो खुशियां दी है वह उन्हें नहीं दिख रहा। जिस तरह से साजिश करके रोजगार वाली सरकार को सत्ता और स्वार्थ में समाप्त किया है, उसकी स्पष्ट झलक दिख रही है और जो कहा करते थे कि एक अकेला सब पर भारी उनकी राजनीति आज कहां पहुंच गई है, यह बिहार में लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव को बिहार के युवाओं और जनता के विश्वास और समर्थन के कारण आज और निजी स्वार्थ में लोग इकट्ठा हो गये हैं। आने वाले समय में बिहार के आवाम एनडीए को सबक सिखाने का काम करेंगे।

# अखिलेश सिंह को रास उम्मीदवार बनाए जाने पर कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

पटना। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने राज्यसभा के अपने दूसरे कार्यकाल के लिए बुधवार को अपना नामांकन भरा। नामांकन भरने के बाद डा सिंह पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम पहुंचे जहां उनके मनोनयन पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं के बीच मिठाइयां बांटी गयी। प्रदेश कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस अवसर पर डा सिंह के साथ उपस्थित रहा, जिसमें शामिल हैं-कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, डा मदन मोहन झा, कौकब कादरी, कृपानाथ पाठक, विजय शंकर दूबे, अजित शर्मा, बिजेन्द्र चैधरी, अजय कुमार सिंह, नीतू सिंह, मुन्ना तिवारी, नरेन्द्र कुमार, आकाश कुमार सिंह, बंटी चैधरी, मुन्ना शाही, राजेश राठौड़, आईपी गुप्ता, हरखु झा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, संजय पाण्डेय, मनोज कुमार सिंह, कपिलदेव यादव, राजकुमार राजन, डा विनोद शर्मा, नागेन्द्र विकल, शशि भूषण पाण्डेय, राजनन्दन कुमार, यशवंत चमन, मिन्नत रहमानी, अरविन्द ठाकुर, आनंद माधव, संजय यादव, अमरेश कुमार, मंटन सिंह, नलिनी रंजन झा, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, कुन्दन गुप्ता, इ. संजीव, धर्मवीर शुक्ला, पप्पू सिंह, अलोक हर्ष, नवनीत जयपुरयार, उदय शंकर पटेल, अखिलेश्वर सिंह, कमल देव नारायण शुक्ल, सुदय शर्मा, दिलीप सिंह, दीपू सिन्हा, मनोज मिश्र, विजय कृष्ण झा।

# विकास के नये कीर्तिमान बना रहा है बिहार, बढ़ेगी प्रगति की गति : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि बिहार सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से साफ है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब नये बजट में किये गये प्रावधानों से राज्य की प्रगति की गति और बढ़ने वाली है। बजट की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 2.78 लाख करोड़ के रिकॉर्ड हालिया बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं के रोजगार के लिए 2024-25 2 लाख 64 हजार से अधिक नियुक्तियां निकालने की घोषणा की गयी है, वहीं उनके उच्चतर शिक्षा के लिए 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही उनकी उद्यमिता को बढ़ाने के लिए 660 करोड़ रु खर्च किये जाने की घोषणा की भी की गयी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह प्रावधानों के मुताबिक राज्य की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 1 लाख नये नये महिला समूहों का गठन किया जाएगा, वहीं शहरी क्षेत्रों से 20 लाख परिवारों



को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए 250 करोड़ रु खर्च किये जायेंगे वहीं उन्हें विभिन्न बैंकों से 10 हजार करोड़ रु ऋण दिलाने का लक्ष्य भी रखा गया है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बजट में 52 लाख महिला किसानों को खेती की अत्याधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार 10.64 प्रतिशत की दर से देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बना हुआ है। इसी तरह 18.13 प्रतिशत की दर से गरीबी घटाने में भी बिहार सर्वोपरि है। अब इस बजट में किये गये प्रावधानों से बिहार के विकास को नए पंख लगेंगे और बिहार और तेजी से आगे बढ़ेगा।

# भाकपा ने बिहार बजट को बताया जनविरोधी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश बजट को जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा राज्य के योजना में कटौती की गई है। मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर कोई विशेष उपबंध नहीं की गई है। सामाजिक सुरक्षा योजना के एक करोड़ लाभार्थियों के पेंशन की बढ़ोतरी की कोई बातें नहीं की गई। पेंशनधारियों को मात्र चार सौ रुपये प्रति माह पेंशन मिल रही है। स्कीम वर्करों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की घोषणा नहीं की गई है और ना ही मानदेय बढ़ाने की घोषणा की गई है। मनरेगा के बजट पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बजट के अधिकांश राशि वेतन, पेंशन, कर्ज वापसी, सूद देने और सरकार के विलासिता पर खर्च की जायेगी। जबकि विकास योजनाओं की राशि मे कटौती की गई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा बिहार सरकार कर्ज लेकर घी पी रही है। बिहार पर कर्ज करीब तीन लाख करोड़ हो गया है जबकि अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 52 हजार करोड़ रुपये कर्ज लेगी। राजस्व के अपने स्रोतों के विकास के अभाव में बिहार पर कर्ज का पहाड़ दिनों दिन लदता जा रहा है। 2024-25 के बजट अनुमान के आधार पर अगर हम आकलन करें तो पता चलता है कि 20,526 करोड़ रुपये सालभर में केवल सूद के रूप में चुकाने हैं। अगर हम गणना करें तो हर दिन के हिसाब से यह लगभग 60 करोड़ बैठता है। वित्त मंत्री के दावों को अगर हम माने तो 2022-23 के अंत में राज्य सरकार पर कुल बकाया ऋण दो लाख 93 हजार करोड़ था। 2023-24 में लगभग 49 हजार करोड़ लोन लेने का अनुमान है। 2024-25 में 51,688 करोड़ कर्ज लेने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। राज्य सरकार का वित्तीय प्रबंधन फिसड्डी है।

# पटना विवि के छात्रावासों में सरस्वती अराधना

## भाजपा नेता रणबीर नंदन ने की पूजा अर्चना



पटना।। बसंत पंचमी सरसवती पूजा के मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधान पार्षद डॉ प्रो. रणबीर नंदन ने पटना विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में घूमकर माता सरस्वती की अराधना की और छात्रों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर डॉ. नंदन सर्वप्रथम बीएन कॉलेज छात्रावास में जाकर माता सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना की। वहां मौजूद छात्र नेता रवि प्रकाश ज्योति व संजीव सरदार सहित कई छात्र नेताओं ने प्रो. नंदन का स्वागत किया। इसके पश्चात डॉ रणबीर नदंन पटना साइंस कॉलेज के न्यूटन छात्रावास गये जहां के छात्रावास अधीक्षक प्रो मासूम शर्मा ने उनका स्वागत किया और उन्हें छात्रावास के विद्यार्थियों के द्वारा बनाये गये विज्ञान प्रदर्शनी को दिखाया। डॉ नंदन ने विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और छात्रों की मेहनत की सराहना की। इस छात्रावास के छात्रों ने चंद्रयान 2, हाईड्रोलिक पावर, गंगायान, डीएनए, गोरैया संरक्षण, सोलर सिस्टम व राम मंदिर के मॉडल का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा छात्राओं के द्वारा हस्तशिल्प व हैंडलूम की भी प्रदर्शनी लगाई गयी। डॉ नंदन ने छात्रों के द्वारा बनाई गयी प्रदर्शनी को देश के लिए उपयोगी बताया।

# बिहार में विकास महागठबंधन सरकार की नीतियों का परिणाम : राजद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व तमिलनाडु के पूर्व डीजी डॉ. करुणा सागर ने कहा कि बिहार में विवकास पिछली महागठबंधन सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का परिणाम है। कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में बिहार की आर्थिक विकास दर 10.64ः रही, जो देश में सबसे अधिक है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महागठबंधन में रहते तेजस्वी यादव जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और विकास के इरादे की वजह से बिहार आज अग्रणी राज्य है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों की समयावधि का खास तौर पर उल्लेख करते हुए राजद प्रवक्ता ने कहा कि यह वो ही समय था जब तेजस्वी यादव जी बिहार के विकास की ऐसी नींव तैयार कर रहे थे, जिस पर बिहार के युवा का भविष्य और आज के विकसित बिहार का प्रारूप टिका है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि 17 महीनों की महागठबंधन सरकार के काम को उन्होंने नकार ही दिया है। राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव ने पूरे देश के सामने एक सकारात्मक परिवर्तन की बुनियाद गढ़ दी है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आना या विपक्ष में बैठना भले ही संख्या पर निर्भर करता है, लेकिन जनता का विश्वास जीतकर उनकें दिलों में बसना आपकी नीयत पर निर्भर करता है।

# साजिश के शिकार हुए मनोज मंजिल : भाकपा माले



● माले का पूरे प्रदेश में राज्यव्यापी प्रतिवाद मार्च का अयोजन

पटना। एक कथित हत्या के मामले में माले के युवा नेता व विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद भाकपा-माले ने बुधवार को पूरे राज्य में प्रतिवाद मार्च का आयोजन किया। राजधानी पटना में जीपीओ गोलबंर से बुद्ध स्मृति पार्क तक इस अन्यायपूर्ण व गलत फैसले के खिलाफ पार्टी कार्यकताओं ने मार्च किया और फिर बुद्ध स्मृति पार्क पर एक सभा आयोजित की। मार्च में प्रमुख रूप से खेग्रामस के धीरेन्द्र झा, ऐपवा की मीना तिवारी, माले विधायक दल के नेता महबूब आलम, शशि यादव, वरिष्ठ नेता केडी यादव, विधायक रामबलि सिंह यादव, अमरजीत कुशवाहा, सरोज चौबे, अभ्युदय, कमलेश शर्मा, रणविजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, शिक्षाविद् गालिब सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व नागरिक समाज के लोग उपस्थित थे। नेताओं ने कहा कि जेल व दमन के जरिए दलित-गरीबों के आंदोलनों को दबाया नहीं जा सकता। धीरेन्द्र झा ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 16 फरवरी को पूरे राज्य में ग्रामीण भारत बंद के दौरान का. मनोज मंजिल की तस्वीर के साथ हम प्रदर्शन करेंगे। इस अन्याय के खिलाफ पूरा बिहार एकजुट है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला ही फर्जी है। साजिशन हमारे नेता को फंसा दिया गया है। भोजपुर की सामंती ताकतें हमेशा इसी तरह की फिराक में रहती हैं। हम इस अन्यायपूर्ण फैसले को लेकर उच्च न्यायालय में जायेंगे, जनता की अदालत में जायेंगे और भाजपा के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। पटना शहर सहित पटना ग्रामीण के विभिन्न क्षेत्रों, भोजपुर के सभी प्रखंडों, अरवल, जहानाबाद आदि इलाकों में भी प्रतिवाद मार्च आयोजित किए गए।

# हिन्दी-काव्य-नभ के प्रखर भास्कर थे महाप्राण निराला

## जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ वासंती-काव्योत्सव



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

निराला ही व्यक्तित्व था महाप्राण निराला का। हिन्दी-काव्य-नभ के सर्वाधिक प्रखर भास्कर थे वे। छायावादकाल के चार प्रमुख-स्तम्भों में उनका व्यक्तित्व श्रेष्ठ और विराट था। छंद पर अधिकार और विशेष आग्रह रखने वाले इस महकवि ने जब आवश्यक समझा तो छंद के बंधनों को तोड़ा भी, किंतु छंद को कभी छोड़ा भी नहीं। वे जीवन के समान कविता में भी नूतनता के पक्षधर थे। इसीलिए वे वाणी से प्रार्थना भी करते हैं तो कहते हैं- नव गति, नव लय, ताल छंद नव, नवल कंठ, नव जलद मंद्ररव, नव नभ के नव विहग-वृंद को नव पर नव स्वर दे ! वीणा वादिनी वर दे ! यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में महाप्राण पं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जयंती पर आयोजित समारोह और वसंतोत्सव-कविसम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, निराला जी अत्यंत स्वाभिमानी और वितरागी महाकवि थे। निराला जी का संपूर्ण जीवन संघर्ष और तप करते व्यतीत हुआ। इसीलिए उनकी रचनाओं में वेदना है, संघर्ष भी है और अदम्य शक्ति भी। संघर्षों ने उन्हें वितरागी भी बना दिया था। जूही की कलि और राम की शक्तिपूजा का वह कवि वह आता तो टूक कलेजे को करता पछताता पथ पर आता भी लिखता है। उद्योग विभाग में विशेष सचिव और वरिष्ठ साहित्यकार दिलीप कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी और वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, आनन्द किशोर मिश्र, ई अवध किशोर सिंह तथा प्रो सुशील कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित वसंतोत्सव कवि सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। गीत के सुचर्चित कवि जय प्रकाश पुजारी ने वसंत का स्वागत करते हुए कहा -स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा स्वागत है ऋतुराज/ नभ थल जल के कण कण में आ गया तेरा राज। कवयित्री मधु रानी लाल ने इन पंक्तियों से मदनदेव को आमंत्रित किया कि ऋतु वसंत मदमा रही/ मदन जगे हिय कोर/ पोर पोर पुलकित हुआ/ होकर भाव विभोर। वरिष्ठ कवियित्री डा सुधा सिन्हा, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, मधुरानी लाल, शंकर शरण मधुकर, जय प्रकाश पुजारी, अरविन्द अकेला, डा पंकज वासिनी, सुनीता रंजन, पंकज प्रियम आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से वसंत का स्वागत किया और ऋंगार के पुष्प से मदन का अभिषेक किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्णरंजन सिंह ने किया। मनोज कुमार सिन्हा, अनिता कुमारी, दिगम्बर जायसवाल, मयंक कुमार मानस, राहूल कुमार, विनय चंद्र, उदय कुमार, अशोक कुमार, कुमारी मेनका, अमन वर्मा आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# बंगाल में गुंडों को मिल रहा सत्ता का संरक्षण : मंगल

पटना/कोलकाता। पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने संदेशखाली में हुए पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पर जानलेवा हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल राज्य में टीएमसी गंडों और बलात्कारियों को संरक्षण देने वाली सरकार है। जब अपराध करने वाला टीएमसी का ही गुंडा हो तब राज्य की सीएम को प्रदेश की महिलाओं विशेषकर हिंदू महिलाओं की गरिमा की परवाह तक नहीं होती है। जिन टीएमसी नेताओं पर बलात्कार के आरोप लगे हैं, सरकार उन्हीं को बचाने का प्रयास कर रही है। श्री पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मूक दर्शक बनी हुई है। यह चिंता की बात है। फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के गुंडे महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। संदेशखाली में स्थानीय महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रहीं है। उन्होंने टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की भी मांग की है। राज्य की निरंकुश सरकार कुछ नहीं कर रही है, बल्कि उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। सरकार का पूरा साथ वहां की स्थानीय पुलिस भी दे रही है, जो लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा गुंडों और अपराधियों से हर स्तर पर कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार है।

बिहार सरकार

## भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 167 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको / ख्याति प्राप्त फर्मों / कम्पनियों से दिनांक **22.02.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मूल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य **ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS)** के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250 /–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500 /–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750 /–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250 /–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500 /– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specification | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture in Hall No.- 330, Art & Culture Dept. Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 02- | Supplying, Fitting & Fixing of Workstation in Hall No. - 330, Art & Culture Dept. Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 03- | S/R to Room No.- 330 in Art and Culture Department in Third Floor Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 04- | S/R to Chamber, Anti Room & Cell of Finance Secretary Sri. Deepak Kumar of Finance Deptt. R. No.- 283 and 281 at South Wing 1st Floor Old Secretariat, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 05- | S/R to Bathroom Tiles, Wardrobe and Fitting in Residence No. - 15 at Circular Road, Patna for the year 2023-24. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR- 017333 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रेम प्रसंग में 2 युवकों को मारी गोली ,घायल

मुजफ्फरपुर।कथित प्रेम प्रसंग एवं आपसी विवाद के कारण आज अपराधकर्मियों ने दो युवकों को गोली मार दी।दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना जिले के पारी थानान्तर्गत मगउरहइयआ चौक की बताई गई है।एसएसपी राकेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आज पारू थानांतर्गत मगुरहिया चौक पर मोटरसाईकिल सवार दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा 2 लोगों को गोली मारकर जख्मी कर देने की सूचना मिली है।घटना का कारण प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद बताया जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर सभी संभव बिंदुओं पर जांच पड़ताल प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा दोनों जख्मी स्थानीय लोगों की मदद से बेहतर उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कांड के सफल उद्भेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन किया गया है।गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास लगे सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है। मानवीय एवं तकनीकी बिंदुओं पर लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांड का शीघ्र ही उद्भेदन किया जाएगा।घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापामारी की जा रही है।अभी तक परिजनों द्वारा कोई आवेदन थाना में नहीं दिया गया है।

### सभी पंचायत समिति सदस्यों की जिलाधिकारी लेंगे बैठक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के सभी पंचायत पंचायत समिति सदस्यों की जिलाधिकारी बैठक लेंगे। बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में 15 फरवरी अपराह्न 4:00 बजे होगी। बैठक की जानकारी समस्तीपुर जिला पदाधिकारी ने विभूतिपुर प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों के नाम से पत्र निर्गत कर दिया है। बताया गया कि उच्च न्यायालय बिहार पटना द्वारा सी डब्ल्यू जे सी संख्या 2375/2024 रूपांजलि कुमारी बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में 9 फरवरी 2024 को पारित आदेश के अनुपालन एवं पंचायतीराज अधिनियम 2006 की धारा 157 के अंतर्गत यह बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई है। जिसमें सभी पंचायत समिति सदस्य ससमय उपस्थित होकर अपना पक्ष रखेंगे।

### पतैलिया में श्री सीताराम नवाह यज्ञ में नित्यानंद ने टेका माथा

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के पतैलिया में आयोजित श्री श्री 108 सीताराम नवाह यज्ञ में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दर्शन पूजन के बाद भगवान के समक्ष माथा टेका। इसके बाद मंत्री ने लोगों की समस्या सुनी एवं उसके निदान का आश्वासन भी दिया। मौके पर हाजीपुर विधायक अवधेश कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य तरूण कुमार, राम सुमिरन सिंह, अरविंद कुमार सिंह, शिवचंद्र प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार कुशवाहा, मुखिया राजकुमार, कमलाकांत राय, अमन पराशर, मनोज कुशवाहा, बाबू साहेब झा, रमाकांत राय आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे। इससे पूर्व मंत्री ने सुरौली में आयोजित सरस्वती पूजा मेला में भी मा शारदे के समक्ष माथा टेका। यहां भी काफी संख्या लोगों की भीड़ थी।

# एनडीए सरकार में बिहार में विकास की नई धारा बहेगी : अरूण शंकर प्रसाद

## खजौली विधानसभा के विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने भी भाग लिया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी बिहार की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा डॉ० धर्मशीला गुप्ता और डॉ० भीम सिंह तथा बिहार सरकार में मंत्री रहे संजय झा के राज्यसभा सदस्य के प्रत्याशी रूप में नोमिनेशन में स्थानिय खजौली विधानसभा के विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने भी भाग लिया। इस खुशी के मौके पर सभी को हार्दिक बधाई देते हुए खजौली विधानसभा भाजपा विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने कहा कि विश्वास है कि राज्य सभा सदस्य के रूप में उच्च सदन में अपनी सहभागिता से ये तीनों व्यक्ति बिहार को विकास के पथ पर आगे ले जायेंगे। विधायक ने कहा कि जिस तरह बिहार सरकार में मंत्री के रूप में विकास के संकल्पों को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाने में सफल हो पायें हैं उसी तरह राज्यसभा के सदस्य के रूप में बिहारवासियों के हित में अपनी आवाज बुलंद कर देश के पटल पर अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के सफल एवं सक्षम होंगे। इन सबों के राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होने से बिहार में विकास की नई धारा बहेगी । इन सबों के राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होने से विकास की दृष्टि को एक नई दिशा मिलेगी। राज्यसभा सदस्य मनोनीत होने पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उद्धव कूंवर, नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, प्रांतीय युवा नेता धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा, जदयू नेता मुख्य पार्षद कैलाश पासवान,राजकुमार, सुधीर गुप्ता, शिवशंकर ठाकुर, शंभु गुप्ता, मनोज सिन्हा, संतोष साह, विनय सिंह, हीरा मांझी, रामविनोद सिंह, भाजपा नेता गोपाल सिंह, सोनी चौधरी, रामकुमार सिंह, सुरेश प्रसाद, राजेश गुप्ता, अरविंद तिवारी, अनिल महतो, भोला पासवान, अनिल जायसवाल, आनंद पूर्वे, टप्पू नायक, गोपाल पूर्वे, हीरा ठाकुर, ओमप्रकाश नायक आदि ने भी प्रसन्नता जाहिर की है।

# धान अधिप्राप्ति मामले में चावल मिलों के सत्यापन का डीएम ने दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति के मामले में मिलों के सत्यापन करने का निर्देश दिया है।वे सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में धान अधिप्राप्ति, आंतरिक संसाधन, खनन, निर्वाचन, दाखिल खारीज, पी. एम. विश्वकर्मा, सरकारी योजनाओं के लिए जमीन चिन्हित करने आदि के संबंध में जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वी. सी. के माध्यम से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। धान अधिप्राप्ति के संबंध में डीएम ने निर्देश दिया कि मिलों का सत्यापन अविलम्ब कर लें। साथ ही समितियों के अनुमोदन से पहले धान का उत्पादन का प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी से सत्यापन करा लें। उन्होंने समय पर सी. एम. आर. गिराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी साताहिक रूप से इसे मॉनेटरिंग करेंगे। जो मील अनुबंध का फॉलो नहीं कर रहे है, उनका जाँच करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीधे तौर पर सख्त निर्देश दिया कि कांफी संख्या में लंचित दाखिल खरीज को नोटिस देते हुए ससमय नियमानुसार निष्पादित करें। यदि अस्वीकृत करना है तो गुणवता के साथ अस्वीकृत करें। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि अपने चिन्हित कार्य स्थल पर उपस्थित रहें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति मानी जाएगी। जिला पदाधिकारी ने खनन पदाधिकारी को निदेश दिया कि कार्य विभागों से पत्राचार कर रॉयल्टी प्राप्त करें। साथ ही अवैध रूप संचालित ईट भट्टे पर नकेल कसते हुए वैद्य ईट भट्टा संचालकों से रॉयल्टी राजस्व प्राप्त करें। निलाम पत्र बाद में कांफी संख्या में विभिन्न दण्डाधिकारियों के बीच बाद लंबित रहने पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अविलम्ब नोटिस निर्गत करते हुए रजिस्टर 09, 10 का मिलान कर लें और राजस्व प्राप्ति में अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। पी. एम. विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के टेव्ह के कारीगरों के लिए आवेदन भरा जा रहा है और प्राप्त आवेदन का ऑनलाईन पोर्टल पर जाँचोपरान्त इन्ट्री करने के संबंध में निर्देश दिया गया। कचरा प्रबंधन संस्करण इंकाई एवं पंचायत सरकार भवन के लिए जमीन चिन्हित करने एवं अंचलाधिकारियों एन.ओ.सी. प्राप्त करने के संबंध में सख्त निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वीप गतिविधि आगामी दो दिनों तक अपने-अपने अंचलों एवं प्रखण्डों में चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक से अनुपस्थित रहने पर कृषि पदाधिकारी के एक दिन के वेतन पर रोक, एवं उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय परसा में सशस्त्र सीमा बल के द्वारा पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र में विवेक ओझा कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी के निदेर्शानुसार नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत बाह्य सीमा चौकी परसा के जिम्मेवारी इलाके में राजकीय प्राथमिक विद्यालय परसा में संयुक्त पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।जिसमें राजकीय पशु पालना विभाग मधुबनी के डॉक्टर राजेश कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर प्रसाद टीवीओ मधवापुर जिला कृषि अधिकारी ललित कुमार चौधरी मधुबनी एवं वाहिनी के पशु चिकित्सा कर्मियों द्वारा कुल 347 मवेशियों को इलाज किया गया है।

इस चिकित्सा कार्यक्रम में कुल 14816/- कीमत की दवाइयाँ का निशुल्क वितरण किया गया है।इस दौरान डॉ० राजेश कुमार पशु चिकित्सा ने ग्रामीणों को मवेशियों में होनेवाली बिमारियों के विषय में अवगत कराया एवं उनसे बचाव के उपाय भी ग्रामवासियों को बताए, तथा जानवरों के उन्नत नस्लों के बारे में भी जानकारी दिया गया । सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है।

## पिस्तौल के बल पर बदमाशों ने दुकानदार को अगवा कर पीट-पीट कर किया अधमरा

### बाल और मूंछ आधा-आधा छीलकर छोड़ा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र के कुंडल दो पंचायत में राजघाट चौक से अपराधियो ने पिस्तौल के बल पर एक दुकानदार को अगवा करने के बाद पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। इस दौरान उसके बाल और मुंछ को भी आधा-आधा छिल दिया गया। इसके साथ ही दुकानदार की कार भी क्षतिग्रस्त कर दी। घटना सोमवार के शाम की बताई गई है। सुनसान जगह पर दुकानदार को अधमरा देख ग्रामीणों ने सिंघिया सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए दुकानदार को डीएमसीएच रेफर कर दिया। इस घटना से गांव में तनाव की स्थिति है। जख्मी दुकानदार की पहचान कुंडल गांव के गुलशन सिंह के रूप में पहचान की गयी है। बताया गया है कि सोमवार की शाम गुलशन सिंह कुशेश्वरस्थान से राजघाट स्थित अपनी जनरल स्टोर की दुकान पर कार से जैसे ही पहुंचे घात लगाए चार बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर उन्हें उनकी ही गाड़ी में अगवा कर किसी सुनसान जगह पर गाछी में ले गए। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसकी खोजबीन में जुट गये। बताया गया है

कि खोज के क्रम में ही कुछ दूर जाने के बाद सुनसान जगह पर गुलशन को उन्होंने अधमरा अवस्था में पाया। जसके बाद ग्रामीणों की मदद से परिजन जख्मी को सिंघिया सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। इस संबंध में सिंघिया थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि घायल दुकानदार अभी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थे। इलाज बाद उनका बयान लिया जाएगा। इसके साथ ही लिखित आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से छानबीन में जुटी हुई है। मामला आपसी विवाद से जुड़ा हुआ प्रतित हो रहा है।

# दमनात्मक कार्रवाई से दलित-गरीबों की आवाज दबाई नहीं जा सकती :भाकपा माले




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 पार्टी कार्यकताओं को आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ भाकपा माले ने आज बंदरा प्रखंड के सिमरा भट्ठा से सिमरा चौक तक विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च को संबोधित करते हुए भाकपा माले के प्रखंड सचिव रामबली मेहता ने आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक . मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है. कहा कि जेल व दमन के जरिए दलितों-गरीबों की आवाज दबाई नहीं जा सकती. हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे. भाकपा माले के जिला कमिटी सदस्य संजय कुमार दास ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2015 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्याकांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर मनोज मंजिल और हमारे अन्य पार्टी नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा थोप दिया गया था।. उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टी के स्थानीय नेता सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी. उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन दलित-गरीबों की लड़ाई लड़ने और जन आंदोलन के चर्चित नेता मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फंसाकर सजा करवा दी गई। सिमरा पंचायत सचिव महेश महतो ने कहां कि भाजपाई और इलाके की सामंती ताकतें मनोज मंजिल की बढ़ती लोकप्रियता से काफी घबराई हुई थी. एक तरफ जहां हमारे नेताओं को सजा सुनाई गई, वहीं न्यायालय ने दलित-गरीबों के हत्यारे को लगातार बरी करने का काम किया है. ।प्रखंड कमिटी सदस्य कमलेश कुमार निराला ने कहा कि बिहार में सत्ता बदलते ही भाजपाई अपने रंग में आ चुके हैं, लेकिन उनके नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा.मौके पर प्रखंड सचिव रामबली मेहता, प्रखंड कमिटी सदस्य महेश महतो, अजीत कुमार सिंह, कमलेश कुमार निराला, सत्रुधन महतो, संजय कुमार दस,देवनमंडल,गीता देवी, पंचायत कमिटी सदस्य संतोष कुमार, विष्णुदेव महतो, रेणु देवी, प्रगास राम, सुकुल महतो, हरिचंद्र महतो, धर्मेंद्र भंडारी, उमेश महतो, नंद किशोर पासवान, पकौड़ी महतो, रेखा देवी सिद्धू बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

## दिल्ली मार्च कर रहे किसानों पर दमन लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला:भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों द्वारा शांतिपूर्ण दिल्ली मार्च पर हुए दमनात्मक कार्रवाई की तीखी भर्त्सना की है। शंभू बोर्डर पर किसानों पर जिस तरह लाठी चार्ज, रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले और सामुहिक गिरफ्तारी की गई यह हिटलर-मुसोलनी की तुगलकी शासन की यादें ताजा कर दी है। किसानों के तेरह सूत्री मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने, किसानों की कर्ज. माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें को लागू करने सहित अन्य मांगें शामिल है। किसानों के पिछले आंदोलन में केन्द्र सरकार ने इन मांगों को पूरा करने का वादा किया था। एसकेएम केन्द्र की वादाखिलाफी के खिलाफ दिल्ली मार्च का आह्वान किया है। किसान पर हुए बर्बर हमले के खिलाफ आगामी 16 फरवरी को किसान विरोधी, तानाशाही मोदी सरकार के विरोध में देशव्यापी प्रतिरोध संगठित कर ग्रामीण भारत बंद तथा राष्ट्रव्यापी हड़ताल को कामयाब कर किसान अपनी ताकत का एहसास कराएंगे।

## भाकपा माले ने बोचाहां में निकाला विरोध मार्च

प्रात : किरण संवादता

बोचहा। राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत माले नेताओं ने पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाला। यह जुलूस न्यू मार्केट बोचहा चौक पर जाकर सभा में तब्दील हो गया। इस मार्च का नेतृत्व प्रखंड सचिव राम बालक सहनी कर रहे थे। इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करने वालों में माले नेता रामनंदन पासवान ,किसान नेता बिंदेश्वर साह, इंद्रजीत कुमार बबलू एवं वीरेंद्र पासवान थे। नेताओं ने कहा कि तिकरम के जरिए बीजेपी बिहार की सत्ता हथियाते ही विपक्ष पर एवं दलितों -गरीबों की आवाज बुलंद करने वाले नेता एवं माले विधायक मनोज मंजिल पर झूठे मुकदमे में आजीवन कारावास की सजा दिलाने का काम किया है। बिहार में सामंती शक्तियां फिर से जुल्म ढाने लगा है ।सभी जानते हैं कि बिहार में जनसंहार करने वाला रणवीरसेना जैसी सामंती ताकत को रिहा किया गया । लेकिन जिस केस में कोई साक्ष्य नहीं है उसमें दलित गरीब के नेता को आजीवन कारावास की सजा दी जाती है। यह राजनीतिक साजिश नहीं तो और क्या है? इसका जवाब बिहार व देश की जनता आने वाले चुनाव में भाजपा को देगी। दमन व जेल से गरीबों दलितों का आवाज बंद नहीं होगा।मार्च में पार्टी के अन्य प्रमुख कार्यकर्ता -राज किशोर सहनी, कांत किशोर राय, रामचंद्र साह, अजय कुमार, राजेश राम व अन्य लोग थे। पार्टी नेताओं ने सभा में ऐलान किया कि 16 फरवरी को होने वाला किसानों एवं मजदूरों का राष्ट्रव्यापी हड़ताल, ट्रांसपोर्टरों का भारत बंद में हम सक्रिय रूप से पूरी ताकत से उतरेंगे।

## न्यायालय के काम से आए व्यक्ति की बाइक चोरी



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय मधुबनी में अपने मुकदमा में सलाह लेने गए व्यक्ति की बाइक चोरी।बाइक सड़क किनारे न्यायालय परिसर के बाहर मवेशी अस्पताल के सामने लगा कर गए हुए थे वापस आने पर नही थी बाइक। गाड़ी स्वामी ने इस संदर्भ में एक आवेदन अपनी गाड़ी लाल कलर की ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसकी निबंधन संख्या बीआर 32अऊ3053.के संदर्भ में नगर थाना में एक आवेदन देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने हेतु आवेदन दिया गया।बाइक स्वामी बिस्फी थाना क्षेत्र के कमलावारी गांव निवासी हीरा सहनी ने बताया कि दिनाक 13 फरवरी समय 12 बजे दिन में न्यायालय के काम से अपनी बाइक लगाकर अधिवक्ता से मिलने कोर्ट पहुंचे उसके बाद जब तीन बजे वापस आए तो वहां पर मेरी बाइक नहीं खरी थी काफी खोजबीन करने के बावजूद भी मेरा बाइक नहीं मिला तो बाइक चोरी की घटना को लेकर अज्ञात चोर के विरुद्ध नगर थाना में एक आवेदन दिया गया।इस बाबत नगर थाना अध्यक्ष से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## किन्नर समाज के लोगों ने बच्चों में बांटे पुस्तक



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के कापन सिरसी स्थित श्लेष स्थान के निकट बुधवार को किन्नर समाज के लोगों ने महादलित परिवार के स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण समारोहपूर्वक किया। अध्यक्षता दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा ने की। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक सुमन किन्नर ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में यजमान से जो भी राशि बधाई में मिलती है। उस राशि का खर्च शिक्षा के विकास मद में किया जायेगा। गरीब बच्चों को शिक्षित करने से समाज के कई कुरीतियों व कुप्रथा पर अंकुश लगता है। बाल अपराध में कमी आयेगी। इस संपूर्ण कार्य को अमलीजामा देने को लेकर दीदी फाउंडेशन नामक संस्था का गठन किया गया है। अध्यक्षीय संबोधन में पी एन झा ने कहा कि किन्नर समुदाय के लोगों के द्वारा शिक्षा व समाज के विकास की पहल अनुकरणीय व स्वागत योग्य है। मौके पर गुंजन किन्नर, मोहम्मद एहताम, चंदन कुमार राय, अशोक कुमार महतो, हर्ष प्रिय रंजन, उपेन्द्र पासवान, बुद्धदेव पासवान आदि थे।

# चोरी व छिनतई हुए मोबाइल और बाइक बरामद करने में सफल लेकिन बदमाशों की गिरफ्तारी में फिसड्डी

- कहां से और कैसे करती है बरामद कि अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाती



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस के द्वारा चोरी, छिनतई व गुम हुए बाइक एवं मोबाइल को बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपने के अभियान तहत बुधवार को समस्तीपुर कलेक्ट्रेट परिसर में इसी अभियान के तहत एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय व मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार के द्वारा चोरी, छिनतई व गुम हुए 20 लाख रुपए मूल्य के 101 मोबाइल को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा। वहीं 30 लाख रुपए मूल्य के 35 बाइक को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा और हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। समस्तीपुर पुलिस के अनुसार इस अभियान के तहत अब तक तीन करोड़ चार लाख रुपए मूल्य के 1311 मोबाइल को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा जा चुका है। वहीं अब तक तीन करोड़ 58 लाख रुपए मूल्य का 445 बाइक बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा जा चुका है। चोरी, छिनतई व गुम हुए अपने बाइक व मोबाइल को पाकर लोगों के चहेरे पर खुशी देखी गई और लोग इस कार्य के लिए समस्तीपुर पुलिस की प्रशंसा कर रहे थे। हालांकि बाइक व मोबाइल चोरी, छिनतई और लूट करने वाले बदमाशों को पकड़ने में समस्तीपुर पुलिस का रिकॉर्ड काफी खराब है। पुलिस चोरी, छिनतई व लूट हुए बाइक और मोबाइल को जहां बरामद करने में सफल रहती है, वहीं इन घटनाओं को करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने में फिसड्डी ही अब तक साबित हुई है। वहीं इस संबंध में जब पुलिस पदाधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका है।

# सुक्की गांव स्थित प्रेसवार्ता करते पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. शकील अहमद



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली देश मे किसानों के साथ भाजपा सरकार अन्याय कर रही है.पंजाब,हरियाणा सहित समस्त भारत देश मे किसानों की एमएसपी कानून को लागू करने से केंद्र सरकार पीछे भाग रही है. भारत देश मे एक नारा है जय जवान जय किसान लेकिन केंद्र सरकार आज किसान पर रबर की गोली एव आशु गैस छोड़कर किसान पर अत्याचार कर रहे है.ये बाते मंगलवार को देर शाम में सुक्की गांव स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. शकील अहमद अपने आवास पर पत्रकार को संम्बोधित कर रहे थे. उन्होंने केंद्र में भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुये कहा कि आज देश के अन्नदाता किसान के साथ जैसे कोई परोसी देश के साथ जंग छिड़ गयी है. पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. शकील अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार धर्म एव भगवान को हथकंडा अपनाकर देश की जनता को गुमराह कर देश को तोड़ने में लगी है. आज देश मे बेरोजगारी की लंम्बी कतार में युवा ,युवती छात्र,छात्राओं को नौकरी केंद्र सरकार नही देकर सिर्फ सनातन धर्म की ओर भटका रहे है. उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संविधान को खत्म करके नये कानून बनाकर संविधान में संशोधन करने की फिराक में है.वही केंद्र सरकार बिहार के आम जनता से सौतेला व्यवहार कर रहा है.बिहार में किसान की माली हालत सबसे खराब चल रही है. बिहार में 17 महीने की सरकार में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शिक्षक की बहाली कर एक रिकॉर्ड काम किया है.उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर इशारा करते हुए कहा कि कोई भी नेता इतना पाला बदलने से जनता की भरोसा उस नेता से उठ जाती है.उन्होंने कहा एक ही कार्यकाल में मुख्यमंत्री जी तीन वार पाला बदलने से भारत देश सहित अन्य देशों में भी बिहार की नाम बदनाम हुआ. उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव मे बिहार की आम जनता डबल इंजन सरकार को करारी जवाब देगे. इस प्रेसवाता मे मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, युवा कांग्रेस पार्टी वरिष्ठ नेता सह झंझारपुर लोक सभा प्रभारी अनुरंजन सिंह, राजद पार्टी के अतिपिछड़ी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, अजित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित संत माइकल इंग्लिश स्कूल का भव्य हुआ उदघाटन



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के भात पोखर मुस्तफापुर के निकट सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर संत माइकल इंग्लिश स्कूल का भव्य उद्धाटन मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा राम बुझावन चौधरी ने फीता काटकर किया। उदघाटन समारोह में एसडीपीओ रोसड़ा शिवम कुमार, डॉ सम्वर्त, डॉ निशांत रंजन, डॉ आलोक कुमार, डॉ संगीता, प्रो पीके प्रेम, राम नारायण सिंह, मुखिया प्रभाकर कुमार मिश्र, राम पुनीत झा, योगेंद्र ईसर, राम गुनीत झा, नंद किशोर यादव, रीना झा आदि गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की अनंत शुभकामनाएं व्यक्त की। अध्यक्षता व संचालन मनोरंजन प्रसाद मिश्र कर रहे थे। समारोह का शुभारंभ राजपुरोहित पंडित मुरारी झा के मंगलाचरण से हुआ। तत्पश्चात समस्त आगत अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से संस्थापक इंजीनियर एस. मिश्रा ने मोमेंटो, अंग वस्त्र, माला आदि देकर सम्मानित किया। मौके पर रजनीश कुमार मिश्र, रंजीत कुमार मिश्र पिंटू, मनोज कुमार ठाकुर सहित सैकड़ो गण्यमान्य गण्यमान्य नागरिक मौजूद थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्थापक ई. सुतीक्ष्ण मिश्रा ने की। समारोह में काफी संख्या में महिलाएं अभिभावक, गणमान्य नागरिक, छात्र, छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रद्धांजलि सभा सह भोज का आयोजन



सहरसा । शिवालक आश्रम, प्रखंड कांग्रेस कार्यालय, सब्जी बाजार, सहरसा में प्रखंड कांग्रेस कमिटी, कहरा के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सहरसा कांग्रेस के राजनीतिक पितामह स्व0 जटाशंकर चौधरी, पूर्व मंत्री स्व0 पंडित रमेश झा और कद्दावर नेता स्व0 बीरेंद्र नारायण सिंह, मुखिया जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा और चुरा - दही का भोज का आयोजन किया गया ' जिलाध्यक्ष -मुकेश कुमार झा ने कहा कि -तीनों महापुरुष महान समाज सेवी, दलितों के रक्षक, कोसी के विकास पुरुष, कांग्रेस के मार्गदर्शक और संघ्रषशील व्यक्ति थे ' स्व0 रमेश झा जी सहरसा का विकास की जो रेखा खींचा, वह आज भी हमें प्रेरणा दे रंहा है ' ऐसे धरती पुत्र अभी तक कोसी क्षेत्र को नसीब नहीं हुआ है ' प्रखंड अध्यक्ष - पंकज कुमार सिंह ने कहा कि- - तीनों महापुरुष कोसी के धरोहर थे और कांग्रेस पार्टी को शिखर तक ले गये ' प्रदेश प्रतिनिधि - रामसागर पाण्डेय ने कहा कि -स्व0 जटा बाबू महान स्वतत्रता सेनानी हीं नहीं बल्कि महान उदारवादी नेता थे जिन्होंने वर्ष 1952 ई में अपना पार्टी चुनाव का टिकट और चिन्ह रमेश झा जी को देकर जिताया और बिहार विधानसभा का विधायक बनाया ' आज के कार्यक्रम में -- जिला उपाध्यक्ष - कुमार हीरा प्रभाकर ,सुरेंद्र नारायण झा गोपाल, मिथिलेश प्रसाद सिंह, रामानंद प्रसाद सिंह, नवीन कुमार सिंह, मुरली मनोहर सिंह,चमक लाल यादव,बीरेंद्र पासवान,जवाहर झा, मुकेश कुमार सिंह,शंकर झा, लाल मोहर मेहता,अनिल कुमार मिस्त्री, कैलाश प्रसाद दास, अनिल कुमार सिंह,परमानन्द खां, बुद्धि नाथ झा,बच्चन सिंह, नीलू सिंह, दिलीप चोबे,प्रमोद कुमार सिंह, बैधनाथ झा,अमित कुमार सिंह,मंगल झा, अमर जीत सिंह, गिरधारी सिंह, प्रकाश कुमार सिंह, मनोज झा नेता, अमित कुमार चौधरी, मृतुन्जय सिंह, श्री मती प्रतिभा सिंह, रंजीत सिंह,बेचन पासवान,रमेश मंडल, मणि भूषण यादव,कमल किशोर पोद्दार आदि थे ।

# दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देता है दर्शन : एन पी तिवारी

प्रात : किरण, संवाददाता





मधेपुरा ।भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के शैक्षणिक परिसर अवस्थित विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग में मानव जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के सेवानिवृत्त प्रो. (डॉ.) नरेश प्रसाद तिवारी ने कहा कि प्रायः सभी मनुष्य सुख चाहते हैं। यदि सभी लोग सिर्फ अपने सुख की ही कामना करने लगेंगे, तो मानव जीवन मुश्किल हो जाएगा। अतः मात्र व्यक्तिगत सुख की प्राप्ति ही मानव जीवन का लक्ष्य नहीं होना चाहिए। अतः सच्चा दर्शन हमें दूसरों के लिए जीना सिखाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम् एवं सर्वेभवन्तु सुखिनः के आदर्शो पर आधारित है। इसमें सभी मनुष्यों एवं संपूर्ण चराचर जगत के सुख की कामना की गई है। इसमें समाज एवं राष्ट्र के कल्याणार्थ आपने व्यक्तिगत सुख एवं स्वार्थ के त्याग की शिक्षा दी गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय नैतिक मूल्य हमें परोपकार के लिए प्रेरित करते हैं। नैतिक मूल्यों के कारण ही लोग दूसरों के सुख के लिए अपने व्यक्तिगत सुखों को त्याग देते हैं। माँ अपने बच्चों के लिए त्याग करती हैं। सैनिक अपने देशवासियों की रक्षा हेतु खुद असह्य दुःख झेलते हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने कहा कि मानव जीवन मूल्यों पर आधारित है। हम मूल्यों के कारण ही जीवित हैं और मूल्यों पर ही पूरी धरती टिकी है। इन मूल्यों के बगैर मानव-जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा प्राचीन भारतीय दर्शन नैतिक मूल्यों का खजाना है। इसमें दर्शन, योग, आयुर्वेद, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, अर्थशास्त्र आदि विषयों पर प्रचुर मात्रा में ज्ञान भरा पड़ा है। हमें भारतीय ग्रंथों में उपलब्ध ज्ञान पर विशेष शोध की आवश्यकता है। युवाओं को हमारी समृद्ध संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा से जोड़ने की जरूरत है। हम ऐसा कर सकेंगे, तो पुनः दुनिया में हमारे ज्ञान-विज्ञान की विजय पताका फहरेगी और हम पुनः विश्वगुरु बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी जगत में भौतिकवाद का प्रकोप भारत से अधिक है। वहां परिवार एवं समाज टूट रहा है और लोग निराशा एवं हताशा में जीने को मजबूर हैं। ऐसे में दुनिया के सभी देशों के लोग भौतिकवाद से त्राण पाने के लिए और शांति की खोज में भारत की ओर आता रहा है। अतः हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम अपनी नैतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करें और उसे अपने दुनिया के सामने लाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आर. के. मल्लिक ने कहा कि नैतिक मूल्य समय एवं स्थान के हिसाब से बदलते रहते हैं। लेकिन ये मानव जीवन के लिए हमेशा प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा अपने जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए और अपनी अंतरात्मा की आवाज को सुनकर ही काम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि निदेशक (आईक्यूएसी) प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि मानवीय मूल्य ही हमें पशुओं से अलग करते हैं। यदि मानव जीवन में नैतिक मूल्य नहीं होगा, तो मनुष्य पशु हो जाएगा।सम्मानित अतिथि हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सिन्हा ने कहा कि हमें जीवन में सकारात्मक होना चाहिए। बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों को जीवन में अपनाना चाहिए। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राणा सुनील सिंह ने कहा कि नैतिकता जीवन एवं जगत के सभी आयामों से जुड़ा है। हमारे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक सभी क्षेत्रों में नैतिकता की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने की। विभागाध्यक्ष ने बताया कि दर्शनशास्त्र विभाग शैक्षणिक रूप से काफी सक्रिय रहा है। आगे इसके समग्र शैक्षणिक उन्नयन हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इसके पूर्व अतिथियों को अंगवस्त्र एवं डायरी भेंटकर सम्मानित किया गया।संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता डॉ. कुमार ऋषभ ने किया। इस अवसर पर एम. एड. विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एस. पी. सिंह, बी. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. योगेश पांडेय, डॉ. मोनिका, डॉ. अजय कुमार, ले. गुड्डु कुमार, डॉ. शशांक मिश्र, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. राजकुमार, सुपेन्द्र कुमार सुमन आदि उपस्थित थे।

# केंद्र की तरह बिहार का बजट भी निराशाजनक : किशोर कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता



सहरसा। बिहार विधानसभा में पारित 278000 करोड़ के बजट पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए पूर्व विधायक किशोर कुमार ने कहा कि केंद्र की तरह प्रदेश सरकार का भी बजट बिहार के लिए निराशाजनक है। इस बजट में कोई ऐसी बातें नहीं दिखती हैं, जिससे बिहार के पिछड़ेपन को दूर किया जा सके। आज एक पखवाड़ा हो गया केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार है बावजूद इसके सरकार की ओर से बिहार की उन्नति के लिए कोई विजन इस बजट में नहीं दिखता। बिहार को संसाधन की जरूरत है लेकिन बजट में इसका प्रावधान नहीं है। किशोर कुमार ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष योजना मद में एक लाख करोड़ का बजट लाया गया है और नए आने वाले वित्त वर्ष में भी योजना के लिये एक लाख करोड़ का बजट लाया गया। केंद्र से अनुदान की राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस बजट से बिहार का विकास होगा यह बेईमानी है जो लोग कह रहे हैं। इससे विकास को गति मिलेगी वह भी गलत है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र की भूमिका अहम होगी। इसलिए जब तक केंद्र से सहायता की अनुदान नहीं बढ़ती तब तक विकास की रफ्तार कम ही रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा यदि सहभागी बनी है तो बिहार के विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार से इंट्रेस्ट मद में 25000 करोड़ का सहायता दिलवाएं जो बिहार का हक भी है। एक बार फिर से बजट में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात गायब है।डबल इंजन की सरकार विहार के साथ छल कर रही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सौर बाजार पुलिस ने अभियान चला कर डीजे किया जब्त



प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- सरस्वती पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सौर बाजार पुलिस ने बुधवार को सुहथ गांव में एक पूजा स्थल से एक पिकअप पर बिना अनुमति के बजते डीजे को जब्त कर थाना लाया गया। ज्ञात हो कि थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के निर्देश पर बुधवार को फ्लैग मार्च निकाल कर विभिन्न पंचायत का भ्रमण किया जा रहा था उसी दौरान सुहथ गांव में बिना अनुमति के एक पिकअप पर बज रहे डीजे को जब्त कर थाना ले आए। थानाध्यक्ष ने बताया कि सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें जनप्रतिनिधि समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधि समेत अन्य गणमान्य लोगों से आग्रह किया गया था कि अपने-अपने गांव में सामाजिक तत्वों पर अपनी नजर रखनी है ताकि कोई भी किसी प्रकार की गड़बड़ी व अफवाहें नहीं फैला सके। असामाजिक तत्व के लोगों को चिन्हित किया जाएगा जहां असामाजिक तत्व के लोग किसी भी अफवाह या घटना को अंजाम देने की कोशिश करते मिले तो तुरंत थाने को सूचना दें। उन्होंने कहा कि जिन जगहों पर सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होगी उन जगहों पर डीजे नहीं बजनी चाहिए। मूर्ति विसर्जन के समय जुलूस भी निकालने की अनुमति नहीं हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले किसी भी सूरत में बख्से नहीं जाएंगे। उनके विरोध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चिचाकी स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। विदित हो कि पिछले दिनों जारी प्रेस विज्ञप्ति में रेलवे द्वारा उर्स के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो-कोडरमा के मध्य स्थित चिचाकी स्टेशन पर दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक अस्थायी रूप से तीन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का दो-दो मिनट का ठहराव प्रदान किये जाने की सूचना दी गयी थी । अब रेल प्रशासन द्वारा उर्स के अवसर पर आने वाले जायरिनों की सुविधा के मद्देनजर चिचाकी स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव 15.02.24 से ही दिये जाने का निर्णय लिया गया है तथा यह ठहराव 29.02.24 तक प्रभावी होगा । ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है

- **गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 15.09 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 15.11 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी**
- **गाड़ी संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 10.21 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 10.23 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी**
- **गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 18.04 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 18.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी**
- **गाड़ी संख्या 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 08.43 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 08.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी**
- **गाड़ी संख्या 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस 22.52 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 22.54 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी**
- **गाड़ी संख्या 13308 फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 03.04 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचकर 03.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी**

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गयी विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा

प्रात : किरण, संवाददाता



मुरलीगंज, घेलाढ़(मधेपुरा) शहर के साथ साथ प्रखंड अंतर्गत गांव में भी बुधवार को धूम धाम से सरस्वती पूजा मनाई गई। सरस्वती पूजा मनाने को लेकर सुबह से ही सभी स्कूल व कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। शहर के सभी पूजा पंडालों को आकर्षक तरीके से सजाया गया। बीआर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, एमपी पब्लिक स्कूल, एमपी क्लासेस, वेलडन फ्यूचर पब्लिक स्कूल, सक्सेस पॉइंट, संस्कार भारती, आदि स्कूल व कोचिंग संस्थानों में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं शहर के विभिन्न जगहों पर छात्र व युवा द्वारा विद्या की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। मालूम हो कि माघ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी को वसंत पंचमी कहा जाता हैं। इस वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती हैं। घैलाढ़ प्रातः किरण संवाददाता के अनुसार घैलाढ़ प्रखंड में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना के साथ बसंत पंचमी का त्योहार पूरे प्रखंड क्षेत्र में उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ। इस दौरान शिक्षण संस्थानों, युवा क्लबों एवं देव मंदिरों में परंपरानुसार पूजा अनुष्ठान आयोजित किया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा की विशेष धूम रही। इन संस्थानों में पूजा पंडाल को भव्य रूप से सजाकर वहां मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। सुबह दस बजे से शुरू हुई पूजा लगातार शाम तक चलती रही। इस दौरान पूजा पंडालों में गूंजते मंत्रोच्चार एवं भक्तिपूर्ण गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बसंत पंचमी की काफी चहल-पहल रही। जगह-जगह स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा। स्थानीय मंदिरों में भी सुबह से ही पूजा के लिए भक्तों की कतार लगी रही। इधर इस मौके पर विभिन्न नाट्य संस्थाओं एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये कजहां कलाकारों ने अपनी कला प्रतिभा का जलवा बिखेरा।

# सरकारी व निजी विद्यालय में अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके संस्कृत कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता



सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न निजी व सरकारी विद्यालय,कोचिंग संस्थान व मंदिरों में बूधवार को पूरे विधि विधान से विद्या एवं वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई ।इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में उसके छात्र छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया ।इसी सिलसिले में मध्य विद्यालय बिराटपुर, दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल,मनौरी चौक स्थित ब्राईट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा शारदा इन एंड बैक्वेट हॉल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसका विधिवत उद्घाटन सिमरी बख्तियारपूर के डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर,ईस्ट एंड वेस्ट टीचर ट्रेनिग कॉलेज व रामचन्द्र विद्दापीठ के चेयरमैन डां रजनीश रंजन एवं सिमरी बख्तियारपूर नगर परिषद् के चेयरमैन प्रतिनधि मों हस्सन आलम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।मौके पर डीएसपी ठाकूर ने कहा की बच्चों द्वारा इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए गौरव की बात है ।क्योंकि बच्चों को निखारने और संवारने का दायित्व सम्बधित संस्थान की ही होती है ।उन्हौन अपील करते हूए कहा की शिक्षा दान से बड़ा दान कूछ नहीं है इसलिए इसे दान ही रहने दे व्यवसाय न बनाएं ।वही ईस्ट एंड वेस्ट के चेयरमैन डां रजनीश रंजन ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को संबोधित करते हुए कहा जिदंगी में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान व वाणी मूख्य आधार है ।गुरू व छात्र के बीच पूस्तक ही वो माध्यम है जिससे ज्ञान और वाणी दोनों को साधकर अपनी जिदंगी संवारी जा सकती है ।इस दौरान मध्य विद्यालय बिराटपुर प्रधानाध्यापक उमेश यादव ने अपने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि मां सरस्वती ही हम लोग को ज्ञान देती है इसीलिए साल में एक बार हम लोग मां की पूजा बड़ी धूमधाम से मानते हैं और हर रोज मां सरस्वती कि पूजा अर्चना इसलिए करते हैं सोए हुए भाग को मां जागती है ।इसी दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा मौजूद अतिथियों का पाग चादर व पौधा देकर सम्मानित किया गया ।आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राष्ट्र के महान साहित्यकार की मशहूर कृति गोदान का नाट्य मंचन व नृत्य संगीत का आयोजन का उपस्थित अभिभावको को भाव विभोर कर दिया ।नाट्य मंचन का निर्देशन अखिल मलहोत्रा नृत्य संगीत का संयोजन रौशन कुमार द्वारा किया गया ।मौके पर सोनवषार्राज के बीडीओ अरविंद कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि शेखर पासवान, सिमरी बख्तियारपूर नगर परिषद् उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद विकास कुमार उर्फ विक्की, भाजपा के वरिष्ठ नेता अमीर राम, वार्ड पार्षद अरूण कुमार उर्फ लल्लु साह, जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मुन्ना समित अनेकों गणमान्य व अभिभावक मौजूद थे।

# बिहार में सत्ता बदलते ही गरीबों-दलितों व आंदोलनकारियों पर बढ़ गया है दमन : माले





प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। भाकपा माले के राज्यव्यापी आह्वान पर शहर के बिस्कोमान भवन के समीप पार्टी कार्यकत्ताओं ने आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास के सजा के खिलाफ विरोध दिवस आयोजित किया। विरोध दिवस का नेतृत्व भाकपा माले जिला सचिव ललन यादव ने किया। मौके पर श्री यादव ने कहा कि माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा भाजपाई साजिश व राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है उन्होंने कहा कि कहा कि बिहार में सरकार बदलते ही गरीबों-दलितों और उसके मुखर आवाज को दबाने की शुरूआत हो गयी है सरकार बदलने के बाद यह बिहार और सामाजिक न्याय के तबकों के खिलाफ भाजपा नीत नीतीश नेतृत्व वाले एनडीए सरकार का दूसरा बड़ा हमला है वही माले नेता विक्की राम, युवा नेता कुंदन यादव, ट्रेड यूनियन एक्टू जिला सचिव मुकेश कुमार, वकील कुमार यादव, सागर कुमार शर्मा आदि नेताओं ने कहा कि मनोज मंजिल जो ह्लसड़क पर स्कूलह्ल आंदोलन के चर्चित नेता व दलित- गरीबों के वास-आवास आंदोलन और कोरोना काल में जन सेवा की मिसाल कायम करने वाले माले के युवा विधायक है इन्हें भाजपाई साजिश का शिकार बनाया गया है भाजपाई जब सीधे तौर से नही निबट सकते तो इस तरह छल प्रपंच कर गरीबो, दलितों, सामाजिक न्याय आंदोलन के अगुआ नेता की आवाज को कुचलने में लगी है बाथे-बथानी से मियांपुर जनसंहार में सैंकडो गरीब दलितों,महिलाओं-बच्चों तक के जघन्य हत्यारे रणवीर सेना के अतातायी सामूहिक जनसंहारकर्ता सभी रिहा हो गए। कोर्ट तक ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया। वहीं टाडा कानून रद्द होने के बाद भी बुजुर्ग व चर्चित माले नेता शाह चांद सहित दर्जनों नेता टाडा में सजायाफ्ता हो गए। नेताओं ने कहा कि दमन व जेल के जरिए दलित-गरीबों व सामाजिक न्याय की आवाज दबाई नहीं जा सकती। मौके पर माले नेता मो. यूनुस, मंटू यादव, मो. निजाम, वीणा देवी, महेंद्र राम, विलक्षण शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा के लिए किया फ्लैग मार्च



प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के निर्देश पर शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बुधवार को पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकल गया। लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च थाना परिसर से नगर पंचायत सौर बाजार,चन्दौर पुर्वी,चन्दौर पश्चिमी, समदा,कांप बाजार, नादो,रामपुर होते हुए थाना वापस लौटा। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारी व बीएमपी के जवानों ने पूजा स्थलों का जायजा लिया। पूजा समितियां को डीजे एवं फुहर गीतों के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले नारे या भाषणों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रखें जाने की सख्त हिदायत दी गई।

# जिला परिवहन विभाग ने आयोजित किया जन जागरूकता कार्यक्रम

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । समाहरणालय परिसर में अवस्थित जिला परिवहन विभाग के कार्यालय भवन के होल में सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतिम दिन सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता जिला प्रशासन के अंतर्गत जिला परिवहन विभाग की और से आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी उत्साह के साथ सरकारी गैर-सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया। परीक्ष्यमान मोटरयान निरीक्षक शुभम शर्मा ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में आशु कुमारी, सौम्या राज, आंकाक्षा रानी, स्नेहा कुमारी और नेहा कुमारी क्रमश प्रथम द्वितीय तृतीय एवं उत्साहवर्धन स्थान प्राप्त किया जबकि चित्रकला में सिमरन सुमन, गुंजन, आयुष कुमार, रोहन कुमार और अनु प्रिया क्रमश प्रथम द्वितीय तृतीय एवं उत्साहवर्धन स्थान पर रही। वहीं निबंध लेखन में अकांक्षा रानी, नेहा कुमारी, लवली कुमारी, स्नेहा कुमारी, और अंकुश कुमार क्रमश प्रथम द्वितीय तृतीय एवं उत्साहवर्धन पुरस्कार के लिए चुना गया। सभी विधा के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, उपहार से सम्मानित करने के उपरांत पुरस्कार प्रदानकर्ता जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार सत्येन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को यातायात नियम के प्रति जागरुकता हेतु विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता की सराहना करते हुए भाग लेने वाले सभी प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दी। संबोधित करते हुए डीटीओ कुमार सत्येन्द्र यादव ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन से और सृजन दर्पण टीम द्वारा शहर में जो नुक्कड़ नाटक के जरिए सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है साहारणीय है। उन्होंने कहा कि सड़क दुघर्टनाओं पर नियंत्रण तभी आ सकता है जब आप लोग सजग होंगे यातायात एवं सड़क नियमों का पालन करेंगे। सड़क पर अनुशासित ढंग से चलें एवं यातायात नियम का पालन करें। अपने लेन में वाहन चलान सुरक्षित है। नाटक सुरक्षा कवच के जरिए रंगकर्मियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक सड़क सुरक्षा माह 2024 के दौरान जिला परिवहन विभाग कि ओर से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में विभिन्न जगहों पर सड़क सुरक्षा के प्रति सामाजिक सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्था सृजन दर्पण के रंगकर्मियों ने अपने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूकता किया। कलाकारों का मूख उद्देश्य था व्यक्तियों, समुदायों और छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूक करना ।कार्यक्रम में युवा रंग निदेशक बिकास कुमार लिखित और निर्देशित सुरक्षा कवच नामक नुक्कड़ नाटक के संदेश मूलक मंचन के माध्यम से बताया कि सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें अपनाएं गति सीमा का पालन करें, ध्यान भटकने से बचें और यातायात नियमों का पालन करें, घायलों का मदत करें डरे नहीं। यदि आप रोड़ पर गाड़ी चलाते हैं, किसी प्रकार के नशीली पदार्थ का सेवन न करें।

# राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है:कॉ. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा





प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । भाकपा माले ने आर व्यवहार न्यायालय द्वारा अभियानों से माले विधायक कामरेड मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व मधेपुरा जिला सचिव कामरेड रामचंद्र दास ने की तथा कॉलेज चौक पर सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए माले नेता सह किसान नेता का. शंभू शरण भारतीय ने कहा कि सामंती ताकतों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत विधानसभा चुनाव 2015 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्या कांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर कामरेड मनोज मंजिल सहित हमारे अन्य पार्टी नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा ठोक दिया गया था। उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारे पार्टी के स्थानीय नेता कामरेड सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन दलित, गरीबों की लड़ाई लड़ने और सड़क पर स्कूल आंदोलन के चर्चित नेता कामरेड मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फसाकर कर सजा करवा दी गई। भाजपाई और इलाके की सामंती ताकत मनोज मंजिल की बढ़ती लोकप्रियता से काफी घबराई हुई थी। एक तरफ जहां हमारे नेताओं को सजा सुनाई गई वहीं न्यायालय ने दलित गरीबों के हत्यारों को लगातार बरी करने का काम किया है। बिहार में सत्ता बदलते ही भाजपाई अपने रंग में आ चुके हैं, लेकिन उनके नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। आइसा राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा बिहार के इस डबल इंजन एनडीए की सरकार अब विपक्ष के नेताओं को गिन गिन कर बदला ले रही है एवं गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़ों को दबाने की अथक प्रयास कर रही है। आर वाई ए जिला संयोजक कृष्ण कुमार ने कहा वर्तमान सरकार अब जेल और दमन के सहारे नौजवान, दलितों, गरीबों की आवाज को खामोश करना चाहती है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज 14 फरवरी को भाकपा माले, आइसा, आर वाई ए ने इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ मधेपुरा में विरोध दिवस मनाया। विरोध दिवस में शामिल माले जिला सचिव रामचन्द्र दास, माले नेता सह किसान नेता शंभू शरण भारतीय, राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली, आर वाई ए जिला संयोजक कृष्ण कुमार, माले नेता का. सीताराम रजक, सजदा खातून, चंदेश्वरी मंडल, एजाज अख्तर, बिट्टू रावण, उमेश मल्लिक, किरण देवी एवं अन्य साथी मौजूद थे।

# घैलाढ़ में तीन दिवसीय संतमत सत्संग का हुआ समापन



प्रात : किरण, संवाददाता

घैलाढ़,मधेपुरा घैलाढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में तीन दिवसीय संतमत सत्संग का मंगलवार को शांतिपूर्ण वातावरण के साथ समापन हुआ। सत्संग के दौरान बड़ी संख्या में आस पास के श्रद्धालु मौजूद थे। सत्संग समापन होने के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का आयोजन किया गया कसत्संग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी श्री गुरुनंदन जी महाराज ने अपने बानी में कहा मानव जीवन की सार्थकता गुरु भक्ति में है । अटल श्रद्धा और प्रेम से गुरु के बताए मार्ग पर चलने से अवश्य ही गुरु कृपा होती है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को सफल बनाने के लिए नियमित ढंग से सदाचार का पालन करते हुए सत्संग तथा ध्यान अवश्य करना चाहिए । वहीं सत्संग में बाबा ने खाशकर युवाओं के विनम्रता के महत्ता पर प्रकाश डाले जिस सन्दर्भ में उन्होंने बताया कि श्रद्धा पूर्वक आयु,बल,विद्या, और ऐश्वर्या की प्राप्ति होती है ।वहीं उन्होंने आगे कहा कि ईश्वर भक्ति में तीन बातों की प्रधानता है स्तुति,प्रार्थना और उपासना स्तुति से मनोबल बढ़ता है । प्रार्थना से आत्मबल बढ़ता है तथा उपासना से परमात्मा के सानिध्य पहुंचाता है। सत्संग में हजारों की संख्या में सत्संगी उपस्थित हुए। जिसमे जिले एवं प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों से सत्संगियों ने सत्संग सुनने उपस्थित हुए। सत्संग समापन होने के उपरांत आयोजक मुखिया विमल कुमार ने सत्संग सुनने आए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सत्संग में इतनी बड़ी भीड़ देखकर खासकर मुझे काफी ऊर्जान्वित एवं मेरे मनोबल को बढ़ाया है मैं प्रत्येक साल तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन करते आ रहा हूं और आगे भी इस तरह का कार्यक्रम करता रहूंगा।

## आखिर आई अच्छी खबर

कतर में सजायाफ्ता भारतीय नौ सेना के पूर्व कर्मचारियों की रिहाई की खबर सुखद आश्चर्य की तरह आई है। बेशक इसे संभव करा पाना भारत सरकार की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। ये कर्मी कतर की एक नौवहन कंपनी में नौकरी करने गए। लेकिन उन्हें वहां इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले साल कतर की एक अदालत ने उन्हें इस जुर्म में मौत की सजा सुना दी। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम से भारतवासी आहत थे। उसके बाद संभवतः भारत सरकार ने इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। दिसंबर में जब संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई गए, तब वहां उनकी कतर के अमीर से मुलाकात हुई थी। समझा जाता है कि वहीं से इन कर्मियों की रिहाई की जमीन तैयार हुई। पहले कदम के तौर पर एक अपील अदालत ने कैदियों के मृत्युदंड को माफ कर दिया। अब अचानक यह खबर आई है कि आठ में सात कर्मी भारत पहुंच चुके हैं। उनके सकुशल यहां आ जाने के बाद भारत सरकार ने यह खबर सार्वजनिक की। बहरहाल, यह मामला कुछ सवाल हमारे सामने छोड़ गया है, जिन पर गंभीर चर्चा की जरूरत है। आज के तीखे ध्रुवीकरण के माहौल में एक बड़ा नुकसान यह है कि ऐसी बारीक चर्चा की गुंजाइश बेहद सिकुड़ी हुई है। इसके बीच ऐसी हर घटना को प्रधानमंत्री मोदी की कामयाबी या नाकामी से जोड़ दिया जाता है। यह घटना भी इसका अपवाद नहीं है। बहरहाल, इस मुद्दे पर अवश्य चर्चा होनी चाहिए कि क्या विदेश में जाकर किसी अपराध में शामिल होने वाले हर भारतीय को बचाना भारत सरकार का कर्त्तव्य है? या कोई व्यक्ति अपने कार्यों के लिए खुद जवाबदेह है? यह सवाल उस समय और महत्त्वपूर्ण हो गया है, जब भारत सरकार ने अन्य देशों के साथ समझौता करके अपने श्रमिकों को वहां भेजने की नीति अपना ली है। वैसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि क्या ऐसी नीति वाजिब है? क्या व्यक्तिगत रूप से कहीं आने-जाने की स्वतंत्रता और सरकारी नीति के तहत लोगों को कहीं भेजने की योजना में फर्क नहीं किया जाना चाहिए?

## कांग्रेस में पुराने नेता दावेदार

राज्यसभा के दोवार्षिक चुनावों में कांग्रेस की 11 सीटें खाली हो रही हैं और अगर बिहार व झारखंड में सहयोगी पार्टियों ने सद्भाव नहीं दिखाया तो उसे नौ सीटें मिलेंगी। इन नौ सीटों के लिए कांग्रेस के कई पुराने नेता दावेदारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि केंद्र की राजनीति छोड़ कर मध्य प्रदेश चले गए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्यसभा सीट की दावेदारी की है। वे छिंदवाड़ा सीट से नौ बार सांसद रहे हैं लेकिन पिछले चुनाव में उन्होंने बेटे नकुल नाथ को वह सीट दे दी। वे दो बार से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे। अब भी वे विधायक हैं। लेकिन राज्य में कांग्रेस को मिलने वाली एक राज्यसभा सीट पर उन्होंने दावेदारी की है। सोनिया गांधी से मिल कर उन्होंने इसका दावा किया है। छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी चाहते हैं कि उनको राज्यसभा मिले। वे भी विधायक हैं लेकिन दिल्ली की राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा चाहते हैं कि हिमाचल प्रदेश की एक सीट से उनको राज्यसभा में भेजा जाए। वे कई बार राज्यसभा के सांसद ही रहे हैं और अब भी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़नाा चाहते हैं। पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सांसद अभिषेक सिंघवी का कार्यकाल खत्म हो रहा है और वे अपने गृह राज्य राजस्थान से उच्च सदन में जाने के जुगाड़ में लगे हैं। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन और भंवर जितेंद्र सिंह की दावेदारी भी मजबूत है। पार्टी की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी और उनकी बेटी व पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम की भी चर्चा है।

## तीन साल में दूसरा किसान आंदोलन

केंद सरकार की वादाखिलाफी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ न्याय की आवाज उठाए हजारों किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने लगे हैं। किसान मजदूर मोर्चा (केकेएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैरराजनैतिक) ने पहले ही 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया था, जिसके लिए किसानों ने तैयारी शुरू कर दी थी। इधर केंद्र सरकार ने भी किसानों को रोकने के लिए सीमाओं को सील करने से लेकर सड़कों पर कटीदार जाल बिछाने और कीलें लगाने जैसी सारी तैयारियां कर ली थीं। पंजाब-हरियाणा के गांवों में लाउडस्पीकर से ऐलान करके किसानों को मार्च में शामिल न होने की परोक्ष धमकियां दी गईं। पुलिस की मॉक ड्रिल करवाई गई कि किस तरह किसानों को रोका जाए। पंजाब और हरियाणा से दिल्ली आने वाले रास्तों पर सीमेंट और भारी पत्थरों से बैरिकेडिंग कर किसानों को आगे बढ़ने से रोका गया, और किसान फिर भी नहीं रुके, तो उन पर शंभू बार्डर पर आंसू गैस के गोले दागे गए। केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने तक का प्रस्ताव भेजा था, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से पुलिस न रोक पाए, तो उन्हें जेल में तब्दील स्टेडियम में कैद कर लिया जाए। हालांकि दिल्ली सरकार ने इस प्रस्ताव को मानने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री कैलाश गहलोत ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए, किसानों को गिरफ्तार करना गलत है। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री जो कह रहे हैं, केंद सरकार के गृहमंत्री शायद उससे इत्तेफाक नहीं रखते। किसान राजनीति के पुरोधा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने वाली सरकार किसानों का ही नहीं, लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान भी नहीं कर पा रही है। सबसे बड़ी बात यह कि केंद्र सरकार अपनी पिछली गलती से न कोई सबक ले रही है, न ही उस गलती के लिए पछतावे का कोई भाव दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 2020 के अंत में किसान आंदोलन शुरू हुआ था। केंद्र सरकार ने किसानों से चर्चा किए बगैर, सारे पहलुओं को जांचे बिना ही तीन कृषि कानून लागू कर दिए थे। इन कानूनों से किसानों की उनकी जमीन और उपज दोनों ही कार्पोरेट के पास चले जाने का रास्ता साफ हो गया था। इससे किसानों का तो नुकसान था ही, देश को भी दीर्घकालिक नुकसान होता। देश के बेहतर भविष्य की खातिर तब किसानों ने काले कानूनों को वापस लेने के लिए खेतों को छोड़ सड़कों पर उतरने का फैसला लिया था। केंद्र सरकार ने तब कई दौर की बातचीत किसानों से की, लेकिन वह दिखावा ही साबित हुई क्योंकि किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं को सरकार ने समझने की कोशिश नहीं की। 2020 से शुरू हुआ आंदोलन 2021 तक चलता रहा। इस दौरान किसानों को कभी आतंकवादी और खालिस्तानी कहा गया, कभी उनके रास्ते में कांटे गाड़े गए, कभी उनके शिविरों में लगे एसी और आंदोलन स्थल पर मिल रहे भोजन को लेकर तंज कसे गए कि किसान ऐश कर रहे हैं। उस आंदोलन में कम से कम 7 सौ किसानों की मौत हो गई। लेकिन सरकार तब भी विचलित नहीं हुई। सबसे दुखद पहलू यह था कि किसानों के इस आंदोलन पर जनता भी गुमराह नजर आई। आंदोलन के कारण ट्रैफिक में दिक्कतें आ रही हैं, यह तो लोगों को दिखाई दिया, लेकिन यह बात समझ नहीं आई कि कुछ दिनों की दिक्कत सालों साल की बदहाली से बेहतर है। अगर कृषि कानून लागू हो जाते तो देश में हुई हरित क्रांति का कोई अर्थ नहीं रह जाता, क्योंकि खेतों से लेकर गोदामों तक कुछ उद्योगपतियों का कब्जा होता। किसानों ने तब देश को एक बड़ी बर्बादी की ओर धकेलने से बचा लिया था, और अब फिर से उन्हें उन्हीं कारणों और मांगों के साथ आंदोलन पर मजबूर होना पड़ा है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने साल भर चले किसान आंदोलन के आगे झुकते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था और कहा था कि शायद उनकी तपस्या में कोई कमी रह गई, तभी वे इन कानूनों का लाभ किसानों को समझा नहीं पाए। मौजूदा हाल देखते हुए लगता है कि प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या में हुई कमी को दूर करने का कोई प्रयास ही नहीं किया। तभी एक बार फिर किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ा है, एक बार फिर किसानों पर उन्हीं अत्याचारों को दोहराने की सरकार की तैयारी है और एक बार फिर जनता को किसानों के खिलाफ [illegible] जा रहा है कि ये कानून-व्यवस्था के लिए खतरा हैं। मोदी सरकार के 10 सालों में किसानों ने कई बार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, लेकिन इस दूसरे कार्यकाल में तीन साल के भीतर दूसरी बार किसान सड़कों पर हैं, तो निश्चित ही सरकार की कृषि अर्थव्यवस्था को लेकर समझ और किसानों के लिए संवेदनशीलता में कमी है। इस कमी को तभी दूर किया जा सकता है जब सरकार किसानों से खुलकर चर्चा करे। लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी आंदोलन से पहले किसान प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के नुमाइंदों के बीच बातचीत असफल रही है। एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्जमाफी, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में संशोधन, किसान आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने वाले अपराधियों को सजा और प्रभावित किसानों को न्याय, ऐसी महत्वपूर्ण मांगें सरकार के सामने किसानों ने रखी हैं।

# डबल इंजन की सरकार : यहां भी है वहाँ भी

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि-ह्नमध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती हैह्न। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरूआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी। यह वही वाजपेई काल था जब 2002 के गुजरात नरसंहार के बाद वाजपेई ने मोदी को राजधर्म निभाने का उपदेश दिया था और गुजरात की बेलगाम हिंसा से आहत होकर कहा था कि ह्नमैं दुनिया को क्या मुंह दिखाऊंगा?ह्न जबकि उसके बाद 2014 तक यानी दस वर्षों तक तो केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार सत्ता में थी। परन्तु नरेंद्र मोदी ने इसी दौरान गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात और इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया। यहाँ तक कि गुजरात के उसी कथित विकास मॉडल को लेकर 2013 में चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहते सुने गये कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पूरे देश में गुजरात मॉडल लागू करेंगे।





**निर्मल रानी-**
लेखिका पत्रकार हैं।

विगत दस वर्षों से भारतीय राजनीति में कई नवगढ़ित शब्दों ने राजनैतिक शब्दावली में अपनी जगह बनाई है। ऐसा ही एक शब्द है ह्यडबल इंजन की सरकार। यानी जिस दल की केंद्र में सरकार उसी दल की सरकार का राज्य में भी होना। और यदि ह्यडबल इंजन की सरकार बन भी जाये तो भी सत्ताधीशों की हवस यहीं खत्म नहीं होती। बल्कि फिर यह ह्यट्रिपल इंजन की सरकार की बात भी करने लग जाते हैं। यानी इनकी इच्छानुसार स्थानीय निकाय से लेकर दिल्ली की संसद तक हर जगह एक ही दल का परचम लहराये। हालांकि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान जहाँ एक मजबूत सरकार होती है वहीं मजबूत विपक्ष भी उस मजबूत सरकार को नियंत्रित रखने के लिये जरूरी समझा जाता है। परन्तु 2014 में नरेंद्र मोदी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद विपक्ष विहीन लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश की जा रही है और राज्यों में यह माहौल पैदा किया जा रहा है कि केवल डबल इंजन की सरकार ही किसी राज्य को तरक़्क़ी के रास्ते पर ले जा सकती है। दुर्भाग्यवश ऐसी भी कई मिसालें हैं जहाँ भाजपा चुनाव परिणामों में तो कई राज्यों में सत्ता में नहीं आ सकी परन्तु उसने खरीद-फरोख़्त कर या डरा धमका कर या फिर लोभ लालच देकर यानी येन केन प्रकारेण डबल इंजन की अपनी सरकार बना डाली। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि-ह्नमध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती हैह्न। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरूआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी। यह वही वाजपेई काल था जब 2002 के गुजरात नरसंहार के बाद वाजपेई ने मोदी को राजधर्म निभाने का उपदेश दिया था और गुजरात की बेलगाम हिंसा से आहत होकर कहा था कि ह्नमैं दुनिया को क्या मुंह दिखाऊंगा? जबकि उसके बाद 2014 तक यानी दस वर्षों तक तो केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार सत्ता में थी। परन्तु नरेंद्र मोदी ने इसी दौरान गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात और इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया। यहाँ तक कि गुजरात के उसी कथित विकास मॉडल को लेकर 2013 में चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहते सुने गये कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पूरे देश में गुजरात मॉडल लागू करेंगे। गोया नरेंद्र मोदी के अनुसार गुजरात ने उनके कार्यकाल में ही विकास की अभूतपूर्व इबारत लिखी। सवाल यह कि जब राज्य में उस समय डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो गुजरात का विकास बिना केंद्र सरकार के सहयोग के कैसे संभव हुआ? दिल्ली व पंजाब सहित उड़ीसा, दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर के कई राज्य इस समय भी गैर भाजपाई सरकारें चला रहे हैं। क्या वहां विकास नहीं हो पा रहा? और इस बात की भी क्या गारंटी है कि डबल इंजन की सरकार ही विकास कर सकती है? यदि वे मध्य प्रदेश की सरकार को देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुये यह कहते हैं कि डबल इंजन की सरकार ही विकास का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बन सकती है।

# भारत की पीएलआई योजना की उपलब्धि और भविष्य की संभावनाओं का मूल्यांकन

अपने शुभारंभ के बाद से, पीएलआई योजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।746 आवेदनों को मंजूरी मिलने के साथ, इस योजना ने कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है। रोजगार सृजन पर भी काफी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों में, रोजगार के लगभग 7 लाख नए अवसरों का सृजन हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन और बिक्री बढ़कर 8 .70 लाख करोड़ रुपये हो गई है तथा प्रोत्साहन के रूप में 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं।प्रत्यक्ष लाभार्थियों में 8 पीएलआई क्षेत्रों की 176 एमएसएमई शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात साल की अवधि में, पीएलआई योजना के तहत, 14 प्रमुख क्षेत्रों में 3 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गयीं हैं, जिसमें फॉक्सकॉन, सैमसंग, विप्रो, टाटा, रिलायंस, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू, डाबर जैसी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय अग्रणी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है।पीएलआई योजना स्मार्टफोन निर्माण में विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है, जिसने मोबाइल निर्यात में लगभग नगण्य से 2022-23 के 11 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। अगले 2-3 वर्षों में शेष 14 क्षेत्रों पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ने का अनुमान है। मोबाइल विनिर्माण (वर्तमान में 20 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय मूल्यवर्धन की कमी के बारे में कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई आशंकाएं एक हद तक गलत प्रतीत होती हैं, जब हम इस क्षेत्र के साथ-साथ ई-वाहन जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हैं, जहां घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) न्यूनतम 50 प्रतिशत है।





**राजेश कुमार सिंह-**
लेखक - सचिव, डीपीआईआईटी

भारत की उल्लेखनीय विकास गाथा में यदि कोई चुनौती अभी तक बनी हुई है, तो यह निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी है, जिसकी भारत के जीवीए में हिस्सेदारी मात्र 17.4 प्रतिशत पर बनी हुई है। यह हिस्सेदारी, कृषि की हिस्सेदारी से भी कम है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने के सरकार के लगातार प्रयासों के अंतर्गत विभिन्न पहलों की शुरूआत की गयी है। इन पहलों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सबसे प्रमुख है। घरेलू विनिर्माण में आमूल-चूल बदलाव के लक्ष्य के साथ शुरू की गई पीएलआई योजना का उद्देश्य क्षमता व दक्षता को बढ़ाना और वैश्विक चैंपियन का निर्माण करना है। इसके व्यापक लक्ष्यों में शामिल हैं- रोजगार सृजन करना, पर्याप्त निवेश आकर्षित करना, निर्यात बढ़ाना और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना। इसके गुणक प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान में संभावित वृद्धि हो सकती है तथा घरेलू कंपनियों का क्षेत्रीय और वैश्विक उत्पादन नेटवर्क के साथ निर्बाध एकीकरण हो सकता है। अपने शुभारंभ के बाद से, पीएलआई योजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 746 आवेदनों को मंजूरी मिलने के साथ, इस योजना ने कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है। रोजगार सृजन पर भी काफी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों में, रोजगार के लगभग 7 लाख नए अवसरों का सृजन हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन और बिक्री बढ़कर 8.70 लाख करोड़ रुपये हो गई है तथा प्रोत्साहन के रूप में 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। प्रत्यक्ष लाभार्थियों में 8 पीएलआई क्षेत्रों की 176 एमएसएमई शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात साल की अवधि में, पीएलआई योजना के तहत, 14 प्रमुख क्षेत्रों में 3 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गयीं हैं, जिसमें फॉक्सकॉन, सैमसंग, विप्रो, टाटा, रिलायंस, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू, डाबर जैसी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय अग्रणी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है। पीएलआई योजना स्मार्टफोन निर्माण में विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है, जिसने मोबाइल निर्यात में लगभग नगण्य से 2022-23 के 11 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। अगले 2-3 वर्षों में शेष 14 क्षेत्रों पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ने का अनुमान है। मोबाइल विनिर्माण (वर्तमान में 20 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय मूल्यवर्धन की कमी के बारे में कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई आशंकाएं एक हद तक गलत प्रतीत होती हैं, जब हम इस क्षेत्र के साथ-साथ ई-वाहन जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हैं, जहां घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) न्यूनतम 50 प्रतिशत है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के क्षेत्र में भी डीवीए पहले से ही 45 प्रतिशत है और इसे 2028-29 तक 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा, पीएलआई योजना का डिजाइन यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रोत्साहन राशि जारी होने से पहले बिक्री (निर्यात सहित) के साथ-साथ अतिरिक्त निवेश को भी गति प्रदान करे। इसका मतलब यह है कि शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के संदर्भ में यह योजना अपने आप में आत्मनिर्भर है, क्योंकि वितरित किए जाने वाले प्रोत्साहनों की तुलना में राजस्व प्रवाहों (जीएसटी और प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में) को हिसाब में शामिल किया जाए, तो यह अपने लिए अधिक भुगतान प्राप्त करती है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि इकाइयों द्वारा दुकान स्थापित करने और सब्सिडी प्राप्त करने के बाद इन्हें बंद करने की बहुत कम संभावना है या कोई संभावना नहीं है, जैसा सब्सिडी से जुड़ी अन्य सरकारी योजनाओं के मामले में अक्सर होता है। सरकार ने स्थानीय विनिर्माण को मजबूत करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सहित अतिरिक्त उपायों को पीएलआई योजना के लिए पूरक बनाया है। उदाहरण के लिए, इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने खिलौना क्षेत्र को आगे बढ़ाया है, जिसका निर्यात 96 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 326 मिलियन डॉलर हो गया है। इसी तरह, स्थानीय खरीद और रक्षा गलियारों को खोलने जैसी नीतियों से उत्साहित रक्षा क्षेत्र के निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गयी है। रक्षा निर्यात 2014-15 के 700 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ये सफलताएं एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम के क्रमिक विकास का संकेत देती हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों पर पीएलआई योजना का ध्यान, मौजूदा श्रम बल के कौशल को बेहतर करने, तकनीकी रूप से पुरानी मशीनरी को बदलने और विनिर्माण क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम बनाएगा। विशेष रूप से दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के क्षेत्र में, बढ़ी हुई उत्पादन मात्रा बढ़ती उपभोक्ता मांग को पूरा कर रही है, जहां योजना के समय पर लागू होने से पूरे भारत में 4जी और 5जी उत्पादों को तेजी से अपनाने की सुविधा मिली है। इसके अतिरिक्त, ई-वाहन, सौर पैनल जैसी हरित प्रौद्योगिकियों में पीएलआई ने, फेम योजना और नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग को बढ़ाने जैसे मांग पक्ष के उपायों के साथ मिलकर, भारत को नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने एनडीसी लक्ष्यों से भी पार जाने में मदद की है। पीएलआई के तहत बढ़ी हुई बिक्री के लिए बेहतर लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी, जिसका समाधान पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान का उपयोग करके हमारी अवसंरचना में भारी निवेश द्वारा किया गया है। अवसंरचना में भारी निवेश से पूरे भारत में विनिर्माण क्षेत्रों को मल्टीमॉडल परिवहन-संपर्क प्रदान करना संभव होगा। प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना के साथ क्लस्टर पार्क विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करते हैं। राज्यों के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से प्राप्त एक समावेशी दृष्टिकोण, भारत के आंतरिक क्षेत्रों में उद्योगों और कारीगरों को देश की विकास गाथा का अभिन्न अंग बनने के लिए सशक्त बना रहा है। एक-जिला-एक-उत्पाद और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ाने के लिए क्लस्टर-आधारित योजना- स्फूर्ति, जैसी पहलें भारत और उसके उद्योगों के लिए कथित प्रतिस्पर्धी नुकसान को अल्पकालिक और दीर्घकालिक फायदे में बदल रही हैं। महामारी और परिणामी वैश्विक सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल से उत्पन्न चुनौतियों ने पीएलआई योजना के सुविचारित उद्देश्यों की पुष्टि की है। इसका संबद्ध इकोसिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी), जो आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में योगदान देतीं हैं और अशांत वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाती हैं, के साथ एकीकृत होने की रणनीतिक स्थिति में है। एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर वैश्विक चैंपियन के रूप में उभरने के देश के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर, भारतीय निमार्ता अपने सुविधा-क्षेत्र से आगे बढ़ने के प्रति उत्साहित हैं। निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि पीएलआई योजना भारत के विनिर्माण परिदृश्य को नया आकार देने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी है। इसकी उपलब्धियां, रणनीतिक पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति और भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता को रेखांकित करती हैं। यह योजना भारत को नवाचार तथा सतत व समावेशी विकास के भविष्य की ओर आगे बढ़ाती है। देश विनिर्माण उत्कृष्टता के एक नए युग के मुहाने पर खड़ा है।

# किसानों की मांगों पर सहानुभूति से विचार हो

**डॉ. अमरीक ठाकुर-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत प्रतिबद्धता में से एक किसानों का सशक्तिकरण है। किसानों को सशक्त बनाना व उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री की ग्रामीण भारत की बेहतरी के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता है, जो भारत की अधिकांश आबादी को सशक्त बनाने और किसान समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित हैं। समावेशी विकास पर एक मजबूत ध्यान देने के साथ, उनकी नीतियों और कार्यक्रमों को ग्रामीण और शहरी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और नीम-लेपित यूरिया उर्वरक को बढ़ावा देने जैसी पहलों को लागू करके, मोदी ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की भलाई सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की खाद्य टोकरी में विविधता लाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया है। बाजरा लचीला, पौष्टिक और जलवायु-स्मार्ट फसलें होने के नाते, खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने और किसानों की आजीविका में सुधार करने की क्षमता रखती हैं। इस पहल का उद्देश्य बाजरा की खेती, खपत और व्यावसायीकरण को पुनर्जीवित करना है, जो अंततः किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभान्वित करता है। श्री अन्न वर्ष 2023 जैसी पहलों के माध्यम से, श्री अन्न की खेती के लिए किसानों को बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ती। धान के मुकाबले मोटे अनाज की खेती में पानी की खपत कम होती है। यूरिया और दूसरे रसायनों की जरूरत नहीं पड़ती है। इसकी खेती पर्यावरण के लिए भी बेहतर है। पिछले कुछ सालों की तरह अगर दुनिया में यूं ही श्री अन्न की मांग बढ़ती है तो किसान कम लागत पर ज्यादा फायदा देने वाली फसल की पैदावार को और बढ़ा सकेंगे। भारत में उगाए जाने वाले मोटे अनाजों में पर्ल मिलेट, ज्वार, फिंगर मिलेट और प्रोसो मिलेट, कोदो मिलेट, छोटा मिलेट, कंगनी मिलेट, ब्राउनटॉप मिलेट, बार्नयार्ड मिलेट, चौलाई और बकवीट जैसे गौण श्री अन्न शामिल हैं। भारत में मोटा अनाज खाने की परंपरा रही है। यह इनसान को सेहतमंद रखता है। भारत यही परंपरा अब दुनिया तक पहुंचाना चाहता है। पीएम मोदी ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बात कही। हाल में मन की बात में भी उन्होंने इसका जिक्र किया है। सरकार की पहल के तहत ही संसद की कैंटीन में भी मोटे अनाज से बने व्यंजनों की शुरूआत हुई है। कैंटीन में देश के अलग-अलग इलाकों में फेमस मोटे अनाज से बने व्यंजन को खाने की सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस साल भारत में आयोजित होने वाले जी-20 कार्यक्रम में मोटे अनाज से बने पकवानों को विदेशी मेहमानों और वर्ल्ड लीडर्स के सामने पेश किया है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। दुनिया भर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने में भारत सबसे आगे रहा है। वेबएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, मोटा अनाज मोटापा, दिल की बीमारियां, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर का खतरा घटाता है। यह बॉडी में ऐसे बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाता है जो आंतों की सेहत दुरुस्त रखते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है इसमें मौजूद फाइबर और पोषक तत्व। यही वजह है कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहते हैं। मोटे अनाज में फाइबर के साथ विटामिन-बी, फोलेट, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम, आयरन और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटने, वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। किसान समुदायों की आबादी के बीच आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने किसान समुदायों की आबादी में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। देश भर के किसानों का उत्थान किया है। उनके समर्पित फोकस के परिणामस्वरूप कई प्रभावशाली पहल हुई हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने औपचारिक ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है, जिससे ग्रामीण उद्यमियों को अपने व्यवसाय को स्थापित करने और विस्तार करने में सक्षम बनाया गया है। इससे ग्रामीण समुदायों की जीवन स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम कृषि सिंचाई योजना और पीएम फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता स्पष्ट है।

# एसएसबी जवानों ने 375 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को दबोचा

- नेपाल की ओर से आ रही पिकअप के बड्डी में बना था तहखाना

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 47 वी वाहनी रक्सौल के जवानों द्वारा बुधवार को लाखो रुपया मूल्य के 375 किलो गांजा के एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक पिकअप वाहन बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर मकवानपुर नेपाल का बताया जाता है ।इसकी जानकारी 47 वी वाहनी कमांडेंट विकास कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सहायक कमांडेंट मदन मोहन भट्ट को गुप्त सूचना मिली थी कि आईसीपी गेट संख्या 4 से नेपाल की ओर से भारतीय सीमा में भारी मात्रा में गांजा आने वाला है। इसी दौरान जवानों ने वाहनों की जांच शुरू किया। इस बीच ना 04 च 8978 पिकअप को जांच के लिये रोका गया और पाया गया कि मूल बड्डी में बदलाव किया गया है। सन्देह के आधार पर तलाशी दल के कमांडर उपनिरीक्षक मनोरंजन दास व मुख्य आरक्षी चन्द्र राम द्वारा तलाशी की गई। इस दौरान पाया गया कि गाड़ी का फ्लोर बड्डी दो भागों में बटी है, जिसमे खाली जगह था। इस दौरान भूरे रंग के टेप लपेटे हुवे 25 पैकेट में रखे करीब 375 किलो गांजा बरामद किया गया। इस दौरान नेपाल मकवानपुर निवासी तस्कर अम्बर बहादुर को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में सहायक कमांडेंट मदन मोहन भट्ट, सहायक उपनिरीक्षक मनोरंजन दास, मुख्य आरक्षी चन्द्र राम,मुख्य आरक्षी धर्मेंद्र तिवारी ,मुख्य आरक्षी रामनरेश महतो, आरक्षी सलीम अंसारी,आरक्षी विवेकानन्द मोहनटीआरक्षी उपेंद्र कुमार,टुनटुन कुमार,कमलेश महतो आदि जवान मौजूद थे। बता दे पिछले 8 फरवरी को भी एसएसबी 47 वी वाहनी के जवानों ने उक्त गेट से ही करीब 206 किलो गांजा बरामद किया था।



## संक्षिप्त खबरें

### अश्लील गाना बजाने को लेकर छः युवक हुए गिरफ्तार

छपरा। सरस्वती पूजा के अवसर पर आपपति जनक गाना बजाएं जाने को लेकर हुई मारपीट में सारण पुलिस ने 6 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सारण पुलिस हेडक्वार्टर से मिली जानकारी के अनुसार इसुआपुर थाना अंतर्गत करेवा पंचायत के धामा गांव में अहले सुबह सरस्वती पूजा के अवसर पर अश्लील गाना बजाने को लेकर दो गुटों के असामाजिक तत्वों में जमकर मारपीट हुई। मामला थाने तक पहुंचा और जांच के क्रम में 6 दोषी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई, और जेल भेज दिया गया।

### डीजे बजाने के मामले में एक युवक हुआ गिरफ्तार

छपरा। नगर थाना अंतर्गत आरक्षी केंद्र के मुख्य गेट के नजदीक महिंद्रा मैजिक पर लदे डीजे से गाना बजाएं जाने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि लाउडस्पीकर एक्ट के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्र के लिए अनुमंडल पदाधिकारी से अनुज्ञप्ति लेना आवश्यक है। गिरफ्तार किए गए युवक गोलू कुमार पिता धीरेंद्र राय पूर्वी दहियावां का निवासी बताया गया है। इस मामले में नगर थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है जिसका कांड संख्या 73/24 है। नगर थाना के गश्ती दल ने पुलिस केंद्र के मुख्य गेट के समीप महिंद्रा मैजिक पर लगे डीजे से गाना बजाया जा रहा था। पूछ-ताछ करने पर गिरफ्तार गोलू कुमार ने बताया कि इसका लाइसेंस नहीं लिया गया है।

### आठ वर्ष से फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मढ़ौरा। पिछले आठ सालों से फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त दरियापुर थाना क्षेत्र के बेरुई गांव निवासी निवासी छबीला उर्फ साई नट का पुत्र रंजन उर्फ गब्बर नट बताया गया है। उक्त अभियुक्त पर मढ़ौरा थाना में कांड संख्या 111/2016 दर्ज.है। जिसमे पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहा था। गब्बर नट पर डकैती की योजना बनाने एवम डकैती के प्रयास का आरोप है। वांछित अभियुक्त की गिरफ़्तारी में मढ़ौरा थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित गांधीवादी पी.वी राज गोपाल का रक्सौल में हुआ भव्य स्वागत



प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित गांधीवादी पी.वी राज गोपाल 13 फरवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कर्म भूमि रक्सौल पहुंचें। जहां राष्ट्रीय एकता परिषद के सदस्य समेत 2 सौ गांधीवादी जुटें। रक्सौल में उनका स्वागत किया गया। साथ ही महात्मा गांधी की प्रासंगिता पर एक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पी.वी. राजगोपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी भरत प्रसाद गुप्त ने की। कार्यक्रम सामाजिक संगठन ह्यसद्भावना के तत्त्वाधान में आयोजित हुआ। अतिथियों का स्वागत सद्भावना के अध्यक्ष डा. मुराद आलम ने किया, जबकि मंच संचालन राजेश केशरीवाल ने किया। वहीं सेवा निवृत शिक्षक विशंभर प्रसाद, नुरुल्लाह खान ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय भूमि अधिकार मंच के संस्थापक और भूमि अधिकार कर्मी जगत बसनेत, राष्ट्रीय भूमि अधिकार मंच, नेपाल के अध्यक्ष जगत बहादुर देउबा, मनीपुर के प्रखर गांधी वादी, देवन भाई, एकता परिषद के अध्यक्ष रण सिंह परमार,उपाध्यक्ष सह बिहार संयोजक प्रदीप प्रियदर्शी, पूर्वी चंपारण संयोजक श्याम नंदन सिंह, मध्य प्रदेश की वरिष्ठ कार्यकर्ता शोभा तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रो. रामाशंकर प्रसाद, मोहन भाई, रणजीत सिंह, डा. गौतम कुमार, वीर शमशेर पटेल, श्रेयांस कुमार उर्फ बिट्टू कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं आज रात्रि में श्री राजगोपाल का विश्राम रक्सौल में ही होगा। इसके बाद वे वीरगंज जायेंगे, जहां भूमि अधिकार मंच, सत्याग्रह नेपाल समेत अन्य संगठनों के द्वारा जुटे 3 सौ गांधीवादी कार्यकताओं यानी करीब 5 सौ लोग पद यात्रा करते हुए बारा जिला के पथलैया स्थित काठमांडू के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम से जुड़े नेपाल के जाने-माने गांधीवादी चिंतक व सत्याग्रह संस्था के संस्थापक चन्द्रकिशोर, सामुदायिक आत्मनिर्भर केन्द्र के अध्यक्ष जगत बस्नेत, भूमि अधिकार मंच के जगत देउजा, कल्पना कार्की आदि ने बताया कि भारत के गांधी वादी मित्र जो शांति और संवाद में विश्वास करते हैं, नेपाल के सहयोगी मित्रो के साथ यह पद यात्रा और कार्यक्रम कर रहे हैं, जो बदली परिस्थिति में मानवता और विश्व शांति का संदेश देंगे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के साथ-साथ अब बेटा पढ़ाओं पर फोकस करें सरकार: मुकेश

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं के साथ साथ अब बेटा पढ़ाओं अभियान सरकार को ज्यादा फोकस करने की जरूरत हैं। उक्त बातें सारण पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू ने छपरा शहर के श्यामचक स्थित प्राथमिक विद्यालय में बेंच वितरण के दौरान कही। उन्होने कहा कि आजकल समाज में अक्सर देखने को मिल रहा है कि हर मामले में बेटियां बेटों से आगे हैं। पढ़ाई के मामले में भी आज बेटियां आगे हैं। लेकिन लड़के पढ़ाई के मामले में पिछड़ रहें है। आजकल के बहुत सारे युवा सोशल मीडिया और मोबाइल में अपने भविष्य को सीमित कर रखें हैं पढ़ाई में रूचि नहीं ले रहें है। इसलिए सरकार को अब बेटा पढ़ाओं अभियान चलाना चाहिए। मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू ने अपने जुड़वा पुत्रों के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में बच्चों को बैठने के लिए 5 जोड़ी बेंच भेंट किया। ताकि छात्र-छात्राओं को बैठने में कोई परेशानी न हो। इस मौके पर उन्होने आमलोगों से अपील किया कि जन्मदिन पर अगर कुछ करना चाहते हैं तो समाज के विकास में अपना योगदान दें और अपने आस-पास के विद्यालय में जरूरत के संसाधन भेंट करें। ताकि बच्चें के पढ़-लिखकर बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। उन्होने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा को अनदेखी किया जा रहा है। जमीन के अभाव में कई विद्यालयों का कोड समाप्त कर दूसरे विद्यालयों से टैग कर दिया गया है। सरकार सड़क बनाने के लिए करोड़ों का जमीन खरीद सकती है तो विद्यालय एवं खेल मैदान बनाने के लिए जमीन क्यों नहीं खरीद रही है। मुकेश कुमार उर्फ सोनू ने जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर हमला करते हुए कहा कि प्रशांत किशोर समाज में बदलाव की बात कर रहें है और अपनी लग्जरी पद यात्रा पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहें है इतना हीं समाज की चिंता है तो क्यों नहीं उसी पैसा से जमीन खरीदकर भूमिहीन विद्यालय बनवा रहें। ताकि हर गरीब का बच्चा पढ़ सके। संजीवनी समाचार के संस्थाप दिवंगत पत्रकार गुड्डू के नाम पर बनी संस्था गुड्डू राय विद्यालय एवं खेल मैदान निर्माण समिति के बैनर तले लगातार शिक्षा एवं खेल में सुधार को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को श्यामचक स्थित प्राथमिक विद्यालय में बेंच वितरण किया गया ।समिति का नारा है पढ़ाई खेलाई ईहे कामे आई।

## धूमधाम से मनाई गई क्षेत्र में सरस्वती पूजा

- या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा सदर: या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के श्लोक से क्षेत्र गुंजायमान रहा। जिले के ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक बसंत पंचमी के दिन बुधवार को विद्या की देवी सरस्वती की उपासना बहुत ही धूमधाम से लोगों ने की। मौसम विपरीत रहने के बावजूद भी विद्यार्थी अपनी पूजा के लिए जम रहे। बताते चले की चूकि सरस्वती को विद्या की देवी माना गया है। इसलिए ज्यादातर इनकी पूजा , अर्चना में कम उम्र से लेकर के अधिक उम्र तक के छात्र लगे रहते हैं। नाबालिक छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी उनका सहयोग करते हैं । बुधवार को जिले के विभिन्न कस्बे तथा क्षेत्र में जगह-जगह पर सुंदर पंडाल को सुसज्जित करके पूजा पाठ किया गया। जिसके तहत छात्र जहां सरस्वती मां से अपनी विद्या में बढ़ोतरी के लिए याचना किए तो बड़े भी अपनी बुद्धि विवेक कायम रहे इसके लिए माता के चरणों में प्रसाद, फूल, पान, लौंग ,इलाइची इत्यादि अर्पित किए। आज ही के दिन से लोग अबीर गुलाल का भी प्रयोग करना शुरू कर देते हैं तथा यह प्रयोग होली के अवसर पर गुलाल अबीर खेलने के बाद समाप्त कर दिया जाता है। उसके बाद पुनः लोग बसंत पंचमी का ही इंतजार करते रहते हैं ताकि एक दूसरे के ऊपर गुलाल लगाकर खुशहाली का इजहार कर सके। उधर शहर के आदर्श विद्या मंदिर स्कूल परिसर में निदेशक अजीत कुमार सहाय के देखरेख में सरस्वती पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा,श्री चित्रगुप्त समिति एवं कायस्थ परिवार जुड़े चित्रांश कमल किशोर सहाय ,डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव,राजेश कुमार सिंह राकेश कुमार दत्ता,प्रिंस राज सहित अन्य चित्रांशों के अलावा अभिभावक एवं विद्यरथियो ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## बकाया रुपए मांगने पर हुई मारपीट

प्रात: किरण, संवाददाता

दरियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मस्ती चक में बकाए रुपए मांगने पर एक दलित की जमकर पिटाई कर दी गई ।हरपुर निवासी पीड़ित हरेंद्र राम ने इस संबंध में थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में उसने कहा है कि वह मस्ती चक गांव के एक व्यक्ति को 40 हजार रुपए दिया था। काफी समय बीत जाने और रुपए नही मिलने पर वह मस्ती चक उक्त व्यक्ति के घर पर पहुंचा ।जब रुपए की मांग की तो उक्त आरोपी व पांच छह की संख्या में वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। जान मारने की नीयत से उसका गला दबाने का भी प्रयास किया गया। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## जेपीयू के नवनियुक्त कुलपति के देखरेख में 28 फरवरी से आयोजित होगी पार्ट वन की परीक्षा

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर : जयप्रकाश विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई के नेतृत्व में पहली बार 28 फरवरी से परीक्षा आयोजित होगी। बताते चले कि यह परीक्षा टीडीसी पार्ट 1 सत्र 2022-25 की होगी। बताते चले कि स्नातक पार्ट वन 2022-25 की परीक्षा जो 28 फरवरी से शुरू होगी यह परीक्षा दो पालियो में आयोजित की जाएगी पहली पाली सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक तथा दूसरी पाली शाम को 2:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी। इस बाबत परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर डाल दिया गया है तथा सभी महाविद्यालय अपने नोटिस बोर्ड पर भी इसको प्रकाशित करेंगे। गौरतलब है कि ऑनर्स की परीक्षा 28 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगी तथा सब्सिडियरी एवं जनरल विषय की परीक्षा 4 मार्च से 13 मार्च तक होगी। ऑनर्स विषय को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया है। जिसमें ग्रुप ए, बी, सी, डी शामिल है। ग्रुप-ए में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ, बॉटनी, जूलॉजी तथा आईएफएफ ,ग्रुप बी में हिस्ट्री, अकाउंट, होम साइंस, उर्दू, ग्रुप-सी में राजनीति विज्ञानऔर अर्थशास्त्र ग्रामीण अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र संस्कृत, भोजपुरी तथा ग्रुप डी में अंग्रेजी, हिंदी, संगीत भूगोल, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र शामिल है।

## विश्वविद्यालय में कुलपति ने वैदिक विधि से की सरस्वती की आराधना



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर : बुधवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय में कुलपति महोदय प्रो परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने वैदिक विधि विधान से की सरस्वती माता की पूजा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बताते चले कि बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर एवं शुभ मुहूर्त में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर सरस्वती पूजा की गई जिसमें कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई एवं कुलपति की पत्नी डॉ ज्योति बाजपेयी ने यजमान की भूमिका निभाई ।इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने कहा कि सरस्वती पूजा हमारी सांस्कृतिक विरासत में सम्मिलित है ।हमें अपने विरासत को अक्षुण्ण रखना चाहिए। इस पूजा के आयोजन के लिए राजीव कुमार पाठक एवं रनधीर कुमार यादव ने प्रमुख भूमिका निभाई ।यह पूजा सभी अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के आर्थिक सहयोग से की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर हरिश्चंद्र, कुलसचिव प्रोफेसर रणजीत कुमार, इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह, पीए सुनील कुमार सिंह, रंजन, दीपक विकास कुमार यादव, अंसारी आदि मौजूद थे।

## राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित का. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा निंदनीय : माले

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर : माले सारण जिला सचिव सभा राय ने बुधवार को बताया कि माले कार्यकर्ताओ ने आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा दिनांक 13 फरवरी को अगिआंव से माले विधायक का. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है । उन्होंने कहा कि जेल व दमन के जरिए दलितों-गरीबों की आवाज दबाई नहीं जा सकती. हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2015 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्याकांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर का. मनोज मंजिल और हमारे अन्य पार्टी नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा थोप दिया गया था. उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टी के स्थानीय नेता का. सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी. उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन दलित-गरीबों की लड़ाई लड़ने और सड़क पर स्कूल आंदोलन के चर्चित नेता मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फंसाकर सजा करवा दी गई. भाजपाई और इलाके की सामंती ताकतें मनोज मंजिल की बढ़ती लोकप्रियता से काफी घबराई हुई थी. एक तरफ जहां हमारे नेताओं को सजा सुनाई गई, वहीं न्यायालय ने दलित-गरीबों के हत्यारे को लगातार बरी करने का काम किया है. बिहार में सत्ता बदलते ही भाजपाई अपने रंग में आ चुके हैं, लेकिन उनके नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

## विद्यालय के रसोई घर का ताला तोड़ समग्री की चोरी

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर (सारण) सहाजितपुर थाना क्षेत्र रा मध्य विद्यालय कोल्हुआ के रसोई घर का ताला का तोड़कर अज्ञात चोरो द्वारा रसोई बनाने वाले सभी वर्तन कामर्शियल सिलेंडर,दो छोटा बड़ा टब छोलनी छनौटा सहित सभी समग्री की चोरी कर लिया है। घटना के संबंध मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने प्राथमिकी मे बताया है कि 5 बजे बंद कर विद्यालय से घर चले गए जब सुबह 9 बजे विद्यालय पहुंच देखा की रसोई घर का ताला तोड़कर सभी समग्री गायब है।

## शिल्हौरी उपमुखिया की कुर्सी छीनी

प्रात: किरण, संवाददाता

मढौरा। स्थानीय शिल्हौरी पंचायत की उपमुखिया प्रतिमा देवी पर विरोधी पंचायत सदस्यों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव मंगलवार को बहुमत से पारित हो गया। इस तरह से प्रतिमा देवी उपमुखिया के पद से हट गई । इस दौरान कराए गए मतदान में प्रतिमा देवी के पक्ष में सात मत जबकि आलोक कुमार के पक्ष में 11 मत प्राप्त हुए।

## परसा पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रात: किरण, संवाददाता

परसा। गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग गावो में छापेमारी करते हुए एक कोर्ट वारंटी व दो शराबी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कोर्ट वारंटी स्थानीय थाना क्षेत्र के सुमन छपरा बनौता गांव निवासी राम किशोर सिंह का पुत्र बिपिन कुमार सिंह बताया जाता है ।वही गिरफ्तार शराबी बभंगाव गांव निवासी अवधेश सिंह का पुत्र ब्रजेश सिंह तथा माड़र गांव निवासी आश मिया का पुत्र सदातक हुसैन बताया जाता है ।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया की सुमन छपरा बनौता से एक कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार किया गया है ।और दो शराबी पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनो को जेल भेज दिया गया है।

## विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना धूमधाम से की गई

प्रात: किरण, संवाददाता



मांझी प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना धूमधाम से की गई। अधिकांश गांवों में बने आकर्षक पूजा पंडालों में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर छात्र-छात्राओं, युवाओं समेत ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। खराब मौसम के बावजूद युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। कोहड़ा बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में माँ शारदे का बना अयोध्या के श्रीराम मंदिर मॉडल भव्य पूजा-पंडाल आकर्षक का केंद्र रहा। जिसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। इसके अलावें माँझी नरसिंह भगवान मन्दिर सहित दाउदपुर, जैतपुर, हर्षपुरा, बनवार, सोनिया, साधपुर, बलेसरा, जगतियां, पिलुई, नसीरा, चमरहियां, इनायतपुर, शीतलपुर, बरेजा, सरयूपार, बंगरा, शीतलपुर, मदनसाठ, गोबरहि, मांझी, ताजपुर, मुबारकपुर, महम्मदपुर, समेत अधिकांश गांवों में पूजा समितियों के द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल बनाकर माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहाँ विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कई विद्यालयों में भी प्रतिमा स्थापित कर बच्चों ने पूजा-अर्चना की।

## भारी मात्रा में शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के चर्चित हरदिया चंवर में स्थित एक ईंट भट्ठा के पास से 115 लीटर देसी शराब के साथ तीन कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार शराब कारोबारियों में सोनू कुमार,शिव दयाल राय व मुकेश कुमार शामिल है ।सभी को पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया ।जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हरदिया चंवर स्थित एक ईंट भट्ठा के पास कुछ लोग शराब का कारोबार कर रहें हैं ।इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर छापेमारी कर शुरू की ।जिसमें तीनों कारोबारी शराब के साथ पकड़े गए।

# सबार्नंद सोनोवाल बिहार में कालूघाट आईडब्ल्यूटी टर्मिनल और 14 सामुदायिक जेट्टी का करेंगे उद्घाटन

- आईडब्ल्यूटी टर्मिनल 82.48 करोड़ रुपये की लागत से बना है और यह 77,000 टीईयू की वार्षिक क्षमता बढ़ाएगा

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सबार्नंद सोनोवाल बिहार के सारण में कालूघाट आईडब्ल्यूटी टर्मिनल और सामुदायिक जेट्टी का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त, श्री सबार्नंद सोनोवाल बिहार के बेतिया में गंडक नदी पर दो सामुदायिक जेट्टी की आधारशिला रखेंगे। सोनोवाल आज बिहार में 14 और झारखंड में दो सामुदायिक जेट्टी का भी उद्घाटन करेंगे। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी और अंतदेर्शीय जलमार्गों से व्यापार की सुविधा प्रदान करेंगी। बिहार के सारण जिले में गंगा नदी के उत्तरी तट पर रणनीतिक दृष्टि से स्थित कालूघाट क्षेत्र के परिवहन नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यह टर्मिनल एनएच -19 तक सीधी पहुंच के साथ कार्गो आवाजाही की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में उभरा है, विशेष रूप से रक्सौल और उत्तर बिहार के भीतरी इलाकों के माध्यम से नेपाल जाने वाले शिपमेंट के लिए। 82.48 करोड़ रुपये में बने, इसकी आधारभूत अवसंरचना में वार्षिक 77,000 टीईयू की क्षमता वाला 125 मीटर ७ 30 मीटर बर्थ शामिल है। साथ ही इसमें कंटेनर भंडारण, ट्रक पार्किंग और प्रशासन, सुविधाओं और सुरक्षा सुविधाओं जैसे आवश्यक भवनों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र हैं। कालूघाट टर्मिनल विशेष रूप से कंटेनर यातायात के लिए एसटीपी, अग्निशमन प्रणाली तथा आईटी अवसंरचना जैसी उपयोगिताओं से लैस है, जो परिचालन दक्षता सुनिश्चित करता है। कालूघाट टर्मिनल हल्दिया/ कोलकाता बंदरगाहों के लिए निर्बाध संपर्क की सुविधा प्रदान करेगा जिससे क्षेत्रीय व्यापार और वाणिज्य को प्रोत्साहन मिलेगा। गंडक नदी पर मंगलपुर और बेतिया में तैरते पंटून जेट्टी वाया एनडब्ल्यू -37 नेपाल और भारत को जोड़ेंगे, जिसकी लागत 3.33 करोड़ रुपये होगी। ये जेट्टी विभिन्न वस्तुओं के उत्पादकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त, बिहार में एनडब्ल्यू -1 के साथ 14 स्थानों पर 17.50 करोड़ रुपये लागत के सामुदायिक जेट्टी स्थानीय किसानों और व्यापारियों को सीधे बाजार पहुंच प्रदान कराएंगे, पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगे और रोजगार को बढ़ावा देंगे।

## शहर से गाँव तक भक्तों ने की माँ सरस्वती की आराधना



प्रात: किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर। प्रखण्ड क्षेत्र में विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में माँ सरस्वती के मंत्रोचार व भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय लग रहा था। क्षेत्र के नगर पंचायत, झौआ, आमी, पिपरा, रामदासचक, त्रिलोकचक, शीतलपुर, बस्ती आदि क्षेत्रों में छोटे बड़े पूजा पंडालों में युवाओं द्वारा धूमधाम से सरस्वती की पूजा करते देखे गए। रामदासचक के बागेश्वरी पूजा समिति द्वारा पुलवामा हमले की बरसी पर शाहिद सैनिकों को एक हजार एक दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई ।कमिटी के सदस्यों ने बताया कि गुरुवार को भव्य देवी जागरण का भी आयोजन किया गया है। वही त्रिलोकचक में एक पूजा कमिटी के पच्चीस वर्ष होने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब तस्करों पर नकेल कसने के उद्देश्य से वरीय पदाधिकारियों ने की बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

माँझी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गंगा व सरयु के रास्ते होने वाली शराब तस्करी में शामिल तस्करों पर नकेल कसने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने मैराथन तैयारी शुरू कर दी है। इसी उद्देश्य के मद्देनजर बुधवार को माँझी प्रखण्ड मुख्यालय परिसर स्थित मनरेगा भवन के सभागार में आयोजित बैठक में सारण, सिवान, बक्सर व भोजपुर के अलावा उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के उत्पाद विभाग के शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक में इस मुद्दे पर गम्भीरता पूर्वक मंथन किया गया। बैठक में मौजूद विभागीय पदाधिकारियों ने स्थापित चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी टिप्स भी दिया। बैठक में सारण के मद्यनिषेध उत्पाद के सहायक आयुक्त केशव कुमार झा, भोजपुर के सहायक आयुक्त रजनीश, सिवान के मद्यनिषेध अधीक्षक अविनाश प्रकाश, बक्सर के मद्यनिषेध अधीक्षक दिलीप कुमार पाठक, बलिया के डीईओ विष्णुदेव दुबे तथा बलिया के आबकारी निरीक्षक दिनेश कुमार पासवान समेत अनेक पदाधिकारी शामिल थे।

## 400 लीटर स्प्रिट बरामद

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। गुप्त सूचना के आधार पर अमनौर थाना अंतर्गत मधुबनी ग्राम स्थित जमुनिया गाछी के पास से 400 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज कर शराब कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। जिसका प्राथमिकी कांड संख्या 33/ 24 है।

## मां शारदा के जयकारों से गूंज उठे जलालपुर के पूजा पंडाल

प्रात: किरण संवाददाता

जलालपुर प्रखंड क्षेत्र में बसंत पंचमी को आयोजित सरस्वती पूजा में विभिन्न पूजा पंडालों में दिनभर मां की जयकारे लगते रहे बुधवार को हुई झमाझम वारिश के बीच सभी पूजा पंडालो में वैदिक विधान के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई और मां के पट खुलेतत्पश्चात हवन व मां का आरती की गई श्रद्धालु भक्तो ने मां की प्रार्थना कर आशीर्वाद की कामना की क्षेत्र के हर गांव में कई पूजा पंडाल बनाए गए हैं वहीं कई कोचिंग संस्थानो व निजी विद्यालयों मे भी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है सुबह से ही बच्चों ,युवाओ की भीड़ पूजा पंडालो के पास लगी रहीं वहीं जमकर वारिश होने से जगह जगह जल जमाव भी हो गयोगांव की सड़के कींचड़ से सन गईहालांकि बच्चो व युवाओ का जोश मौसम खराब होने के बावजूद चरम पर था`कई जगह बने पूजा पंडालो मे देवरिया गांव के ब्रह्म बाबा के परिसर मे व शर्मा टोला मे बने भव्य पूजा पंडाल मे मां सरस्वती की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र बनी है वही जलालपुर पोखरा पर गुफा की आकृति वाले पूजा पंडाल मे मां सरस्वती की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुर में विभिन्न विद्यालयों में सरस्वती पूजा का किया गया आयोजन

आरा। बालिका उच्च विद्यालय एवं शिशु संस्थान महादेवा रोड आरा में प्रत्येक वर्ष की तरह सरस्वती पूजा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। पूजन दशम वर्ग की छात्रा क्रमशः कुमारी सौम्या, सुप्रिया राज, रिया केशरी, दिव्या कुमारी आदि ने किया। विद्यालय के आचार्य चन्द्र भूषण उपाध्याय ने पूर्ण विधि विधान के साथ विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राम तिवारी ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाली छात्राओं की सफलता के लिए माँ सरस्वती से मंगल कामना की। प्रधानाध्यापिका डॉ निरुपमा सिंह ने परीक्षार्थी छात्राओं को एकाग्रचित होकर परीक्षा देने की सलाह दी एवं माँ सरस्वती की कृपा सभी छात्राओं पर बनी रहे इसकी कामना की। पूजन में सभी वर्गो के छात्र छात्राओं के साथ साथ काफी संख्या में उनके अभिभावक तथा शिक्षक सुरेश कुमार, एकता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### पुलवामा शहीदों की 5वीं बरसी पर देश की आंखे हुई नम : डॉ. मनीष

बिक्रमगंज (रोहतास)। पुलवामा शहीदों के 5वीं बरसी पर बुधवार को पुनः एक बार देश की आखें नम हो गई। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के पुलवामा में 14 फरवरी सत्र 2019 को हुए आतंकी हमले को पांच साल पूरे हो गए हैं। जिस हमले में जैश-ए मोहम्मद के आतंकी आदिल अहमद डार ने 350 किलो विस्फोटक से भरी एसयूवी बस से भिड़ा दी थी। जिस हमला में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के 40 जवान शहीद हो गए थे। जिस आतंकी हमले हादसे की कहानी सुनकर आज भी देशवासियों की रूह कांप जाती है। इस क्षण को भावुक होकर याद करते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने शहीद जवानों को दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही बताया कि 14 फरवरी भारत के इतिहास में काला दिवस के समान है। जिस दिन आतंकवादियों ने कायराना हरकत से हमारे देश चालीस जवानों को मौत के आगोश में सुला दिया था। जिस दिन हर भारतीयों की आंखे नम हो गई थीं। लेकिन इसका बदला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर लिया था।

### 16 फरवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बिक्रमगंज (रोहतास) नारायणपुर ग्रिड में 132 केवी वोल्ट सप्लाई कार्य रिपेयरिंग को लेकर विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। जिस कार्य तहत ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडर बिक्रमगंज, तरारी, सूर्यपुरा, नटवार, संझौली, दावथ, नोनहर, कोआथ, सकला की विद्युत आपूर्ति 16 फरवरी को 11 से 14 बजे तक बन्द रहेगी। उक्त अवधि में ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक कार्यपालक अभियंता संचरण अवर प्रमंडल बिक्रमगंज उपेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि शीतकालीन मरम्मती के कारण ग्रिड से निकलने वाली 33 केवी फीडर का विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। जिसको लेकर उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपनी जरूरी काम निपटा लेंगे।

### थानाध्यक्ष को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना में पदस्थापित नवनियुक्त थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित। जानकारी देते हुए काराकाट प्रखंड के जदयू प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि थानाध्यक्ष को पार्टी के अन्य कार्यकर्ता सहित सहयोगियों ने गुलदस्ता व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों ने थानाध्यक्ष को सम्मानित करने के उपरांत शुभकामनाएं व बधाई दी। थानाध्यक्ष श्री चौधरी ने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरसंभव आप सबकी सुरक्षा में सदैव तत्पर रहूंगा। साथ ही साथ थाना क्षेत्र में लॉयन ऑर्डर, अमन शांति एवं विधि-व्यवस्था कायम रखूंगा। साथ ही जनता की सुरक्षा व विधि-व्यवस्था में काराकाट पुलिस सदैव तत्पर रहेगी। मौके पर अध्यक्ष आशुतोष सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ में धूम धाम से की गई मां सरस्वती की पूजा अर्चना

कैमूर। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर रामगढ़ कैमूर में बुधवार को विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन भैया बहनों वह आचार्य के द्वारा धूमधाम से किया गया साथ ही साथ मातृ पितृ पूजन दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले भैया बहनों के आए हुए माता-पिताजी का विधिवत पूजन भी किया गया। ।विद्यालय में इस प्रकार का कार्यक्रम सदैव होते रहते हैं अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव रंजन जी ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना का आशीर्वाद दिए।

# मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास के खिलाफ पूरे जिले में हुआ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक का. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के आक्रोशित जनता ने पूरे जिले में आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला।

आरा में यह मार्च जिला कार्यालय से निकल जवाहर टोला, नवादा होते हुए स्टेशन परिषर में पहुंचा। जहां एक सभा की गई। सभा को भाकपा - माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने किया।

मार्च में जिला सचिव जवाहर लाल सिंहः, केंद्रीय कमिटी सदस्य राजू यादव, तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, राज्य कमिटी सदस्य कयामुद्दीन अंसारी, आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार, आरवाईए राज्य सचिव शिव प्रकाश रंजन, राज्य कमिटी सदस्य विजय, सुधीर कुमार, जिला कमिटी सदस्य नन्द जी, राजनाथ राम, विकाश कुमार, निरंजन केसरी, संगीत सिंह, शोभा मण्डल, अमित कुमार बंटी, सुशील पाल, सहित सैकड़ों छात्र - युवा नेता शामिल थे। सभा की संचालन नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया।

अगिआंव के पवना में पार्टी प्रखण्ड कार्यालय से बिरोध मार्च निकला गया। विरोध मार्च में शामिल ब्लॉक सचिव रघुबर पासवान, जिला कमिटी सदस्य भोला यादव, ब्लॉक कमिटी सदस्य चंदेश्वर मास्टर, भूषण यादव, बिष्णु मोहन, प्रमोद यादव, फअ युवा नेता अखिलेश कुमार, अप्पू यादव जितेंद्र पासवान, रणधीर कुमार, रमेश कुमार, परमात्मा, नवीन कुमार, मुखिया आजाद राम, समिति उदय पाल सहित हजारो कार्यकता मौजूद रहे।

सन्देश में प्रखण्ड सचिव संजय सिंह, जित्तन चौधरी, संजय गुप्ता, बीरबल यादव, भरत सिंह, साधु कुशवाहा शिव कुमार राम के नेतृत्व में निकला।

तरारी प्रखण्ड में प्रखण्ड सचिव रमेश जी युवा नेता सुधीर यादव कब नव्तृत्व में निकला इसके अलावे सहार, पीरो, सहित सभी प्रखण्डों में निकाला गया।

## डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को राज्य सभा प्रत्याशी बनाए जाने पर लोगों ने दिया बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राज्य सभा चुनाव 2024 मे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं बिहार कांग्रेस के लोकप्रिय नेता डाक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह को एक बार फिर से राज्य सभा सदस्य के रूप में प्रत्याशी बनाए जाने पर पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे जी तथा देश के जननायक नेता राहुल गांधी जी के प्रति भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी आभार व्यक्त करती है। जिलाध्यक्ष अशोक राम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति गहरी निष्ठा के साथ साथ उदगार व्यक्त करते हैं कि डाक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह को पुनः दुबारा राज्य सभा में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए मोका प्रदान किया है इनके कुशल नेतृत्व में बिहार कांग्रेस मजबूत और सशक्त बन रहा है और पार्टी का सांगठनिक ढांचा जमीनी स्तर पर मजबूत हो रहा है। भोजपुर जिला के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ साथ ज़िले वासियों में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालो में डॉ शशि कुमार सिंह शिवकुमार सिंह लाल शरण सिंह बिरेन्द्र मिश्रा रजी अहमद अशोक यादव अमित द्विवेदी श्रीधर तिवारी पन्नग कुमार त्रिपाठी जितेंद्र शर्मा संतोष पाण्डेय प्रमोद राय सत्य प्रकाश राय सत्यनारायण सिन्हा रवि राम सुर्य प्रकाश रतन धामालीया रविन्द्र तिवारी आदि लोग रहे।

## भोजपुर और बिहार में गरीबों की लड़ाई को रोकने और उनके आवाज को खामोश कर देने की साजिश है : दीपंकर भट्टाचार्य

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। भाकपा - माले जिला कार्यालय में प्रेस को सम्बोधित करते हुए भाकपा - माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मनोज मंजिल और उनके साथ और 22 सक्रिय साथियों जिसमे 90 के उम्र तक की सजा पूरी तरह से झूठे मुकदमा जो राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भाजपा की साजिश का हिस्सा है। ये दुर्भाग्य की बात है। जो सजा दी गई वह तथ्य पर आधारित नही है। जो अन्याय है।

मनोज मंजिल लगतार न्याय के लिए लड़ते रहे हैं। गरीबों - दलितों के अधिकार के लिए लड़ते रहें हैं। सामाजिक उत्पीड़न, आर्थिक शोषण, बिहार के पिछड़ेपन के खिलाफ बच्चों के पढ़ाई, किसानों की खेती के लिए लड़ते रहें हैं। लेकिन आज उनके साथ ही इतना बड़ा अन्याय हो गया। जाहिर है कि भोजपर और बिहार में गरीबों की लड़ाई को रोकने और उनके आवाज को खामोश कर देने की साजिश है। इसके साथ हीआज के दौर में पूरे देश मे विपक्ष पर जबरदस्त हमला हो रहा है। विपक्ष के सरकारों को चलने नही दिया जा रहा है।

सांसदों को निलंबित कर दिया गया। पूरे विपक्ष पर हमला है तो हमारे नेताओं पर भी हमला है। इसके खिलाफ पूरे बिहार और देश मे मिल कर लड़ेंगे। जो कानूनी प्रक्रिया है उसे लड़ेंगे और जनता के अदालत में इस बात को लेजाएँगे। जनता जानती है कि अलग -अलग दौर में अलग - अलग तरीके आए जनता के दावेदारी को कुचलने की कोशिश हुआ। कभी जनसंहार तो कभी नेताओ की हत्या किआ गई। आज इस नए दौर में भाजपा के नेतृत्व में सामंती ताकते गरीबों के दावेदारी को कुचलने की कोशिश कर रही है। जिसके खिलाफ भोजपुर ही नही पूरा बिहार लड़ेगा और इस को चकनाचूर करेगा। कल गड़हनी में हमारे सक्रीय साथियों का बैठक है जिसमे आगे की रणनीति बनाएंगे। और एक सप्ताह पूरे भोजपर में यह विरोध कार्यक्रम चलेगा।

## बसन्तोत्सव-2024' का भव्य सांस्कृतिक किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय 'शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवों, आरा में 'बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का पूजनोत्सव तथा 'बसन्तोत्सव-2024' का भव्य सांस्कृतिक आयोजन किया गया। यह आयोजन दो सत्रों में सम्पन्न हुआ। समारोह के प्रथम सत्र में पूरे विधि-विधान से माँ सरस्वती का पूजन किया गया तथा वैदिक मन्त्रों के साथ हवन-यज्ञ सम्पन्न हुआ। विद्यालय के छात्राओं ने अपने मधुर सामूहिक स्वर में माँ सरस्वती की संगीतमय आरती प्रस्तुत किया। माँ सरस्वती के जयकारे तथा वैदिक मन्त्रों के उच्चारण से आस-पास का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

समारोह के द्वितीय सत्र में विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'बसन्तोत्सव-2024' का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त-रूप से किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षक-कर्मचारियों तथा अभिभावकों को बसन्त पंचमी की शुभकामनायें देते हुए निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कार से परिचित कराने का एक व्यापक अभियान है। इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में नैतिक मूल्यों की नींव डाली जाती है।

बसन्तोत्सव-2024 के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संगीत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार, अमितेश रंजन और श्री सुंदरम नाथ मिश्रा के दिशा-निर्देश में भक्ति-संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे अतिथि, अभिभावक तथा विशिष्ट लोगों को भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत 'सरस्वती बंदना वीणा वादिनी ज्ञान की देवी से हुई, जिसे छात्र-छात्रा तपस्या भारद्वाज, सोम्या सिंह, अर्पिता केशरी, आस्था रानी, अन्नया केशरी, निशिता कुमारी, कृषि कुमारी, विवेक राज, आर्यन कुमार, रंजन तिवारी तथा आर्यन सिंह ने प्रस्तुत किया। समूह गीत देखो आई बंसत मतवारी रे को शिशु शाखा की छात्रा तृषा, शिल्पी, आराध्या, मुस्कान, जाह्नवी, नंदनी, अंशिका तथा आराध्या ने प्रस्तुत कर दर्शक दिर्घा में बैठे लोगों को झुमने पर मजबुर कर दिया। इसी तरह होली गीत मोहन के बाजेला बासुरियाँ, सुने गोकुल नगरियाँ हो को अर्पिता, तपस्या, नाब्या साह, खुशबू, मनीषा यादव, तान्या सिंह, रिया तथा निशिता कुमारी ने आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आपस में रंग-गुलाल खेल कर बसंत आगमन का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी पर पाश्चात्य संस्कृति हावी न हो इसके लिए हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार से जुड़े गीत-संगीत एवं मूल्यों को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने वर्तमान युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों के हरास पर चिन्ता व्यक्त की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्री अरविंद ओझा ने किया।

## द होली सेवियर चर्च रमना आरा में उपवास प्रार्थना के साथ संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। एस वेडनेसडे ईसाइयों का महा उपवास काल प्रार्थना का आरंभ द होली सेवियर चर्च रमना आरा में उपवास प्रार्थना के साथ हुआ पास्टर अनिल जीउत के अगुवाई में मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु कि आराधना के गीत प्रस्तुत किया गया "जैसे माता संभालती है ऐसे यीशु संभालेगा"," यीशु तेरा नाम मेरा शरण स्थान हृदय से स्तुति करूंगा ","प्रभु महान विचारों कार्य तेरे कितने अद्भुत जो तूने बनाई"," एक आग हर दिल में हमको जलाना है भटके हुए जीवन को प्रभु से मिलना है" गीतों को गाकर प्रभु यीशु की आराधना स्तुति किया गया सामूहिक बाइबल पाठ निर्मला, आरती ,गीता, रिंकी ने पढ़ा मती उसका सातवां अध्याय 1 से 10 इस अवसर पर पादरी अनिल जीउत ने बताया कि आज एस वेडनेसडे यानी राख बुधवार का महा उपवास काल का पहला दिन है आज से ईसाई समुदाय के लोग 40 दिनों का उपवास प्रार्थना करते हैं 40 दिनों का उपवास प्रार्थना हमारे आत्मिक बल बुद्धि और आर्थिक सम्पंदिता के लिए किया जाता है हमें दुनियादारी से मन फिरा कर परमेश्वर पर भरोसा रखना है जो कुछ भी हम प्रार्थना करते हैं परमेश्वर हमारी प्रार्थनाओं को सुनता है हमें परमेश्वर से प्रार्थना करना है कि हे प्रभु हमें प्रार्थना करना सीखा जब हमारे अंदर प्रार्थना करने की आत्मा रहती है तब हम परमेश्वर को पहचान सकते हैं वह कितना महान है कितना दयालु है वह हमें क्षमा करने के लिए सीखते हैं हमारे प्रतिदिन की रोटी हमें प्रदान करते हैं वह हमें परीक्षाओं से बचाते हैं प्रार्थना द्वारा हम परिस्थितियों को बदल सकते हैं हमें जो भी आवश्यकता है विश्वास के साथ अपने परमेश्वर से मांगना चाहिए क्योंकि परमेश्वर ने हमारे लिए अपने प्राण को दे दिया गतसमणी के बैग में प्रभु यीशु ने प्रार्थना किया जब उनका पसीना मानो लहू की बूंद बन के टपक रहा था हमें भी अपने दुखों में समस्याओं में प्रार्थना करना है परमेश्वर के सामने हमें उसकी स्तुति करना है अपने पापों का अंगीकार करना है परमेश्वर को किए हुए कामों के लिए धन्यवाद करना है और अपने निवेदन को परमेश्वर के सामने प्रस्तुत करना है प्रभु यीशु मसीह हमें शांति देते हैं और हमारे देश पर तरस का हाथ को बढ़ाते हैं क्योंकि वह हर एक जन से प्यार करते हैं प्रार्थना परमेश्वर से बात करना और परमेश्वर की सुनना है 40 दिनों की यह प्रार्थना घर-घर पर होगी कई गांव में जाकर प्रार्थना होगा और इसके अंत में खजूर रविवार ,गुड फ्राइडे और ईस्टर पर्व मनाया जाएगा इस अवसर पर चर्च में सोनू कुमार, हरे कृष्ण, लाल जी ,अनमोल, गीता ,आरती, निर्मला ,रिंकी आदि ने देश मे आने वाले लोकसभा का शान्तिपूर्ण चुनाव, राज्य सरकार और जिले,गांव मे अमन-चैन के लिए प्रार्थना किया।

## जैन धर्मावलंबियों ने निकाली भव्य पालकी शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। महाजन टोली नंबर दो स्थित श्री 1008 दिगंबर जैन पंचायती मंदिर प्रांगण से भगवान पार्श्वनाथ की भव्य पालकी शोभायात्रा जैन धर्मावलंबियों के द्वारा निकाली गयी। पालकी शोभायात्रा में पुरुष-महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में बच्चें भी शामिल थे। शोभायात्रा में युवा धोती-दुपट्टा में श्रीजी की पालकी को कंधों में लेकर काफी उत्साहित थे। शोभायात्रा में शामिल लोग हाथों में पचरंगा जैन ध्वज को लहराते हुए प्रभु की जयकारा लग रहे थे। भक्तगण रिमझिम बारिश के बीच भक्ति में झूम रहे थे। पालकी शोभायात्रा के मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया बसंत पंचमी के पावन शुभ अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा वार्षिक रथयात्रा सह पालकी शोभायात्रा निकालने की परंपरा रही है यह शोभायात्रा पंचायती मंदिर प्रांगण से निकालकर शहर के गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, हॉस्पिटल रोड, बड़ी मठिया, महादेवा रोड, बिजली रोड, बड़ी चौक होते हुए पुनः पंचायती मंदिर परिसर में पहुंचेगी वहां भगवान पार्श्वनाथ की बड़े ही भक्तिपूर्वक पंचामृत अभिषेक पूजन एवं वृहद शांतिधारा संपन्न होगा। श्रीजी का पंचामृत अभिषेक करने का सौभाग्य डॉ राकेंद्र चंद्र जैन, आदेश जैन, समता जैन, प्रकाश चंद जैन, अभय कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, शील जैन, डॉ विकास चंद्र जैन, अरुण कुमार जैन, अभिषेक जैन, सुगून कुमार जैन, पंकज जैन, अज्जू जैन, नीलम जैन, शीलभद्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ। पूजन संयोजक डॉ शशांक जैन ने विधिवत पूजन कार्य सम्पन्न कराएं। पूजन के पश्चात साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था समाज के द्वारा आयोजित था जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर आनंदित थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव डॉ आदित्य बिजय जैन, बिभु जैन, धीरेंद्र चंद्र जैन, शोभायात्रा संयोजक विमलेश जैन, पंचायती मंदिर संयोजक आकाश जैन, अज्जू जैन, डॉ श्वेता जैन, मनोज जैन, सिद्धांत जैन, ओंकार अग्रवाल, अंशुल जैन, प्रशांत जैन, प्रतीक जैन इत्यादि लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

## सुधाकर सिंह ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रम स्थल की तैयारीयों का लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बक्सर संसदीय क्षेत्र के रामगढ़ विधानसभा के दुर्गावती प्रखंड में जोर शोर से तैयारी चल रही है। जहां एक तरफ डोर टू डोर जाकर लोगों से काफी से काफी संख्या में धनेछा हाई स्कूल के मैदान में 16 फरवरी को 12:00 बजे दिन में उपस्थित होने के लिए अपील किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी तरफ पूर्व कृषि मंत्री सह रामगढ़ विधानसभा के विधायक सुधाकर सिंह खुद तैयारीयों का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ छनेछा हाई स्कूल पहुंचे जहां पर तैयारीयों का जायजा लिया। वहीं उन्होंने बताया कि 16 फरवरी को 12:00 बजे दिन में राहुल गांधी और बिहार सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भारत जोड़ो यात्रा के तहत दुर्गावती में आगमन होने जा रहा है जिसे लेकर धनेछा हाई स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर सभी तैयारियां की जा रही है। वहीं श्री सिंह ने लोगों ने अपील किया कि काफी से काफी संख्या में 16 फरवरी को धनेछा हाई स्कूल के मैदान में पहुंचकर अपने नेता के विचारों को सुने और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस मौके पर राजद युवा किसान मोर्चा के प्रदेश महासचिव आनंद कुमार सिंह, राजद के दुर्गावती प्रखंड प्रभारी पिंकू सिंह सहित काफी संख्या में महा गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मां सरस्वती पूजन पर माई छोटा स्कूल के बच्चों ने की वंदना

बिक्रमगंज (रोहतास) बुधवार के दिन पूरे प्रखंड में धूमधाम से बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा मनाया गया। जिस अवसर पर पूजा समितियों तथा शैक्षणिक संस्थानो में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। जिस पूजा अवसर पर नगर परिषद बिक्रमगंज के अंजबित सिंह कॉलेज रोड़ स्थित ' माई छोटा स्कूल ' में सैकड़ों मासूम बच्चों ने मां सरस्वती के प्रतिमा समक्ष दीप जलाते हुए पूजा अर्चना करते हुए मां की वंदना किया। जिस पूजा पर स्कूली बच्चों में नित्या प्रकाश, नैना गुप्ता, सौम्या गुप्ता, शिवांगी त्रिपाठी, अनीता आर्यन, रुद्र पाठक, सुधांशु कुमार, शिवांश मोदी, रुहीन खां सहित उपस्थित अन्य बच्चें भी काफी उत्साहित थें। वही स्कूल की निदेशक रेणु सिंह ने बसंत पंचमी व मां सरस्वती पूजा के अवसर पूजा अर्चना करते हुए बताया कि हिदू पंचांग के अनुसार इसे सबसे शुभ दिन माना गया है।

## ज्ञान ज्योति नटखोट जोन 'ए प्ले स्कूल' का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। ज्ञान की देवी माँ सरस्वती पूजा (बसंत पंचमी) के दिन ज्ञान ज्योति नटखोट जोन ह्यए प्ले स्कूलह्न का भव्य उद्घाटन आरा नगर के बीच नाला मोड, एम.पी.बाग के नजदीक हुआ। ज्ञात हो कि ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, बामपाली, आरा के अन्तर्गत इस प्ले स्कूल की स्थापना की गई है।

विद्यालय का विधिवत उद्घाटन डॉ. एस. के. रूंगटा, डॉ. सविता रूंगटा, डॉ. कुमार जितेन्द्र, सुमन जैन, निदेषक डॉ. आदित्य बिजय जैन, प्राचार्या डॉ. सीपी जैन, डॉ. हर्षित बिजय, रेषू जैन, प्राची जैन, अरिहन्त बिजय, सिद्ध बिजय, जिनवाणी आदि द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया ।विद्यालय के निदेषक डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि नन्हे बच्चे जब षिक्षा प्राप्त करना प्रारम्भ करते हैं तो उनके माता-पिता उन्हें स्वयं विद्यालय पहुंचाने आने के लिए उत्सुक होते हैं। कुछ नन्हे बच्चों के अभिभावकों को बामपाली स्थित विद्यालय थोड़ा दूर लगता था। अभिभावकों के इस फीडबैक पर विचार करते हुए ज्ञान ज्योति परिवार ने यह महसूस किया कि नगर के बीच एक प्ले स्कूल की आवष्यकता है। आज यह विद्यालय उन अभिभावकों की आकांक्षा पूरी कर रहा है। प्राचार्या डॉ. सीपी जैन ने बताया कि यह विद्यालय प्ले ग्रुप से वर्ग 2 तक यहां संचालित होगा। तत्पष्चात अग्रेत्तर षिक्षा के लिए बामपाली स्थित विद्यालय में ट्रांस्फर कर दिया जाएगा। प्राचार्या के अनुसार आज के इस आधुनिक युग में नन्हे बच्चों को प्ले स्कूल में जिन सुविधाओं की आवष्यकता होती है, वे सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई गई है। अपने लम्बे अनुभव को साझा करते हुए प्राचार्या ने बताया कि इस विद्यालय में बच्चों को क्लास रूम के अन्दर एजुकेषनल खिलौनों के माध्यम से खेल-खेल में पढ़ाई कराई जाएगी। नई षिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए आज के समय की मांग के अनुसार क्रिएटिव प्रोजेक्ट आदि की तैयारी कराई जाएगी।

विद्यालय संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही जिनवाणी जैन ने बताया कि इस प्ले स्कूल में नन्हे बच्चों के लिए मैथ लैब, लैंग्वेज लैब, कम्प्यूटर लैब, डांस एण्ड म्यूजिक, ऑडियो-विडियो क्लास रूम, एजुकेषनल खिलौने आदि के माध्यम से बच्चों को षिक्षा प्रदान की जाएगी। बच्चों के उपर पढ़ाई का भार नहीं पडेगा, अपितु वे खेल-खेल में ही अत्यधिक ज्ञान अर्जित कर लेंगे। साथ ही बच्चों के मनोरंजन और शारीरिक एक्टिविटि के लिए आउटडोर गेम्स जैसे प्ले स्टेषन, मिनी बास्केट बॉल, क्रिकेट, विभिन्न प्रकार की ट्वाय गाड़ियां आदि भी उपलब्ध हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रो. रणविजय कुमार, शम्भू चैरसिया, अजित राय, प्रेम शंकर सिंह, नीषित ज्ञान, अभिषेक जैन, मिनाली जैन, साकेत जैन, वीणा जैन, आलोक वर्मा, आदित्य खेमानी, लक्ष्मी खेमानी, सुदिप्त तिवारी, अक्षत जालान, पंकज प्रभाकर, मनीष अग्रवाल, रवि चन्द अग्रवाल, परिमल जैन, अंजनी श्रीवास्तव, अमित वर्मा, डॉ. सर्वेष कुमार, सुनील कुमार, संजय जालान, तबस्सुम बानो, चतुरानन ओझा, नेहा, दीक्षा, महेष मिश्र, रूक्साना, विजय आदि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता





नावानगर (बक्सर) अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भोजपुर जिले के बखोरापुर गांव में किया। जाएगा। इसकी जानकारी देते बखोरापुर गांव निवासी भारत प्लस एथेनॉल कंपनी लिमिटेड के सीएमडी सह वरीय समाजसेवी अजय कुमार सिंह ने बताया कि स्व रामाधार सिंह की 11वीं पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि बखोरापुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के मैदान में 16 फरवरी को खेला जाएगा।आगे आयोजक भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति बखोरापुर गांव निवासी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय महिला बॉलीबॉल की खिलाड़ी जय श्री राठी सहित राज्य एवं देश स्तर के कई महिला तथा पुरुष खिलाड़ी इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे ज्ञात हो कि स्व रामाधार सिंह की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता में बिहार में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी का पदार्पण होगा। इसकी पुष्टि करते उद्योगपति अजय कुमार सिंह द्वारा 16 फरवरी को बखोरापुर की धरती पर बिहार के इतिहास में पहली बार बखोरापुर के राजकीय बुनियादी विद्यालय के मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को बॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए उतारा गया है ।साथ ही स्व. रामाधार सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां गीता पाठ,पुष्पांजलि एवं स्व रामाधार सिंह की धर्मपत्नी समाजसेवी देव कुमारी देवी द्वारा जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया।

## गैस सिलेंडर से घर में लगी भीषण आग, दो जख्मी, लाखों समान जलकर खाक

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर परिषद बिक्रमगंज के धारूपुर वार्ड संख्या 21 में स्थित शिव मंदिर के समीप गैस सिलेंडर से लीकेज होने के कारण घर में लगी भीषण आग , लाखों रुपए के समान जलकर हुए खाक , दो आंशिक रूप से जख्मी । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र के धारूपुर वार्ड संख्या 21 में स्थित शिव मंदिर के समीप बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे के आसपास खाना पकाने के क्रम में गैस सिलेंडर से लीकेज होने के कारण घर में भीषण आग लग गई । उक्त घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच आग बुझाने में जुट गए । जिसकी सूचना ससमय अग्निशमन कार्यालय को दूरभाष के द्वारा दी गई । जिसकी सूचना मिलते ही त्वरित घटनास्थल पर तीन अग्निशमन वाहनों के साथ पहुंच अग्निशमन अधिकारी व कर्मी लोग आग बुझाने में जुट गए ।

## किसानों ने 44 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना रखा जारी

### 16 फरवरी को भारत बंद के दौरान सड़क को करेंगे जाम

प्रात : किरण संवाददाता

चांद। उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसान बुधवार को बर्षा में अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। धरना पर बैठे किसानों ने बर्षा से भीगते रहे जय जवान जय किसान के नारे बुलंद करते रहे । दोपहर में तेज बर्षा होने पर किसानों ने टेंट लगा लिया। भूमि पर बहते पानी एवं लगातार बर्षा होने के बावजूद भी किसान धरना से एक मिनट के लिए नहीं हटे । किसानों में आंदोलन के प्रति समर्पण को दशार्ता है। अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसान अवधेश कुमार सिंह रविशंकर पटेल श्यामसुंदर सिंह भूपेंद्र सिंह विकास उपाध्याय आदि ने कहा किसानों के एमएसपी गारंटी कानून उचित मुआवजा सहित अन्य मांगों के लिए किसान संगठनों द्वारा 16 फरवरी को भारत बंद का समर्थन किया जाएगा। किसानों ने कहा किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के द्वारा 16 फरवरी को भारत बंद में दोपहर एकता चौक पर जाम किया जाएगा। अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसान 16 फरवरी को भारत बंद का समर्थन करते हुए कैम्प स्थल मसोई के सामने सड़क जाम करेंगे। धरना पर बैठे किसानों में सरकार की उपेक्षा से आहत हैं। उन्होंने ने कहा बिना उचित मुआवजा मिले एक इंच सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में किसानों की अधिग्रहण की भूमि की बहुत ही कम मुआवजा दी जा रही है। जिसे लेकर किसान पिछले 2 साल से कैमूर जिले में आंदोलन कर रहे हैं। लगातार आंदोलन कर रहे किसानों के मांग पर सरकार की अड़ियल रवैए से किसानों ने तय किया है बिना उचित मुआवजा मिले एक इंच सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा ।जिसे लेकर कैमूर के किसान सड़क निर्माण नहीं होने पाए इसके लिए जबरदस्त मोचार्बंदी की हुई है। किसानों के आंदोलन के चलते एनएचएआई ने एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए पायलिंग लेबलिंग एवं डीपीआर तैयार नहीं कर पाई है। एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं चांद प्रखंड में एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में किसी प्रकार का काम नहीं होने देना चाहते हैं। किसानों के अड़ियल रवैए के चलते एनएचएआई अधिकारियों ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करने की इच्छा जताई हुई है। किसानों ने उचित मुआवजा की मांग को लेकर वार्ता करने के लिए तैयार हैं। कैमूर जिले में एक्सप्रेस-वे निर्माण में कुल 93 मौजा की सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। कैमूर जिले में चांद चैनपुर रामपुर भभुआ एवं भगवानपुर प्रखंड की सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। इस संबंध में किसानों ने कहा भूमि अधिग्रहण में किसानों की बहुफसली एवं किमती जमीन है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, गुरुवार , 15 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### विजय बने अध्यक्ष व जगनरायण बने महासचिव

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति 2024-26 चुनाव के मतगणना शुरू हो गया है, जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष पद की गिनती सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पाण्डेय को कुल 326 वोट, परशुराम सिंह को 297 वोट, अशोक कुमार सिंह को 37 वोट और रामप्रवेश ठाकुर को 38 वोट पड़े। सबसे अधिक वोट विजय कुमार पाण्डेय ने प्राप्त किया और उन्हें 29 वोट से विजयी घोषित किया गया है। वहीं महासचिव पद पर जगनरायण सिंह को 332 वोट मिले, नागेंद्र सिंह को 222 वोट मिले, अखिलेश कुमार को 42 वोट, अमरेन्द्र नारायण सिंह को 42, वोट राजीव रंजन सिंह को 41 वोट, नवीन कुमार सिंह को 20 वोट तथा सतीश कुमार सिंह को 10 वोट मिले। इस तरह से सर्वाधिक वोट लाकर जगनरायण सिंह विजयी घोषित किए गए हैं। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं ने दोनों को शुभकामना और बधाई दी है।

### प्रदीप कुमार बने कोषाध्यक्ष



औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति चुनाव के कोषाध्यक्ष पद की वोटों की गिनती सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदीप कुमार को 201 वोट, ग्रिजेश कुमार सिंह को 136 वोट, अजय कुमार को 131 वोट, सुनील कुमार सिंह को 94 वोट, और सुजीत कुमार सिंह को 87 वोट प्राप्त हुई, जिसमें सर्वाधिक वोट लाकर प्रदीप कुमार 65 वोट से विजयी घोषित किए गए हैं। अन्य सीटों पर गिनती आज होगी।

### प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को किया नमनः सत्येंद्र राय

अरवल। भाजपा के कोशी प्रमंडल सह प्रभारी ने पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि के द्वारा सत्येंद्र राय ने कहा की आज भी जब उन्हें पुलवामा हमले की वो तस्वीरें याद आती है तो वह सिहर उठते हैं,शहीदों को शहादत को सलाम करते हुए कहा कि 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को लोग याद कर रहा है जो आतंकियों के एक आत्मघाती हमले में कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए थे।पुलवामा में हमारे वीर सैनिकों ने हंसते हंसते जो शहादत दी, उसका कर्ज ये देश कभी नही उतार सकता। भारत माता के वीर सपूतों को हमारा सलाम। सभी बहादुर जवानों को हमारा सलाम क्योंकि वे हमारे राष्ट्र की रक्षा करने में सदैव तत्पर रहते हैं।

### धूमधाम से हुआ माँ शारदे की पूजा

शेरघाटी।बसंत पंचमी सरस्वती पूजा के मौके शहर के विभिन्न गली मोहल्ले समेत स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा स्कूली छात्राओं ने मां शारदे के पूजा अर्चना करते हुए मन्नत मांगी वहीं शहर के जेपी मेमोरियल स्कूल में धूमधाम के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई, जबकि शहर के जेपी चौक,रमना, शेखपुरा, पिपरपांति मोहल्ला, बसंत बाग बीटी बीघा समेत तमाम ग्रामीण इलाकों में भी मां शारदे की पूजा अर्चना किया गया। उक्त दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं समेत छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

### शहर तेलपा पुलिस की तत्परता से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

करपी ,अरवल। शहर तेलपा ओपी के द्वारा गश्ती के दरमयान शहर तेलपा मेहंदिया पथ पर महावीर गंज गांव के निकट वाहन जांच के क्रम में एक गीटी से लदा ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया! प्रशासन को देखकर चालक व खलासी गाडी छोड फरार हो गये !शहर तेलपा प्रशासन के द्वारा वाहन की छानबीन की गयी जिसमें भारी संख्या में विदेशी शराब पाया गया !भारी संख्या मे विदेशी शराब की प्राप्ती की सुचना ओपी अध्यक्ष के द्वारा जिला पुलिस कप्तान को दी गयी ! अरवल जिला पुलिस कप्तान विद्यासागर के द्वारा शहर तेलपा ओपी पहूंचकर पुरे मामले को देखा गया ! ओपी अध्यक्ष के साथ प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने बताया कि गीट्टी से लदे वाहन (इफ30ऋ2179) जिसमे 257कार्टुन शराब ( लगभग 2286लीटर ) एंव 15 बोरा शराब जिसमें लगभग 133.56 लीटर शराब को बरामद किया गया है ! पुलीस अधीक्षक ने बताया कि मद्द निषेध को प्रभावित तरीके से लागु करने के लिए पुरे जिले में वाहन जांच की प्रकिया चलायी जा रही है ! पुरे प्रकरण पर ओपी अध्यक्ष ने बताया कि ट्रक का ड्राइवर एवं खलासी पुलिस की गाड़ी को देखकर पहले ही फरार हो गया था! गाडी से एक मोबाईल बरामद किया गया है !विवेक कुमार ने कहा कि बरामद मोबाइल एंव गाडी नम्बर से अन्य बातो की जानकारी उपलब्ध होगी !ओपी अध्यक्ष ने कहा कि शराब व्यवसायीयों एंव शराबियों के खिलाफ मुहिम और तेज की जायेगी!

# 2024 के आम चुनाव के घोषणा से पहले ही गांधी परिवार व कांग्रेस ने मैदान छोड़ा : रामानुज

प्रात : किरण संवाददाता





औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय एवं पूर्व लोस प्रत्यासी और पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण वल्लभ प्रसाद सिंह बबुआ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस के आला कमान सोनिया गांधी के लोक सभा चुनाव के घोषणा होने से पूर्व ही किनारा करके राज्यसभा के लिए नामांकन करना स्पष्ट करता है कि इंडी गठबंधन के ध्वस्त होने और एनडीए गठबंधन और प्रधानमंत्री मोदी जी के बढ़ती लोकप्रियता के आगे कांग्रेस ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली है। वैसे भी नेहरू गांधी परिवार को देश की सत्ता और राजनीति महात्मा गांधी की कृपा और देश विभाजन के घिनौनी राजनीति से मिली थी और अपना सबकुछ गवाने वाली भारतीय जनता के सामने पचास वर्षो तक दूसरा कोई विकल्प नहीं था। जिसका मनमाना दुरुपयोग एक ही परिवार ने किया और देश को भ्रष्टाचार,पिछड़ेपन और हिंसा की आग में झोंकते रहने का ही काम किया कभी इन्ही सोनिया गांधी के नेतृत्व में भारत में पोप का स्वागत किया गया और शंकराचार्य को जेल भेजा गया था। नेहरू जी के समय में जब अरब के शेख आते थे तो मंदिरों को तिरपाल से ढक दिया जाता था लेकिन आज का दिन ऐतिहासिक बन गया है जब अरब के आबू धाबी में देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा भव्य मंदिर का लोकार्पण कर दुनिया को भविष्य के राजनीति की दशा और दिशा का संदेश दिया जा है। ठीक उसी दिन देश के सबसे पुरानी पार्टी की सबसे बड़ी नेत्री आम चुनाव के मैदान से भाग कर राज्यसभा का रुख कर रही है। सनातन और हिंदुत्व से घृणा करने वाली पार्टियों का अस्तित्व जहां देश में आखरी सांस गिन रहा हैं वहीं दुनिया के लगभग सभी देशों में सनातन के भव्य मंदिर बन रहे हैं और गर्व से सारे देश मोदी जी को अपने देश भव्य स्वागत ही नहीं कर रहे बल्कि भारत में दुनिया को नेतृत्व करने का भविष्य देख रहे हैं। दोनो पूर्व अध्यक्षों ने कहा कि देश तो नया करवट ले ही रहा है सही समय है कांग्रेस भी देश के मिजाज को समझ कर अपना कलेवर बदल ले और लोकतांत्रिक तरीके से अपने पार्टी में मालवीय,सुभाष और पटेल जैसे ईमानदार और देशभक्त लोगों को पार्टी आगे बढ़ाए और परिवारवाद,तुष्टिकरण और भ्रष्टाचारियों से मुक्त हो जाए देश में ईमानदार प्रतिपक्ष भी जरूरी है।

# छात्र-छात्राओं ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को किया नमन

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में मोमबत्तियां जलाई और मौन रखकर इन वीर जवानों की शहादत को नमन किया। श्रद्धांजलि में जुटे बच्चों ने कहा कि आज भी जब उन्हें पुलवामा हमले की वो तस्वीरें याद आती है तो वह सिहर उठते हैं। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र कुमार ने शहीदों को शहादत को सलाम करते हुए कहा कि 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को लोग याद कर रहा है जो आतंकियों के एक आत्मघाती हमले में कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए थे।

पुलवामा में हमारे वीर सैनिकों ने हंसते हंसते जो शहादत दी, उसका कर्ज ये देश कभी नही उतार सकता। भारत माता के वीर सपूतों को हमारा सलाम। सभी बहादुर जवानों को हमारा सलाम क्योंकि वे हमारे राष्ट्र की रक्षा करने में सदैव तत्पर रहते हैं। विद्यालय के बच्चों ने शहीद हुए जवानों की याद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।जब बच्चों ने ऐ मेरे वतन के लोगों गीत गाया, तब वहां पर मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई।स्कूली बच्चों ने नाटक के माध्यम से मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन किया और उनकी वीरता की कहानी प्रदर्शित की। बच्चों के इस हुनर और नाटक के माध्यम से लोगों के बीच प्रदर्शित की गई शहीदों की वीरता की कहानी देखकर लोगों की आंखों से आंसू निकल पड़े। बच्चों ने शहीदों के परिवार की हिम्मत और धर्य को भी प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका अलीशा, अमीषा, ऐसा इशरत, सलोनी रेखा ,प्रबंधक हरिवंश, रवि कुमार सौरभ कुमार, शंकर कुमार, शारीरिक शिक्षा अविनाश कुमार ,रोशन कुमार अशोक कुमार इस कार्यक्रम में शामिल थे।

## भारी बारिश के बावजूद भी सिद्धनाथ मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में सनातनी परंपरा का महान पर्व बसंत पंचमी पूजा के मौके पर थाना के बगल में अवस्थित सिद्धनाथ बाबा के प्रांगण में विशाल मेला का आयोजन किया गया। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने मेला क्षेत्र का अवलोकन करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थिति में मौसम प्रतिकूल रहने पर भी लोगों की आस्था भारी पड़ी और बारिश के बीच सुबह सवेरे से ही सिद्धनाथ बाबा के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।सैकड़ो गांव से लोग सिद्धनाथ बाबा के परिसर में जुटे। पूजा अर्चना की एवं बसंत पंचमी मेला का आनंद लिया। सिद्धनाथ परिसर में स्थानीय कार्यकताओं द्वारा 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का भी आयोजन किया गया था जिसमें हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण हरे हरे का कीर्तन किया।संध्या में हजारों भक्तों के बीच भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने महाप्रसाद का ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक साकेत कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दो-तीन वर्षो से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। सिद्धनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है एवं श्रद्धालुओं को कोई कष्ट ना हो इसका भी ख्याल किया जा रहा है।

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। दाउदनगर बम रोड स्थित दाउदनगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रुपेश सोनी के आवास पर बसंत पंचमी तिथि को मनोरम बेला में मां सरस्वती पूजा अर्चना के साथ-साथ अनुमंडलीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया गया। भारतीय जनता पार्टी अनुमंडलीय कार्यालय का शुभारंभ पूर्व जिला अध्यक्ष सह लोकसभा प्रभारी सासाराम संजय मेहता,दाउदनगर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण प्रसाद तासी,जिला उपाध्यक्ष टैगोर जी एवं जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। श्री मेहता ने कहा कि कार्यालय का उद्घाटन अनुमंडलीय स्तर पर किया गया है और यह 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होगा। यह कार्यालय डिजिटल एवं आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।चुनाव के पश्चात इस कार्यालय के माध्यम से जनहित की समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दाउदनगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे,नगर महामंत्री श्याम कुमार पाठक,विकास संस्कार,नगर महामंत्री मुन्ना तिवारी पहलाद प्रसाद, सोनू कुमार, नाथुन, बैजनाथ प्रसाद,विनय कुमार विकल,सुशांत कुमार एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालय में चल रहे हैं शिक्षा विभाग के कार्यालय को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए : पूर्व अध्यक्ष

औरंगाबाद। जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक से मांग किया है कि पिछले दस वर्षो से जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय अनुग्रह मध्य विद्यालय में संचालित किया जा रहा है। कार्यालय के संचालन होने से विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यह भी बताया कि कार्यालय के संचालन होने से वहां हमेशा गाड़ियों की भीड़ लगे रहती है कर्मचारी विद्यालय के भीतर ताश आदि खेलते रहते हैं। चाय पीकर प्यालिया छोड़ देते हैं तंबाकू का सेवन करके इधर-उधर थूक देते हैं। पूर्व अध्यक्ष ने यह भी मांग किया कि जब तक शिक्षा विभाग का कार्यालय स्थाई रूप से नहीं बन जाता है।

## 2024-25 के लिए बजट मे सभी वर्गों के लिए मददगार -पटवा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने 2 लाख 78 हजार करोड़ का बजट पेश किया है। बजट का 63.46 प्रतिशत विकास पर खर्च होंगे। जिला अध्यक्ष व्यवसायिकक उद्योग प्रकोष्ठ जदयु प्रकाश राम पटवा ने कहा बिहार सरकार विकास के मुद्दे पर काम कर रही है । बजट में रोजगार और शिक्षा पर फोकस किया गया है। 94 लाख आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सरकार सहायता करेगी।बिहार सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट में सरकार ने सभी वर्गो का ध्यान रखा है।नौकरी-रोजगार के साथ शिक्षा पर मेन फोकस है।यह बजट बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मददगार है ।

# गया कॉलेज में अनुशासनिक संगोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। कॉलेज गया आइ क्यू ए सी सेल द्वारा दो दिवसीय अंतर अनुशासनिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद सभागार में मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश शरण पूर्व कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग कॉलेज गया के प्राचार्य सतीश सिंह चंद्र कर्नल प्रणव कुमार एवम डा कल्पना पुरोहित ने दीप प्रज्वलित कर किया है अतिथियों के स्वागत संबोधन में प्राचार्य गया कॉलेज डा सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारा महाविद्यालय का गौरव बढ़ता है और इन 75 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचरि परिवर्तन आए हैं गुरुकुल की शिक्षा से आज हम अंतरिक्ष की शिक्षा तक पहुंच चुके हैं। समन्वयक आई क्यु ऐ सी डॉक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि आज डिजिटल लर्निंग का युग है भारतीय ज्ञान परंपरा से हम सब को अवगत होना चाहिए। अपने संबोधन में. डॉ रमेश शरण ने कहा कि इन 75 वर्षों में राष्ट्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है। आजादी के आरंभ से यदि बात करें तो विकास राष्ट्र के मुख्य अजंडे में शामिल रहा है पहले आधुनिकीकरण और औद्योगीकरण राष्ट्र विकास का पैमाना रहा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी हम तथाकथित विकसित राष्ट्रों को आधार मानते हुए अपने विकास का मॉडल प्रतिस्थापित करते रहे थे परंतु आज देश में चाहे वह साक्षरता दर की बात हो महिला शिक्षा की बात हो ऐतिहासिक परिवर्तन हुए और सकारात्मक बदलाव आया है। उपलब्धियां के साथ-साथ चुनौतियों पर भी चर्चा करते हुए डॉक्टर शरण ने कहा कि आज हमारे समक्ष विभिन्न प्रकार की चुनौतियां भी हैं बाल मृत्यु दर जलवायु परिवर्तन कुशल कारीगरों का भाव आदि ऐसे क्षेत्र है जहां आज भी हमें नए मुकाम हासिल करने की आवश्यकता है.डॉक्टर शरण्या ने कहा कि आज हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है और जनमानस की शिक्षा इस देश में सभी वर्गो के लिए समान शिक्षा प्रणाली हम सबो के लिए सबसे बड़ी चुनौती है भारत ने अनेक चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है जिसमें गरीबी भुखमरी. बालिका शिशु मृत्यु दर ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जहां भारत ने अभूतपूर्व आंकड़े प्रस्तुत किए हैं हम सबों के समेकित प्रयास से जल्दी भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी रूप से प्रतिस्थापित होगा विशिष्ट अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के भूत पूर्व कुल सचिव वर्तमान में आई एम एस यूनीसन विश्वविद्यालय देहरादून उत्तराखंड के कुल सचिव कर्नल प्रणय कुमार ने कहा कि 75 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा को एक बड़ी चुनौती रही हैं और उसके बाद के परिदृश्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज से 75 वर्ष पहले का जो परिदृश्य था और जिस प्रकार से सेना को आधारभूत संरचना के साथ-साथ निर्णय लेने की क्षमता दोनों ही पर्याप्त नहीं थी वहां आज बड़ा परिवर्तन आया है देश की सेना आत्मनिर्भर हुई है और आधारभूत संरचना इतनी विकसित हुई है कि ऊंचे ऊंचे पर्वतों पर भी आज बैकअप पहुंचने में समय नहीं लगता है और सेना आज अपने फैसले लेने में स्वयं सक्षम हुई है इस प्रकार से देश के सुरक्षा में आत्मनिर्भरता आई हैं विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से जूझने में भी उन्होंने देश के विभिन्न संगठनों और सेना के सराहनीय पहल की चर्चा की है।प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए उन्होंने जन सहभागिता का अपील किया।

# राष्ट्रीयता की भावना सर्वोपरि है आधुनिकीकरण और विकास भी आवश्यक है : आर सी सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



गया। कॉलेज गया आई क्यु ए सी सेल द्वारा आयोजित अंतर अनुशासनिक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अंतर अनुशासनिक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में सत्र में आज मुख्य वक्ता आर सी सिंह भारतीय दर्शन शोध परिषद नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी बातें रखते हुए कहा की राष्ट्रीयता की भावना सर्वोपरि है आधुनिकीकरण और विकास भी आवश्यक है परंतु इन सब का मूल उद्देश्य हम सबों के अंदर राष्ट्रीयता की भावना भरने वाली होनी चाहिए और राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना से यदि हम सब कार्य करते हैं तो निश्चित रूप से 75 वर्षों में देश ने बहुमुखी विकास किया है और आने वाले दिनों में भी हम भविष्य के अग्रणी देशों में सम्मिलित होंगे।अपने संबोधन में डॉक्टर अनीता नूना पूर्व प्रोफेसर एनसीईआरटी नई दिल्ली ने कहा कि नीतियां इस देश में शिक्षा को लेकर बहुत बनी परंतु समस्याएं उनके जमीनी स्तर पर कार्यान्वित होने से रही जब तक बच्चों के पुस्तक और विद्यालय ज्ञान को उनके दैनिक जीवन से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक के हम शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। प्राचार्य डॉक्टर सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि उक्त दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के लिए स्वर्णिम उपलब्धि है और मैं आयोजन टीम एवं समस्त महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को यह शानदार आयोजन के लिए बधाई देता हूं. देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे हुए शिक्षक एवं शोधार्थियों ने आज कूल 52 शोध पत्रों की प्रस्तुति की जिनका विभिन्न तकनीकी शास्त्रों मे। संचालन किया गया है ।समन्वयक डॉ अरुण गर्ग ने कहा कि देश की प्रगति को आंकड़ों में नहीं बल्कि जमिनी स्तर पर दिखाना चाहिए इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन रूनू रवि श्रुति प्रिया. राजेश कुमार. संजय तिवारी. एवं अन्य लोगों ने मिलकर संचालित किया है।

## लोक पंच द्वारा आयोजित दशरथ मांझी नाट्य महोत्सव का हुआ शुभारंभ



पटना। ज्ञात हो कि सांस्कृतिक संस्था लोक पंच द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से 14 फरवरी 2024 से 17 फरवरी 2024 तक 4 दिवसीय दशरथ मांझी नाट्य महोत्सव का आयोजन छकूबीघा दाउदनगर में शुभारंभ किया गया। पहली प्रस्तुति कलामंच, नौबतपुर द्वारा राजीव / अमन के लेखन एवं राजीव रंजन प्रसाद के निर्देशन में नाटक ह्लचंडी का वशीकरणह्व थी, जो विलियम शेक्सपियर की कहानी पर आधारित है उसका मंचन किया गया। चंडी का वशीकरण विलियम शेक्सपीयर की रचना ह्यद टेमिंग ऑफ द श्रीवह्ण पर आधारित मगही नाटक है। कथाक्रम में मलाहीखंदा गाँव के अमीर व्यक्ति जंग बहादुर सिंह की बड़ी बेटी चंद्रिका स्वभाव से काफी उग्र व सनकी रहती है। जिसके कारण कोई भी लड़का उससे शादी करना नहीं चाहता। पिता एवं आसपास के गाँव के लोग भी उससे आये दिन परेशान रहते हैं। नाटक में मंच पर चंदन कुमार, रिंकल कुमारी, रजनीः राजीव रंजन प्रसाद, दीनानाथः दीनानाथ गोस्वामी, बिद्दूः सोनू कुमार, सीयाः अमन कुमार,रामः करन कुमार, पंडित जीः ओम प्रकाश फजल,चायवालाः पंकज कुमार, चायवाले का बेटाः जलज रंजन, ग्राहकः अमन कुमार,कोरसः कंचन कुमार, रुचि कुमारी ने अपनी अहम भूमिका निभाई। वही दूसरा नाटक लोक पंच, पटना द्वारा मनीष महिवाल के लेखन- निर्देशन में नाटक बाल विवाह था।

## गायत्री शक्तिपीठ ने धूम धाम से मनाया सरस्वती पूजा

संझौली (रोहतास) मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ संझौली में सरस्वती पूजा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ गुरु वंदना एवं सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य पुरोहित एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक श्री राकेश शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए श्री नवीन चंद्र शाह ने बताया की भारतीय संस्कृति में बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा का क्या महत्व है। मां सरस्वती हमारे जीवन की जड़ता को दूर करती है। जीवन में तेजस्विता लाने के लिए सरस्वती की उपासना करनी चाहिए वह अपने उपासक को जीवन देती हैं मां शारदे को लाख-लाख बंधन। बसंत पंचमी के दिन पंडित श्रीराम शर्मा का आध्यात्मिक जन्मदिन भी है। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वैदिक रीति से हवन यज्ञ एवं दीप यज्ञ भी सम्पन्न हुआ।

# सांसद ने किया हावड़ा- कालका-हावड़ा ट्रेन को हरि झंडी दिखाकर रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 12311/12312 हावड़ा- कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस का पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ट्रेन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किए। सांसद ने इस नेक कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को कोटि कोटि धन्यवाद और आभार ब्यक्त किया है।यह ट्रेन 14 फरवरी से गाड़ी सं. 12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस 5:58 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचेगी और 6 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।इसी तरह गाड़ी सं. 12312 कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस 22.40 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचेगी और 22:42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह सुबह 6 बजे एएन रोड स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को आगे के लिए रवाना किए।इस ट्रेन का ठहराव होने से यात्रियों को बहुत सुविधा होगी।औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र और जिलावासियों ने सांसद को धन्यवाद और आभार ब्यक्त किया है।इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश सिंह,मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता,पूर्व मुखिया सुरेन्द्र गुप्ता,स्टेशन प्रबंधक अरबिन्द सिंह एवं सैंकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम जम्होर में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में ऋतुराज बसंत के आगमन पर सरस्वती पूजा की घूम रही। विभिन्न पूजा समितियों,विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा रखी गई षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना किया गया एवं उनसे विद्या की अधियाचना की गई। ताकि जीवन में हम उन्नति कर सकें। सरस्वती शिशु मंदिर जम्होर , विद्या विहार निकेतन,संत मारियम मिशन स्कूल, सभी प्राथमिक मध्य एवं उच्च विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित हुए एवं विद्यार्थियों ने विशेष पूजा अर्चना की। टावर रोड में रिलायंस क्लब, बाजार में बाल वृंद क्लब दक्षिण मोहल्ला, काल भैरव रोड, सिद्ध बाबा क्लब सहित दर्जनों पूजा समितियां ने मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की एवं विद्या प्राप्ति के लिए प्रार्थना की।

# आरजीएन पब्लिक स्कूल के वसंत उत्सव में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



गया।आर.जी.एन.पब्लिक स्कूल , किशोर मोहन कॉम्प्लेक्स,गया में बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ परंपरागत रूप से मनाया गया है।स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए हैं। इस अवसर पर निदेशक संजय कुमार एवं मुख्य अतिथि बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर सभा का उद्घाटन किया है। निदेशक संजय कुमार ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर बच्चों ने पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में अवगत कराया है। निदेशक संजय कुमार ने कहा कि आज के दिन ऋतुराज बसंत का आगमन माना जाता है और बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ.प्रेम कुमार पर्यटन, सहकारिता,आपदा प्रबंधन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के निदेशक संजय कुमार को पिछले 38 वर्षो के शिक्षा जगत में अपनी सेवा दे रहें हैं इनका शैक्षणिक-अनुभव, त्याग व सहयोग सरहनीय हैं एवं शिक्षा जगत को एक नये मुकाम पर ले जाने के लिए श्री संजय कुमार का धन्यवाद किया है। मुख्य अतिथि माननीय मंत्री डॉ प्रेम कुमार स्कूल के बच्चों की अद्भुत रचनात्मक व कालात्मक कौशलता को देख काफी उत्साहित हुए और स्कूल प्रबंधन की काफी सराहना किया है।मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि निदेशक संजय कुमार का बच्चों के प्रति समर्पण देखकर काफी खुशी होती हैं और अगर ऐसे लोगों के सानिध्य में बच्चे पढ़ेंगे तो उनका भविष्य निश्चित रूप से उज्जवल होगा, और हम निश्चित तौर पर विकसित राष्ट्र बनेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजेपी के जाने माने पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा ने भी बच्चों की प्रतिभा की काफी सराहना की है। अपने सम्बोधन मे उन्होंने ये भी कहा की वो विशिष्ट अतिथि के साथ साथ विद्यालय में एक अभिभावक भी है चुंकि उनके दो बच्चे आर. जी. एन. स्कूल मे पढ़ते हैं । उन्होंने बताया की विद्यालय की व्यवस्था से वो काफी संतुष्ट रहते है । बच्चों को ना केवल किताबी ज्ञान बल्कि संगीत कला, नृत्य कला , कराटे, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि सभी प्रकार के कौशल में निपुण बनाया जाता है । वसंत उत्सव के अवसर पर संध्या भजन का भी आयोजन किया गया जिसमे बिहार के मशहूर गायक राम विनय शर्मा जो की आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल के संगीत शिक्षक भी है उन्होंने पूरे विद्यालय प्रांगण को अपने मधुर स्वर से मंत्रमुग्ध कर दिया है। उन्होंने संस्कृतिक कार्यक्रम का शुरूआत सरस्वती वंदना से किया है । बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुति दिए हैं।इस मोके पर प्रो. विनोद कुमार, रिटायर्ड ई. अरुण कुमार सिंह, आमस पूर्व प्रमुख अजय कुमार, ब्रजेश कुमार, राजेश वर्मा, पियूष राज, आदर्श कुमार, डॉ. देवेंद्र कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में अभिभावकगण तथा गया शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शांति निकेतन एकेडमी में बड़े धूमधान से किया गया सरस्वती पूजा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। शांति निकेतन एकेडमी की सभी शाखाओं में बड़े धूमधाम से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर एकेडमी को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सरस्वती माँ की प्रतिमा स्थापित कर पूजा- अर्चना की गई है।

सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया है।इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने कहा कि बुद्धि के विकास का श्रेय शिक्षा को है। माँ सरस्वती को शिक्षा, कला व ज्ञान की देवी कहा जाता है। माँ की पूजा मानसिक रूप से मजबूत व दृढ संकल्पित बनाती है। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती पृथ्वी पर प्रकट हुई थी। माता सरस्वती ने पृथ्वी पर उदासी को खत्म कर सभी जीव जंतुओं को वाणी दी थी। इसलिए माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, संगीत, कला और बुद्धि की देवी भी माना जाता है। विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने बच्चों को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएँ दी है।इस अवसर पर एकेडमी के चेयरमैन हरि प्रपन्न व प्राचार्या फरहीन सिद्दीकी, अर्श हास्पिटल के चेयरमैन डाक्टर नवनीत निश्चल, गया के मेयर बीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, सीनेट सदस्य प्रोफेसर रूपेश कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डा0 क्रांतिकिशोर, डॉ० ऋषिकेश, फिजिशियन डॉ० नीरज कुमार, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ नवनीत निश्चल और डॉ० मृत्युंजय, सी०आर०पी०एफ० डिप्टी कामाण्डेट, धंनजय, धीरज सहित शहर के कई प्रतिष्ठित लोग, छात्र, छात्राएँ एवं अभिभावक काफी संख्या में उपस्थित रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कांस्टेबल का खोया मोबाईल टेक्निकल सेल के माध्यम से की गई बारामदगी

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थाना में पदस्थापित कांस्टेबल ड्राइवर बजरंगी सिंह के खोये हुए मोबाइल को संग्रामपुर पुलिस ने मंगलवार को टेक्निकल सेल की मदद से बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिसंबर महीने में कांस्टेबल बजरंगी सिंह का मोबाइल सैमसंग अ54 मुंगेर से विभागीय काम निपटाने के बाद संग्रामपुर आने के क्रम में सुल्तानगंज देवघर मुख्य मार्ग पर तारापुर और संग्रामपुर के बीच में कहीं पर गिर गया। इसको लेकर कांस्टेबल के द्वारा संग्रामपुर थाने में सन्हा दर्ज कराई गई थी। इसके बाद संग्रामपुर पुलिस के द्वारा उक्त मोबाइल नंबर एवं उसके इ एम आई नंबर को उसके लोकेशन को ट्रैक करने के लिए मुंगेर में टेक्निकल सेल को दे दिया गया था। मंगलवार को मोबाइल का लोकेशन थाना क्षेत्र की सुखदेव नगर का बताया जा रहा था। इसी आधार पर ए एस आई सत्यम कुमार के द्वारा सुखदेव नगर पहुंचकर मोबाइल को बरामद कर लिया गया।

### सरस्वती पूजा के अवसर पर साई एकेडमी में प्रतियोगिता आयोजित

धरहरा (मुंगेर)। जमालपुर के केशोपुर नया टोला स्थित साई एकेडमी के प्रांगण में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किया गया। प्राचार्य राहुल सिंधु के नेतृत्व में विधालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। इस दौरान वंदना, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के बीच एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षकों में हिमांशु कुमार, रूबी कुमारी, रेणु कुमारी, जुली कुमारी, बबिता कुमारी, राहुल कुमार, पिंकी कुमारी छात्र-छात्राओं में मुस्कान कुमारी मुदित आनंद, आदित्य राज, स्नेहा संजना, शिव सागर सागर, प्रियांशु आदि उपस्थित थे।

### जिंदा जलाने के प्रयास मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन: एसपी

प्रातः किरण संवाददाता। विगत दिनों रंगरा ओपी परिक्षेत्र अंतर्गत मुरली गांव में 1 फरवरी की आधी रात को विद्यानंद सिंह व उनके परिवार वालो के हत्या के उद्देश्य से अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा जिंदा जलाने का प्रयास मामला सामने आया था। उक्त घटना को लेकर नवगछिया पुलिस ने उद्भेदन करते हुए एक बड़ा खुलासा किया है, जिससे सभी को अचंभित चल रहे है। मामले को लेकर नवगछिया एसडीपीओ ओमप्रकाश ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में उन्होंने बताया कि विगत 1 फरवरी की देर रात योगेश कुमार सिंह की पुत्री राज नंदनी उर्फ आरती 8 वर्ष, भारती कुमारी 6 वर्ष भावना कुमारी उम्र 4 वर्ष एवं उनके पिता विद्यानंद सिंह के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर हत्या करने की नियत से आग लगा दिया गया था। जिसमे विद्यानंद सहित उनकी तीन पोतियां आग से जलकर गंभीर रूप से झुलस जख्मी हुए थे। वादी योगेश कुमार सिंह के लिखित बयान पर रँगरा ओपी थाना में अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। कांड के अनुसंधानकर्ता के द्वारा तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से संदिग्ध अभियुक्त प्रभाकर कुमार उर्फ निर्मल कुमार पिता लालमुनि सिंह की संलिप्तता नजर आई। गिरफ्तार निर्मल ने पूर्व में भी विद्यानंद सिंह के दरवाजे पर खड़ी ऑटो में आग लगाने की बात सामने आयी थी। वही पारिवारिक सदस्य होने के कारण वादी के द्वारा उस समय किसी भी प्रकार का कार्रवाई हेतु आवेदन पुलिस को नही दिया गया था। वही एसडीपीओ ने बताया कि छानबीन के क्रम में निर्मल का एक और साथी मुरली गांव के सोनू शर्मा पिता नंदलाल शर्मा की संलिप्तता पाई गई है।

# क्षेत्र दौरा कर ली योजनाओं से संबंधित कई जानकारी: डीएम

● डीएम ने कार्य योजना से संबंधित पदाधिकारी को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



शाहकुंड (भागलपुर)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने सुल्तानगंज नगर परिषद परिक्षेत्र इलाके का भ्रमण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय धार्मिक व पर्यटकीय स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया, इसी क्रम में जिलाधिकारी सबसे पहले नमामी गंगे घाट पहुंचे। जहां उन्होनें घाट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। वही श्रावणी मेला में आगन्तु श्राद्धालुओं के भीड़ जुटने सहित उसके सुव्यवस्थित ठहराव व्यवस्था को लेकर स्थानीय पदाधिकारी से वार्ता कर व्यवस्था प्रबंध के संबंधित जानकारी प्राप्त की। वही उन्होंने गंगा किनारे बने सीढ़ी घाट को मुक्ति धाम घाट तक विस्तार करने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कई आवश्यक कार्रवाई करने हेतू दिशा निर्देश दिये। वही निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी ने अजगैबीनाथ घाट सहित मंदिर का भी परिभ्रमण किया। जहां उन्होनें व्यवस्था और सुविधा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. चौधरी ने कहा कि आगंतुकों श्राद्धालुओं व कावड़ियों को कोई परेशानी ना इस दिशा में सुविधा विस्तार के लिए जो भी सुझाव उच्च स्तर से आएगा उसको लेकर अमल करते हुए बेहतर तरीके से विकास किया जाऐगा। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र विकास को लेकर लंबित प्रकरणों में चल रही सभी महत्वकांक्षी योजनाओं को कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद सुलतानगंज को अविलम्ब विस्तृत रूप में बेहत कार्य योजना प्रस्तुत करने का भी दिशा निर्देश दिया गया है। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिसद सुलतानगंज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी व विभागीय कमीयों के अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद थे।

### बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस तथा राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 14223/14224 राजगीर-वाराणसी- राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का हरनौत स्टेशन पर तथा 13233/13234 राजगीर- दानापुर- राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नालन्दा स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। दिनांक 16.02.2024 से गाड़ी सं. 14223 राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस 22.19 बजे हरनौत स्टेशन पहुंचेगी और 22.21 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 17.02.2024 से गाड़ी सं. 14224 वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस 04.24 बजे हरनौत स्टेशन पहुंचेगी और 04.26 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। दिनांक 16.02.2024 से गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 16.48 बजे नालन्दा स्टेशन पहुंचेगी और 16.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 17.02.2024 से गाड़ी सं. 13234 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस 09.43 बजे नालन्दा स्टेशन पहुंचेगी और 09.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन नालन्दा स्टेशन पर ठहराव दिये जाने के कारण गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी का पावापुरी रोड, बिहार शरीफ तथा वेना स्टेशनों पर ठहराव समय में संशोधन किया गया है।

# तारापुर शहीद दिवस की राजकीय तैयारी पूरी

रंधीर प्रसाद सिंह



तारापुर (मुंगेर)। तारापुर में लगभग एक सप्ताह से अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार के निगरानी में चल रहे शहीद दिवस की सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। शहीद हुए वीरों की मूर्ति एवं खूबसूरत पार्क का लोकार्पण राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पिछले दो वर्ष पहले 15 फरवरी को पटना से ही वर्चुअल माध्यम किया गया था। गौरतलब है कि कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के सभी शहीद वीर सपूत के प्रति श्रद्धांजलि सभा में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सांसद चिराग पासवान तारापुर के विधायक राजीव कुमार सिंह के रहने की चर्चाएं हो रही है। इसके अलावे आयुक्त, जिला पदाधिकारी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, आरक्षी अधीक्षक सहित सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा निवेदित की जाएगी। बताता चलूं कि शहीद स्मारक के साथ-साथ पुराने तारापुर थाना भवन से चली गोली वाले क्षेत्र को काफी सुसज्जित एवं आकर्षक तरीके से सजाए गए है। बनाए गए दोनों पार्क में कई तरह के बेहतरीन फूल हरी घास की साफ सफाई से लेकर बाहरी एवं भीतरी हिस्सों को दूधिया रोशनी से चकाचौंध किया गया है। जगह जगह छोटे-छोटे दूधिया रोशनी वाली स्ट्रीट लाइट भी लगाए गए हैं। इधर अनुमंडल पदाधिकारी श्री रंजन चंद्र सिंह हरे कृष्ण वर्मा जयकृष्ण सिंह मोहम्मद भोलू ने बताया कि कार्यक्रम के दिन शहीद हुए कई परिवार के लोगों को कार्यक्रम में आने का न्योता भी भेजा गया है। आगे बताया कि 15 फरवरी गुरुवार के दिन कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं झंडोत्तोलन से आरंभ की जाती है।। वहीं वीर शहीद की याद में एक शाम शहीदों के नाम सह भक्ति संगीत का भी आयोजन शाम के समय में अनुमंडल प्रशासन के द्वारा कराया जाना है। कार्यक्रम को लेकर लगातार अनुमंडल पदाधिकारी श्री रंजन ने समय-समय पर शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद दिवस तैयारी को लेकर इनके द्वारा खुद निरीक्षण कर कई आवश्यक निर्देश भी अपने सहायक लोगों सहित स्थानीय लोगों को दिया है। 15 फरवरी गुरुवार के कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत तारापुर द्वारा साफ सफाई का काम भी अब अंतिम चरण में है। हालांकि आधी रात से लगातार रुक-रुक कर हो रही झिम झिम बारिश ने डेकोरेशन के कार्य में खलल डाल दिया है जिसके कारण डेकोरेशन एवं मंच का काम भी देर रात तक पूरी कर लिए जाएंगे। शहीद उपवन के आसपास एवं मुख्य सड़कों के किनारे शहर में साफ सफाई के साथ-साथ रंग रोगन कराने का काम लगभग पूरी कर ली गई है। इधर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने भी कार्यस्थल पर पहुंचकर अपनी नजर रख रहे हैं जहां किसी तरह का कोई चुक नहीं रह जाए।

# भक्ति भाव से मनाया जा रहा है सरस्वती पूजा



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। नगर पंचायत संग्रामपुर सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं अलग-अलग मंदिरों के अलावे शहर व गांवों के मुहल्ले व प्रमुख जगहों पर छात्र-छात्राओं के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा भक्ति भाव के साथ मनाई जा रही है। बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विद्यार्थियों ने मां सरस्वती से सुबुद्धि और समृद्धि की कामना की। जहाँ पूजन के बाद छात्राओं के बीच प्रसाद बांटा गया। वहीं जगहों पर छात्राओं ने गीत-संगीत कार्यक्रम पेश किए। प्रतिमा स्थलों को पंडालों व सजावट के लिए लगाई गई लाइट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अहले सुबह से ही मां सरस्वती की पूजा के लिए छात्र-छात्राओं सहित महिलाओं एवं बच्चों की भीड़ उमड़ रही हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्र पर बज भक्ति गीतों से वातावरण चहुँओर गुंजायमान हो रहा हैं। विभिन्न चौक चौराहा सहित भीड़ भाड़ वाले जगह पर पुलिस की तैनाती देखी जा रही है। प्रखंड क्षेत्र में कहीं गुरुवार को तो कहीं शुक्रवार की देर शाम स्थापित प्रतिमाएं विजर्सित की जाएगी। विदित हो की 15 फरवरी से बिहार बोर्ड की परीक्षा की वजह से कई जगहों पर सरस्वती पूजा में शामिल नहीं होने वाले छात्र-छात्राओं में मायूसी देखी गईं। प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर छात्र-छात्राएं बुधवार को ही अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए हैं जिसको लेकर सरस्वती पूजा में खासा उत्साह नहीं देखी जा रही है।

# तारापुर में धूमधाम से किया गया मां सरस्वती की पूजा

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। बुधवार को मौसम की बेरुखी का परवाह किए बिना मां सरस्वती की पूजा तारापुर के क्षेत्र में धूमधाम से छात्र-छात्राओं सामाजिक लोगों द्वारा मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा को लेकर सुबह से ही क्षेत्र के लोग रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव, उल्टानाथ महादेव मंदिर तारापुर, में भोलेनाथ के ऊपर जलाभिषेक करने को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दोपहर तक लगी रही। भोलेनाथ के साथ-साथ मां सरस्वती की जयकारा से संपूर्ण क्षेत्र गूंजायमान रहा। थाना क्षेत्र के फ्रेंडली युवा क्लब एवं समस्त बिहमा ग्रामवासी द्वारा श्री श्री 108 मां सरस्वती पूजा का आयोजन शोभायात्रा निकालकर हसोउल्लास के साथ किया गया। वहीं संध्या में मां सरस्वती की भव्य महाआरती पूजन भी हुआ। संपूर्ण क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही रिमझिम बारिश के बाद भी मां शारदे की मूर्ति पूजन के लिए सुबह 11:00 बजे के बाद से दोपहर तक छात्र-छात्राओं सहित श्रद्धालुओं ने पूरे नेम निष्ठा एवं आस्था के साथ पूजा पंडाल में पहुंचकर पूजा अर्चना किया। क्षेत्र में जगह-जगह मां शारदे की स्थापित प्रतिमा पंडाल के आसपास बज रहे भक्ति गीतों से संपूर्ण क्षेत्र के लोग भक्ति रस में शराबोर रहे। तो वहीं दूसरी ओर इसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले अफजल नगर अखाड़ा पर 48 घंटे का अष्टयाम का शुभारंभ पंडित मनोरंजन मिश्र की मौजूदगी में सुबह संपूर्ण गांव का परिभ्रमण करते हुए भव्य कलश शोभायात्रा के साथ संध्या में शुरू किया गया। कलश शोभायात्रा में शामिल महिलाएं द्वारा जय श्री राम के उद्घघोष से संपूर्ण अफजल नगर सहित आसपास के गांव के ग्रामीण श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठा। इस मौके पर पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन शिवम आयोजन करता के रूप में अरविंद यादव विकास कुमार साजन गुलशन सहित हजारों श्रद्धालु कलश शोभायात्रा में साथ चल रहे थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनी सरस्वती पूजा

● मां सरस्वती के जयघोष से गुंजायमान रहा पूरा क्षेत्र इलाका

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के कई क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में भी सरस्वती पूजा धूम मची रही। इसी कड़ी में मखाताकिया में स्थित सावित्री पब्लिक विद्यालय के प्रांगण में विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती का पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ श्रद्धा के पुष्प मां के चरणों में अर्पित की। इस दौरान पूरा विद्यालय प्रांगण मां सरस्वती की वंदना आरती व जय घोष से पूरा माहौल गुजनजयमान हो उठा था। भक्तिमय माहौल के मौके पर कक्षा 10 की छात्र-छात्राओं द्वारा माता की स्तुति की प्रस्तुति दी गई। वहीं विद्यालय के निर्देशक रामकुमार साहू ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा का केंद्र होने के कारण इस बार विशेष आयोजन नहीं किया जा सका है। मां सरस्वती की पूजा अर्चना विद्यालय के नए खेलकूद वाले कैम्पस में किया गया है, गुरुवार के दिन में मां सरस्वती की प्रतिमा का स्थानीय पोखर में हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से विसर्जित किया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक रामकुमार साहू, सचिव कृष्ण कुमार साहू, प्रशासक सुमित कुमार, प्राचार्य केके सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, नवरत्न कुमार, अमित कुमार, राम बहादुर यादव, सूरज कुमार मिथिलेश झा सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिका के अलावा विद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# आगामी 16 फरवरी से मांगों को ले करेंगे हल्ला बोल प्रदर्शन, सेवानिवृत्त कर्मी

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला स्थित बीएसएनएल प्रांगण में सेवानिवृत्त बीएसएनएल कमीर्यों ने अपनी मांगों को ले हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए काफी एकजुट दिखे। वही उन्होंने देश के वर्तमान सरकार के कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि हम लोग अपनी थर्ड बीआरसी मांग को लेकर लगातार मांग करते चले आ रहे हैं। इसके लिए पुनः एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को पोस्टकार्ड के माध्यम से भेज कर उन्हें अवगत कराया जायेगा। वही भेजे गए पोस्ट कार्ड में साफ तौर पर हम लोगों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराने की कोशिश की है, साथ ही अपनी मांगों को लेकर भागलपुर के बीएसएनएल कार्यालय के समक्ष आगामी 16 फरवरी अपनी मांग को लेकर आवाज बुलंद करते हुए जोरदार प्रदर्शन करेंगे, ताकि हमारी आवाज ऊपर तक पहुंच सके। वहीं आक्रोशित चल रहे सेवानिवृत्त बीएसएनएल कर्मियों ने कहा कि हम लोगों को हमारी वेतन का कुछ भाग 2017 से अभी तक नहीं मिल पाया है, जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी, तब तक यह प्रदर्शन निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मियों के अलावा बीएसएनएल के अन्य विभाग के कर्मी भी मौजूद रहे थे।

### भगवद गीता का समापन: पूर्णाहूति

हमने इस ५ दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत इन सब ज्ञान को प्राप्त किया को हमारा वास्तविक जीव स्वरूप क्या है? हमें भक्ति क्यों करनी है? भगवान से हमारा क्या रिश्ता है? कर्मयोग कैसे करना है और शरणागति क्या है? इस प्रवचन के समापन में स्वामीजी ने आज बताया की भगवान से प्रेम कैसे करें। एकांत साधना के कुछ रहस्यों को स्वामीजी ने प्रकट किया जिससे हमारी चेतना भगवानमय बन सके। हम इस स्तर में आकर पोहुंचे कि हम सब जीव हैं। हमारा वास्तविक स्वरूप जीव तत्त्व है जो भगवान का एक अंश है। हम न तो शरीर हैं न कोई पदार्थ जो कल की गति में क्षीण हो जाए। जीव अविनाशी शक्ति है भगवान का। हम सब जीव आनंद चाहते हैं। इस आनंद को हम संसार के पदार्थों में रूप रस गंध में ढूढते रहते हैं। इसमें इतना रमें रहते हैं की हमने अपना स्वरूप तो क्या भगवान एवं मृत्यु जैसे अकाट्य सत्यों को भी भूल रखा है। तो इस आनंद के स्त्रोत भगवान को कैसे प्राप्त कर सकते है यह ज्ञान भी हमने समीजी से प्राप्त किया। भगवान को प्राप्त करने का मार्ग ज्ञान से प्रारंभ होगा है। सर्वप्रथम संपूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है। यह ज्ञान को एक क्षेत्रीय ब्रह्मनिष्ट गुरु से ही प्राप्त करना है। इस ज्ञान में समय वेद शास्त्र उपनिषद गीता भागवत पुराणादि का सम्मानवय हो और एक मत हो। स्वामीजी से हमने जाना की इन सब धर्मग्रंथों का एक मात्र लक्ष्य यही रहता है की भगवान में मन लग जाए।

# शहर सहित आसपास क्षेत्र में मन रही बसंत पंचमी की धूम

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। जिले भर में बसंत पंचमी की धूमधाम से मां शारदे की जयघोष से गुजनजयमान रहा है। शहर के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल व कॉलेज सहित शिक्षण संस्थानों में मां सारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा पाठ की जा रही है। इस दौरान संबंधित विद्यालय व शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राएं मां सरस्वती की आराधना में भक्ति भाव से जुटे हुए दिखे थे। शहरी क्षेत्र सहित कई ग्रामीण इलाकों में सरस्वती पूजा आयोजन को लेकर पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वही मेडिकल कॉलेज के नौलखा कोठी प्रांगण में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ उज्जवल भविष्य की कामना हेतू प्राथना की। इस दौरान मेडिकल के छात्राओं ने पूजा आयोजन को लेकर कहा कि आस्था पर कहीं ना कहीं साइंस भारी है, वहीं कई संस्थानों में विधि विधान से मा सारदे की पूजा अर्चना के साथ-साथ प्रसाद वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। वही पूजा के आयोजन में इस बार कई जगहों पर कृत्रिम फूलों की साज सज्जा से सजावट से लेकर कच्चे फूलों की भी सजावट में ज्यादा प्रयोग किया गया देखा गया था। वहीं अयोध्या के श्री राम मंदिर के भी झलक कई स्थलों पर आकर्षक व भव्य पंडाल बना हुआ देखा गया था। पूजा तैयारी को लेकर जो उमंग छात्र छात्राओं व शिक्षण संस्थानों के बीच होनी चाहिये थी वो रंग उमंग इस बार कुछ खास नही दिखा है।

### मातृ पितृ दिवस धूमधाम से मना

भागलपुर। स्थानीय लाजपत पार्क मैदान प्रांगण में जीवन जागृत संस्था की ओर से मातृ पितृ दिवस मनाया गया। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सेकड़ों छोटे-छोटे बच्चों ने अपने माता-पिता की पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चे राम सीता के वेशभूषा में नजर आये। इस मौके पर सभी बच्चों ने अपने माता-पिता को चंदन का तिलक लगाया जिसके बाद अपने कोमल हांथो में आरती के थाल लेकर माता पिता की आरती उतारने के साथ गले में माला डालकर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस तरह के कार्यक्रम से जहां बच्चों के माता-पिता खुश दिख रहे तो वहीं शहर के लोगों ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजनकर्ता की प्रशंसा भी करते दिख रहे थे।

# पिस्टल, कारतूस व मैगजीन के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसपी सिटी

● मिशन सुरक्षा के तहत अपराधियों के विरुद्ध चल रहा अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। विगत दिनों पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक अपने पास हथियार कारतूस छुपा कर रखा हुआ है। उक्त सूचना के सत्यापन के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक ने निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। वही गठित टीम द्वारा बड़ी खंजरपुर के रहने वाले रवि कुमार के घर दबिश देकर उसके घर से पुलिस ने एक पिस्टल, मैगजीन एवं कारतूस बरामद किया गया साथ ही पुलिस टीम ने अभियुक्त रवि कुमार को गिरफ्त में ले लिया गया है। वही कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रवि कुमार पिता वकील साह साकिन बड़ी खंजरपुर थाना बरारी भागलपुर के रूप में बताया गया है। उक्त आशय की जानकारी सिटी एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान देते एसपी मि. राज ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक मैगजीन व दो कारतूस की बरामदगी करने में सफलता प्राप्त की है। इस कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि जिले भर के सभी थाना पुलिस द्वारा मिशन सुरक्षा के तहत अपराधियों के विरुद्ध दबिश में लगी हुई हैं।

# ग्रामीण बैंक के द्वारा 385 ॠणियों का जारी किया वारंट, जाना पड़ सकता है जेल: शाखा प्रबंधक

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। इन दिनों जिले भर में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की खाताधारकों व लोन बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने की लगातार मुहिम चला रही हैं। इसी कड़ी में जगदीशपुरपुर शाखा एवं नवादा बाजार सहायक थाना द्वारा संयुक्त रूप से जानबूझकर ऋण चुकता नहीं करने वालों पर सभी वारंटी ऋणियों पर सभी संभव कार्रवाई शुरू कर दी है तो वही गुरुवार को बैंक कर्मचारियों ने स्थानीय पुलिस बल के साथ मिलकर संयुक्त रूप से क्षेत्र के हरचंडी, कोतवाली आदि गांवों में डिफॉल्टर की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापेमारी अभियान शुरू किया। वही डीओसीसी इंचार्ज कुणाल कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस छापेमारी अभियान में शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, विशेष वसूली अधिकारी आकाश आनंद व अन्य शामिल थे। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंकों द्वारा दायर किए गए नीलाम पत्रों का संज्ञान लेते हुए, नीलाम पत्र कार्यालय द्वारा डिफाल्टर ऋणियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट एवं कुर्की जब्ती जारी कर दिया गया है। जिनपर पुलिस द्वारा सघन छापेमारी जारी है।

वही शाखा प्रबंधक ने बताया की आगामी 9 मार्च को लोक अदालत के मद्देनजर वारंटियो की गिरफ्तारी का अभियान तेज कर दिया गया था, साथ ही उन्होंने बताया कि इससे बचने के लिए, बकायेदार फरवरी माह या इससे पहले खुद शाखा आकर समझौता कर विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं। उनके अनुसार भविष्य में होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए लोक अदालत या इससे पूर्व समझौता करना आवश्यक है। इसके बाद बकायेदारों पर कानूनी कार्रवाई तेज कर दी जाएगी। उनके द्वारा बताया गया की ग्रामीण बैंक जगदीशपुर द्वारा पूर्व में 630 वाद दायर किए गए हैं जिनमे से 385 वादों में गिरफ्तार वारंट एवं कुर्की जब्ती निर्गत हो चुका है। जल्द जगदीशपुर एवं गोराडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदलूचक, सैनो, सतजोरी, सोनुडीह, गंगटी आदि गांवो के हठी ऋणियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट पर कार्यवाही की जाएगी।

# क्रियान्वयन योजनाओं की अध्यतन जांच व जानकारी हेतु हुई बैठक: डीएम

● योजनाओं को ले संबंधित पदाधिकारी दिये कई दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। समाहरणालय प्रांगण स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में कई विभागीय क्रियान्वयन योजनाओं की अध्यतन जांच व जानकारी हेतू एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने सर्वप्रथम किसानों से संबंधित योजनाओं को लेकर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित किये जा रहे कार्यों को लेकर कई बिंदुओं पर समीक्षा की गई साथ ही संबंधित पदाधिकारी को कार्ययोजना को पूर्ण करने हेतू कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं में कृषक को मिलने वाली केसीसी लोन से संबंधित जानकारी को लेकर अद्यतन स्थिति की समीक्षा क्रम में पदाधिकारी द्वारा यह जानकारी दी गई कि उक्त वर्णित योजनाओं से संबंधित लगभग कुल 1250 किसानों का आवेदन अनुमोदन हेतु बैंकों को भेजा गया है। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि संबंधित बैंकों से समन्य स्थापित करते हुए लंबित आवेदनों का अविलम्ब निष्पादन सुनिश्चित करायें, साथ ही कृषि समन्यक के माध्यम से कैम्प मोड में लाभार्थियों किसानों को उक्त वर्णित योजना हेतु जितना ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त किया जाय। इस पर जोड़ दिया जाय। वही कृषि यांत्रिकरण समीक्षा के क्रम में उपलब्धि लक्ष्य के तुलना में असंतोषजनक पाया गया है। जिसके आलोक में कहा है कि उक्त कार्य में तेजी लाने हेतू जो आवश्यक प्रयास हो उसे किये जाने हेतू निर्देश जारी कर दिया गया है। वही दूसरी तरफ मृदा स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर अद्यतन प्रगति समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई कि अभी तक लगभग कुल 45 सौ किसानों से संबंधित भूमि की मृदा जॉच की गई है। वही डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा है कि क्षेत्र के प्रत्येक राजस्व ग्राम से संबंधित कम से कम दो किसानों के स्वामित्व वाले भूमि की मृदा जॉच किया जाय जिससे बेहतर कृषि कार्य के लिए और अनुकूल होगा।

इसके संबंधित अनुमति के लिए सक्षम प्राधिकार को अनुरोध किया जाय। इसी क्रम में जानकारी दी गई कि भूमि अनुपलब्धता के कारण एक ई-किसान भवन निर्माण कार्य अपूर्ण है। जिसे अविलंब पूरा किये जाने हेतू निर्देश दिया गया कि स्थानीय कृषि सलाहकार व कृषि समन्वयक इस हेतु जमीन चिन्हित करने के पश्चात भूमि उपलब्धता हेतु सक्षम प्राधिकार को अविलम्ब अवगत करायेंगें। वही बैठक में उपस्थित जिला उद्यान पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि केला, लीची, आम जैसे फलों को वृहित पैमाने पर और अधिक उत्पादन एवं किसानों के व्यवसायिक के क्षेत्र में लाभान्वित किये जाने हेतु ठोस प्रयास के साथ कार्य योजना बनायें, ताकि उत्पादित वर्णित फसलों के विक्रय हेतु बाजार भी चिन्हित भी की जा सकें। वही कृषकों के लाभान्वित किये जाने से संबंधित कार्य योजना अविलम्ब प्रस्तुत करने का भी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। वही बैठक के क्रम में डीएम ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवम किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया है कि मनरेगा में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाई जाय, जिससे शेष आधार सिडिंग कार्य को अविलम्ब पूर्ण किया जाय। वही लंबित कार्य योजनाओं के भौतिक सत्यापन पश्चात योजना क्रियान्वयन के संबंध में यथाचित निर्णय लिया जा सकें। वही समीक्षा के क्रम में यह जानकारी दी गई कि मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित लक्ष्य के विरूद्ध कुल 43 चेक डैम कार्य प्रगति पर है। वह पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शेष चेक डैम कार्य को आगामी शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाथ में पकड़ा था कॉफी का कप, एक हाथ से पकड़ा क्रिकेट फैंस ने शानदार कैच



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच तीसरे टी-20 मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पर्थ का एक क्रिकेट प्रशंसक अपने एक हाथ से लिए गए शानदार कैच के कारण वायरल हो गया है। उक्त व्यक्ति के हाथ में कॉफी का गिलास भी था लेकिन उसने बिना एक भी बूंद गिराए अपने दूसरे हाथ से कैच पकड़ लिया। उक्त घटना तब हुई जब शेरफेन रदरफोर्ड ने स्पेंसर जॉनसन को डीप फाइन लेग पर सिक्स मारा था। उक्त प्रशंसक कॉफ़ी पी रहा था। वह अपनी सीट से उठा और पलक झपकते ही एक हाथ से कैच लपक गया। देखें वीडियो-

मुकाबले की बात करें तो पर्थ के मैदान पर विंडीज ने 37 रनों से जीत हासिल की। विंडीज 3 टी-20 मैचों की सीरीज गंवा चुका है क्योंकि सीरीज के पहले 2 मुकाबले में उन्हें हार झेलनी पड़ी थी। विंडीज को जीत दिलाने में विंडीज ऑलराऊंडर रोस्टन चेज के अलावा आंद्रे रसेल की प्रमुख भूमिका रही। रसेल ने बल्लेबाजी करते हुए 7 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए और अपनी टीम को 220 रन तक पहुंचा दिया। जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया वार्नर के 81 रनों के बावजूद 183 रन ही बना पाई।

### सुनील गावस्कर बोले- रोहित को कप्तानी से हटाना मुंबई इंडियंस को फायदा देगा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 की दिसंबर में हुई नीलामी से पहले ही मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस से ट्रेड किए हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया था। इसी के साथ ही एक दशक से कप्तान चल रहे रोहित की भूमिका टीम में बतौर सलामी बल्लेबाज ही रह गई। आगामी सीजन में अब पांच बार मुंबई इंडियंस को खिताब दिलाने वाले रोहित अब हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलते नजर आएंगे। उधर, फ्रेंचाइजी द्वारा हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाने



पर फैंस का विरोध भी सहना पड़ा। इसी बीच पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का मानना ??है कि फ्रेंचाइजी ने सही फैसला किया है।

सुनील गावस्कर ने स्वीकार किया कि एमआई एक ऐसी टीम है जो हमेशा भविष्य की ओर देखती है। गार्ड स्विच से रोहित की कप्तानी का बोझ कम हो जाएगा। गावस्कर ने कहा कि देखिए, उन्होंने हमेशा फ्रेंचाइजी के भविष्य के बारे में सोचा है। रोहित शर्मा पहले से ही 36 साल के हैं और तीनों प्रारूपों के लिए भारत के कप्तान होने के कारण उन पर काफी दबाव भी है। उन्होंने उस बोझ को कुछ कम करने और हार्दिक पंड्या के युवा कंधों पर वह जिम्मेदारी देने की कोशिश की है। गावस्कर ने कहा कि हार्दिक को कप्तानी सौंपने से केवल मुंबई इंडियंस को फायदा होगा।

# सिंधू की जीत के साथ वापसी भारत ने चीन को 3-2 से हराया



**नई दिल्ली।** शाह आलम (मलेशिया) -स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया।

ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जीत सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

### सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 है

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई जिससे तीन मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया।

### गायत्री गोपीचंद भी जीते

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21 21-18 21-17 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। निर्णायक मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय पुरुष टीम बुधवार को ग्रुप ए लीग मैच में हांगकांग से भिड़ेगी।

लीजेंड्स क्रिकेट

# चौके-छक्के लगाते नजर आएंगे युवराज



● **न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने बनाया कप्तान**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह को बुधवार को आगामी लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी (एलसीटी) सीजन 2 के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स का कप्तान और आइकन खिलाड़ी नामित किया गया। युवराज उस टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें बाबर आजम, राशिद खान, कीरोन पोलार्ड, इमाम उल हक, नसीम शाह, मथीशा पथिराना, रहमानुल्लाह गुरबाज़, आसिफ अली और मोहम्मद आमिर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, युवराज के शामिल होने से टीम में विशेषज्ञता, कौशल और नेतृत्व की गहराई बढ़ेगी, जिससे टूर्नामेंट के आगामी संस्करण में नेतृत्व करने के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की तैयारी मजबूत होगी। 90 गेंदों के प्रारूप में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट 7-18 मार्च तक श्रीलंका के कैंडी में आयोजित किया जाएगा। 20 ओवर के प्रारूप में खेला गया पहला सीजन पिछले साल 22 से 30 मार्च तक गाजियाबाद में आयोजित किया गया था। फाइनल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद इंदौर नाइट्स और गुवाहाटी एवेंजर्स को उद्घाटन सत्र का संयुक्त विजेता घोषित किया गया। एलसीटी 90 बॉल्स प्रारूप में प्रत्येक टीम के पांच गेंदबाज तीन ओवर फेंक सकते हैं। गेंदबाजी टीम का कप्तान 60वीं गेंद तक चार ओवर फेंकने के लिए एक गेंदबाज का चयन कर सकता है।

# इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की, शोएब बशीर बाहर



**राजकोट (गुजरात)।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा की। तेज गेंदबाज मार्क वुड को शोएब बशीर की जगह प्लेइंग टीम में शामिल किया गया है।

ईसीबी के बयान में कहा गया, थ्री लायंस ने एक बदलाव किया है और शोएब बशीर की जगह मार्क वुड को शामिल किया है। कप्तान बेन स्टोक्स राजकोट में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं।

सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। हैदराबाद टेस्ट में 28 रन से हार के बाद भारत ने विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से जीता था।

### इंग्लैंड की प्लेइंग 11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन।

### यह सिर्फ एक संख्या है, 100वें टेस्ट से पहले बोले बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने आगामी 100 टेस्ट मैचों के ऐतिहासिक पड़ाव के महत्व को कम करते हुए कहा है कि वह थ्री लायंस के लिए हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के इच्छुक हैं। स्टोक्स गुरुवार को राजकोट में चल रही 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में भारत के खिलाफ उतरेंगे तो 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इंग्लैंड के 16वें खिलाड़ी बन जाएंगे।



स्टोक्स ने कहा, हर टेस्ट उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अगला। फिर अगला टेस्ट है, जो 101 होगा - यह सिर्फ एक और है। यह दीर्घायु का संकेत है, लेकिन 99, 100 या 101 से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। यह सिर्फ एक संख्या है। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहता कि ऐसा लगे कि मैं उन अवसरों के लिए आभारी नहीं हूं जो मुझे मिले हैं, लेकिन मील के पत्थर के साथ जब तक यह पूरा नहीं हो जाता, तब तक यह पूरा नहीं होता है।

स्टोक्स ने 2013 में पदार्पण किया था और खेल के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक बन गए हैं। अनुभव के साथ स्टोक्स अपने कार्यभार को प्रबंधित करने और अपने करियर के विभिन्न चरणों में तीनों प्रारूपों में से प्रत्येक को प्राथमिकता देने में भी कामयाब रहे हैं। इस ऑलराउंडर को इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के रूप में अविश्वसनीय सफलता मिली है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ उनकी साझेदारी चर्चा का विषय रही है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने 20 में से 14 टेस्ट जीते हैं।

# इमरान ताहिर के 500 टी20 विकेट पूरे, रोनाल्डो स्टाइल में मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज स्पिनर इमरान ताहिर ने ड्वेन ब्रावो, राशिद खान और सुनील नरेन की एक यूनीक लिस्ट में जगह बना ली है। 44 साल के इमरान ताहिर ने टी20 फॉर्मेट में 500 विकेट पूरे कर लिए हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान इस रिकॉर्ड तक केवल 24 साल की उम्र में ही पहुंच गए थे। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अभी भी लोकप्रिय ताहिर अभी बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खुलना टाइगर्स की ओर से खेल रहे हैं। मंगलवार को रंगपुर राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान उन्होंने यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। ??लेग्गी ने अपने तीसरे ओवर में महेदी हसन का विकेट लेकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने पारी में कुल 5 विकेट लिए।

टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी
डीजे ब्रावो -मैच 537, विकेट 624
राशिद खान -मैच 407, विकेट 556
सुनील नारायण -मैच 483, विकेट 532
इमरान ताहिर -मैच 387, विकेट 502
शाकिब अल हसन -मैच 415, विकेट 476



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, ट्रेंट बोल्ट की हुई वापसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की टीम में वापसी हुई है। बोल्ट की वापसी से कीवी टीम को काफी मजबूती मिलेगी। 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच वनडे विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेला था। टीम में उनका शामिल होना 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में कीवी टीम की हार के बाद उनकी पहली टी20आई उपस्थिति भी होगी।

दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन को पितृत्व अवकाश के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया। इस बीच डेरिल मिशेल को भी हटा दिया गया क्योंकि वह लंबे समय से पैर की चोट के लिए पुनर्वास पर हैं। वरिष्ठ खिलाड़ी की जगह भरने के लिए जोश क्लार्कसन को टीम में शामिल किया गया। क्लार्कसन के ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अपना टी20आई डेब्यू करने की भी संभावना है।

क्लार्कसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए 20 ओवरों की टीम में शामिल किया जाना एक ÷बहुत विशेष एहसास÷ था। उन्होंने कहा, यह वास्तव में बहुत क्रैजी भरा रहा है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए बुलाया जाना और फिर अब



ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बुलाया जाना बहुत ही क्रैजी भरा एहसास है। बड़े होकर, ऑस्ट्रेलियाई आम तौर पर शिखर पर होते हैं और जिस तरह से वे अपने खेल के बारे में जाते हैं वह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपने खेल में अनुकरण करने की कोशिश करता हूं। लेकिन हां, मेरे और मेरे परिवार के लिए भी बहुत खास एहसास है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज 21 फरवरी को वेलिंग्टन में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच 23 और 25 फरवरी को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।

# अगर मुझे भारतीय कैप मिलती है तो... ध्रुव जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ संभावित टेस्ट डेब्यू पर की बात

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किए जाने के कुछ दिनों बाद अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने बुधवार को कहा कि अगर वह राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण करते हैं तो इसे अपने पिता को समर्पित करना चाहेंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर साझा किए गए एक हालिया वीडियो में जुरेल ने कहा, अगर मुझे भारतीय कैप मिलती है तो मैं इस पल को अपने पिता को समर्पित करना चाहूंगा। क्योंकि वह मेरे हीरो हैं। जब भी मुझे कुछ समझ नहीं आता तो मैं बस उनसे बात करता हूं और वह हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

इससे पहले शनिवार को बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शेष तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम की घोषणा की, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शेष मैचों में भी नहीं खेल पाएंगे। ज्यूरेल को टीम में शामिल किया गया है और उन्हें पहली बार इंडिया कैप मिलने की संभावना है।

भले ही 23 वर्षीय बल्लेबाज ने अभी तक पदार्पण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने प्रतिष्ठित टी20 टूर्नामेंट



इंडियन प्रीमियर लीग में एक गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन किया है, जहां उन्होंने 13 मैचों में भाग लिया और 172.73 के स्ट्राइक रेट के साथ 21.71 के औसत से 152 रन बनाए।

तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट 23 फरवरी को रांची में शुरू होगा। सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। पहले हैदराबाद टेस्ट में 28 रन से हार के बाद भारत ने विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से जीता।

### तीसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप, देवदत्त पडिक्कल।

# राज्यसभा पर कलह, स्वामी का इस्तीफा, पल्लवी की बगावत, चुनाव से पहले नई चुनौतियों से घिरे अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी।** चुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कई नई चुनौतियों से घिर गए हैं। अभी-अभी जयंत ने उनसे हाथ छुड़ाकर एनडीए गठबंधन का दामन थामा था और अब राज्यसभा पर सपा में कलह छिड़ गई है। टिकट न मिलने से नाराज स्वामी प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है तो अपना दल (कमेरावादी) की नेता सपा विधायक पल्लवी पटेल ने भी पीडीए की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। पल्लवी ने तो राज्यसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार को वोट न देने का ऐलान भी कर दिया है। दोनों नेताओं के तेवरों को देखते हुए आशंका जताई जाने लगी है कि कहीं राज्यसभा चुनाव का समीकरण न बदल जाए। इसने अखिलेश यादव की चिंता बढ़ा दी है।

राज्यसभा के लिए समाजवादी पार्टी के तीन उम्मीदवारों यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, चार बार की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन और पूर्व सांसद और दलित नेता रामजी लाल सुमन ने विधान भवन के सेंट्रल हाल में मंगलवार को नामांकन किया। उम्मीदवारों का ऐलान होते ही सपा के अंदर का झगड़ा खुलकर सामने आ गया है। पार्टी के अंदर तनातनी की खबरें पहले भी आती थीं लेकिन राज्यसभा टिकटों पर कलह सबके सामने आ गई। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के



जिस फॉर्मूले के दम पर अखिलेश लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हराने का दम भर रहे हैं उसी के आधार पर उनके खिलाफ मोर्चा खुल गया है। मोर्चा खोलने वालों में सबसे आगे रहे स्वामी प्रसाद मौर्य। जिन्होंने अखिलेश यादव को बाकायदा चिट्ठी लिखकर न सिर्फ अपनी नाराजगी जाहिर की बल्कि यह चिट्ठी मीडिया को भी दे दी। उन्होंने अपनी नाराजगी सार्वजनिक कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

पिछला विधानसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने उन्हें विधान परिषद में भेजा था लेकिन अब जब राज्यसभा की खाली सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और समाजवादी पार्टी के पास कम से कम दो उम्मीदवारों को जिताने की ताकत दिख रही है तो स्वामी प्रसाद मौर्य चाहते थे कि अखिलेश यादव उन्हें राज्यसभा भेज दें। पिछले काफी समय से वह अपनी इमेज सामाजिक न्याय का मसीहा की तरह बनाने की कोशिशों में जुटे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी बदायूं से बीजेपी की सांसद हैं लेकिन इस बार बीजेपी उन्हें टिकट देगी, इस पर कम ही लोगों को यकीन है। जबकि समाजवादी पार्टी ने बदायूं सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। जाहिर है, राज्यसभा चुनाव के लिए सपा उम्मीदवारों के नाम का ऐलान होने के बाद उन्हें अपनी अनदेखी का अहसास हुआ होगा। नाराजगी में पीडीए फॉमूले को आधार बनाकर उन्होंने अखिलेश पर हमला बोल दिया।

स्वामी प्रसाद मौर्य के इस कदम को फिलहाल पीडीए की रणनीति पर काम कर रही सपा पर दबाव बनाने के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही इस बात की चर्चा भी है कि वह एक बार फिर किसी अन्य सियासी दल में स्थान तलाश सकते हैं। वैसे उनकी नाराजगी कुछ और वजहें भी हो सकती हैं। मसलन पार्टी के कुछ नेताओं के विरोधी बयान। हाल में सपा नेता मनोज पांडेय ने कहा था कि स्वामी प्रसाद मौर्य अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। प्रो. रामगोपाल ने भी इस सवाल पर उनका बचाव नहीं किया। मौर्य ने इसके ठीक एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा मुखिया को भेजे इस्तीफे में लिखा है कि हैरानी तो तब हुई जब वरिष्ठतम नेता ने चुप रहने के बजाय मेरे बयान को निजी बताकर कार्यकर्ताओं के हौसले को तोड़ने की कोशिश की।

सिराथु से सपा विधायक और अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात करती है। पीडीए का मतलब हुआ पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक। राज्यसभा में प्रतिनिधित्व देने के लिए घोषित प्रत्याशियों में सपा ने इस पीडीए का ध्यान नहीं रखा। यह धोखा है। कहा जा रहा है कि सपा में राज्यसभा चुनाव को लेकर शुरू हुआ घमासान यहीं खत्म होने की संभावना कम है। अखिलेश यादव के लिए आगे भी मुश्किलें आ सकती हैं।

## केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी का हो रहा है विरोध?

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में राजस्थान के लिए हैट्रिक लगाने सा संपना संजोए बीजेपी को गुटबाजी भारी पड़ सकती है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी का अपने संसदीय क्षेत्र में भारी विरोध हो रहा है। शेखावत के खिलाफ तो जोधपुर में पोस्टर भी लग चुके है। जबकि कैलाश चौधरी का विरोधी खेमा परदे के पीछे खेल खेल रहा है। माना जा रहा है कि कैलाश चौधरी का टिकट कट सकता है। जबकि शेखावत भी किनारे पर खड़े है। हालांकि, सियासी जानकारों का कहना है कि शेखावत को आरएसएस का समर्थन प्राप्त है। इसलिए अभयदान मिल सकता है,लेकिन जोधपुर में शेखावत के खिलाफ लगे पोस्टरों से बीजेपी आलाकमान चिंतित हो सकता है।

**मोदी कैबिनेट में 3 मंत्री:** राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दोनों ही नेताओं की कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इसलिए नए प्रत्याशी की मांग ने जोर पकड़ लिया है। मोदी कैबिनेट में राजस्थान से तीन मंत्री है। तीनों ही मंत्रियों को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि राममंदिर और राष्ट्रवाद ही बचा सकता है। जमीनी स्तर पर लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल का टिकट फिलहाल खतरे से बाहर है। क्योंकि उनके मुकाबले बीकानेर में बीजेपी के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं है। उल्लेखनीय है कि2018 में कैलाश चौधरी विधानसभा चुनाव हार गए थे। बाड़मेर की बायतु से हरीश चौधरी ने तीसरे नंबर पर खिसका दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव आ गए। बाड़मेर-जैसलमेर से टिकट दिया और जीत गए। केंद्र में मंत्री भी बन गए। लेकिन कार्यकर्ताओं की अनदेखी के आरोप उन पर लगते रहे है। बीजेपी को अपने अंदरूनी सर्वे में कैलाश चौधरी की फीडबैक नकारात्मक मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अब मुझे पार्टी जॉइन कराना चाहेगी: महुआ मोइत्रा

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के भाजपा में आने पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा जिस तरह से नेताओं को जॉइन करा रही है, जिन्हें कभी भ्रष्ट कहती थी। उस तरह से एक दिन वह चाहेगी कि मैं भी उनकी पार्टी का हिस्सा बन जाऊं। यह इनका गिरता हुआ स्तर है। महुआ मोइत्रा को बीते साल कैश के बदले संसद में सवाल पूछे जाने के आरोपों पर सांसदी गंवानी पड़ी थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने एक कारोबारी से पैसों के एवज में संसद में गौतम अडानी से जुड़े सवाल पूछे थे। यही नहीं संसद की अपनी लॉगिन आईडी भी उन्होंने उस कारोबारी के स्टाफ से शेयर की थी और उसी के यहां से सवाल अपलोड किए गए थे। महुआ मोइत्रा ने कहा, मुझे लगता है कि जब रामलला की कृपा से 2024 के चुनाव में 400 सीटें आ ही रही हैं तो फिर भाजपा हर नेता को अपने ही पाले में लाने के लिए इतनी बेचैन क्यों है। उन्हें भी वह ला रही है, जिनको किसी दौर में उसने करप्ट घोषित किया था। इसी तरह चलता रहा तो वह जल्दी ही मुझे भी अपनी पार्टी में लेना चाहेंगे। बता दें कि महुआ मोइत्रा को भले ही सांसदी गंवानी पड़ी है, लेकिन टीएमसी की मुखिया ममता बनर्जी का उन पर भरोसा कम नहीं हुआ है। उन्होंने महुआ की ही तरफदारी करते हुए कहा था कि महुआ को निलंबित करने से उन्हें ही फायदा होगा। ममता बनर्जी के रवैये से माना जा रहा है कि महुआ मोइत्रा एक बार फिर से कृष्णानगर लोकसभा सीट से मैदान में उतरेंगी, जहां से वह सांसद थीं। बता दें कि जिन अशोक चव्हाण को लेकर महुआ मोइत्रा ने तंज कसा है, उन्हें आदर्श हाउसिंग घोटाले के चलते सीएम पद छोड़ना पड़ा था। अशोक चव्हाण को राज्यसभा भी भेजा जा रहा है और वह आज या फिर कल ही महाराष्ट्र में नामांकन भी दाखिल कर सकते हैं। भाजपा लीडरशिप का मानना है कि चव्हाण की एंट्री से उसे मराठवाड़ा में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### असम कांग्रेस को झटका: कार्यकारी अध्यक्ष पुरकायस्थ भाजपा में शामिल होंगे

**गुवाहाटी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले असम में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और तीन बार के विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने भाजपा का हाथ थामने का फैसला किया है। पुरकायस्थ ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई से की थी। बाद में वह युवा कांग्रेस में शामिल हो गए और अंततः 2011 में करीमगंज जिले से विधायक बन गए। वर्ष 2016 में राज्य में भगवा तूफान के बीच, पुरकायस्थ दूसरी बार अपनी उत्तरी करीमगंज विधानसभा सीट जीतने में सफल रहे। उन्होंने 2021 में फिर से वही सीट जीती और असम में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बने। पुरकायस्थ एक मुखर नेता हैं और उन्हें अक्सर कई मुद्दों पर भाजपा और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर जमकर हमला करते देखा गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री के साथ कई बैठकों के बाद, पुरकायस्थ को भाजपा में शामिल होने की पेशकश की गई। कांग्रेस विधायक ने आईएएनएस से कहा, हां, मुझे मुख्यमंत्री से प्रस्ताव मिला है और मैंने उनका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं है कि पुरकायस्थ औपचारिक रूप से भाजपा खेमे में शामिल होंगे या विधानसभा के अंदर और बाहर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करेंगे।सूत्रों के मुताबिक, सरमा ने पुरकायस्थ को सलाह दी है कि वह कांग्रेस से इस्तीफा दिए बिना भाजपा को समर्थन देने का ऐलान करें, ताकि फिलहाल उन्हें विधायक पद न गंवाना पड़े। एक अन्य विधायक शशिकांत दास, जो कांग्रेस के टिकट पर राहा निर्वाचन क्षेत्र से जीते थे, ने पहले इसी तरह भाजपा का समर्थन किया था। कांग्रेस ने दास को पार्टी से निलंबित कर दिया, हालांकि उन्होंने बिना किसी उपचुनाव के विधायक के रूप में कार्य करना जारी रखा। दक्षिणी असम के बराक घाटी क्षेत्र में पुरकायस्थ कांग्रेस का सबसे प्रमुख चेहरा थे। उनके जाने के बाद सबसे पुरानी पार्टी को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उस क्षेत्र में बड़ा झटका लगा है।

## सॉरी बोल चोर ने लौटाए मेडल, फिल्म डायरेक्टर के घर लगाई थी सेंध

**मदुरई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मदुरई में चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। चोर ने पहले तो चोरी की, लेकिन बाद में माफीनामा नोट लिखकर चोरी का सामना वहीं छोड़ दिया। चोर ने माफीनामे में लिखा, सर, हमें माफ कर दीजिए। आपकी मेहनत आपकी है। चोरों ने इस नोट के साथ दो चमकदार राष्ट्रीय पुरस्कार पदक भी वहीं पर छोड़ दिया। यह चोरी बीते आठ फरवरी को उसिलामपट्टी में पुरस्कार विजेता तमिल फिल्म निर्देशक एम मणिकंदन के घर हुई थी। इस दौरान चोरों ने एक लाख रुपये, पांच सोने के सिक्के और उनके दो राष्ट्रीय पुरस्कार पदक चुरा लिए।



मणिकंदन की पहली फिल्म काका मुत्तई ने 2015 में 62वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का पुरस्कार जीता था। उनकी फिल्म कदैसी विवासयी ने 2023 में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म का पुरस्कार जीता था। वह अब रहते हैं चेन्नई में, लेकिन उसिलामपट्टी में उनका एक घर है। इस घर की देखरेख कर्मचारी करते हैं, यहां उनका एक पालतू कुत्ता भी रहता।

चोरी के बाद उसिलामपट्टी टाउन पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद चोर उसिलामपट्टी में डायरेक्टर के घर लौट आए और सोमवार की रात को घर के सामने एक प्लास्टिक बैग फेंक दिया। कर्मचारियों को दो पदक और तमिल में माफीनामा मिला।

## स्टरलाइट कॉपर यूनिट बंद करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, वेदांता समूह ने दायर की है याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्टरलाइट कॉपर यूनिट को बंद करने के खिलाफ वेदांता समूह की याचिका पर बुधवार को सुनवाई शुरू करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले में अपनी-अपनी दलीलों के संक्षिप्त नोट्स प्रसारित करने को कहा। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान वेदांता समूह कंपनी की ओर से दलीलें शुरू करेंगे। कंपनी के अलावा गैर सरकारी संगठन मनु नीति फाउंडेशन ने भी वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह के माध्यम से मामले में तत्काल सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया है और कहा



कि स्टरलाइट कॉपर यूनिट के श्रमिकों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने कहा था कि उसने रजिस्ट्रार को वेदांता समूह की याचिका पर सुनवाई के लिए दो समर्पित तारीखें आवंटित करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने गत मई में तमिलनाडु सरकार से अपने 10 अप्रैल के निर्देश के अनुसरण में उचित निर्णय लेने को कहा था। इसके तहत उसने वेदांता समूह को तूतीकोरिन में अपनी स्टरलाइट कॉपर यूनिट का रखरखाव एक स्थानीय स्तरीय निगरानी समिति की देखरेख में करने की अनुमति दी थी।

## सिंधू की जीत के साथ वापसी, भारत ने चीन को 3-2 से हराया

शाह आलम (मलेशिया)। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जीत सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

## यूईएफए चैंपियंस लीग : रियल मैड्रिड ने मजबूत लीपज़िग को 1-0 से हराया

बर्लिन। ब्राहिम डियाज के एकमात्र गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने मंगलवार को यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम 16 मुकाबले के पहले चरण में मजबूत आरबी लीपज़िग पर 1-0 से जीत हासिल की। लीपज़िग ने घरेलू धरती पर शानदार शुरूआत की और उन्होंने केवल दो मिनट के खेल में ही गोल करने में सफलता हासिल की, लेकिन बेंजामिन सेस्को के गोल को ऑफसाइड करार दिया गया।लीपज़िग ने आक्रामक रुख जारी रखा और 10वें मिनट में गोल करने के करीब आ गए, लेकिन सफलता नहीं मिली, क्योंकि सेस्को के शॉट का रियल मैड्रिड के गोलकीपर एंड्री लुनिन ने बेहतरीन बचाव किया।

## तेलगू टाइटन्स को हरा कर पटना पाइरेट्स सातवीं बार पीकेएल के प्लेआफ में

हैदराबाद। तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग 2023-24 में मंगलवार को अंतिम रेड तक चले मुकाबले में तेलुगु टाइटन्स को दो अंक से हराकर 10वें सीजन के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गई है। पटना ने टाइटन्स को 38-36 से हराया। नेताजी इंडोर स्टेडियम में शुरूआती 10 मिनट में 8-16 से पिछड़ रही पटना की टीम सातवीं बार प्लेऑफ में पहुंची है। उनकी ओर से हालांकि कई खिलाड़ियों ने अहम योगदान दिया। मंजीत ने 8, संदीप ने 7, सचिन ने 5 और कृषण दुल ने पांच अंक हासिल किए और पवन सहरावत (16 अंक) के चमकदार प्रदर्शन को फीका किया। टाइटन्स के लिए अंकित ने हाई-5 लगाया। टाइटन्स ने साढ़े चार मिनट में ही पटना को पहली बार ऑलआउट कर 10-3 की लीड ले ली। इसमें पवन सेहरावत के सात अंक शामिल थे। ऑलइन के बाद भी पवन नहीं रुके छठी रेड में आठवें अंक के साथ टाइटन्स को 12-3 से आगे कर दिया। इसी बीच प्रफुल्ल जावरे ने दो अंक की रेड के साथ पटना को दूसरी बार सुपर टैकल की स्थिति में डाला। लेकिन सचिन और मयूर ने उसे इस स्थिति से निकाल लिया। पवन नौवें मिनट में पहली बार आउट हुए। पटना ने ऑलआउट टलने के बाद कुछ अंक निकाले लेकिन 10 मिनट की समाप्ति तक वे 16-8 से पीछे थे। टाइटन्स के डिफेंस ने डू ऑर डाई रेड पर सुधाकर को लपक पवन को रिवाइव करा लिया। लेकिन वह डू ऑर डाई रेड पर डैश हो गए। पिछले पांच मिनट में दो के मुकाबले पांच अंक लेकर पटना ने वापसी की राह पकड़ी।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129